* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 101

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सुखोई और मिराज क्रैश, एक पायलट की मौत, ग्वालियर से उड़े, मुरैना में टकराये, मिराज वहीं और सुखोई 90 किमी दूर भरतपुर में गिरा
























# व्यवसायी विष्णु अग्रवाल और दो अधिकारियों से इडी ने की पूछताछ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने भारतीय सेना की जमीन बेचने के मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की है। इडी ने विष्णु अग्रवाल के अलावा, दो वरिष्ठ राजस्व अधिकारियों से भी पूछताछ की है। रांची में भारतीय सेना के स्वामित्व वाली या उसके नियंत्रण वाली भूमि के बड़े टुकड़ों की बिक्री और खरीद के संबंध में ये पूछताछ हुई है। रांची भारतीय सेना के महत्वपूर्ण ठिकानों में से एक है और पिछले कुछ वर्षों में जमीन के एक बड़े हिस्से पर कथित रूप से कब्जा कर उसे धोखे से बेच दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इडी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की गयी और उनसे मुख्य रूप से पूछा गया कि उन्होंने सिरमटोली चौक स्थित प्रमुख भूमि का एक हिस्सा कैसे खरीदा।

**भारतीय सेना के स्वामित्व वाली या उसके नियंत्रण वाली भूमि के बड़े टुकड़ों की बिक्री और खरीद के संबंध में पूछताछ हुई**

## इडी ने प्रमुख राजस्व अधिकारियों से भी पूछताछ की

इडी ने प्रमुख राजस्व अधिकारियों से भी पूछताछ की। जिन्होंने उक्त भूमि की बिक्री और खरीद को सत्यापित और निष्पादित किया था। फरवरी 2018 में विष्णु अग्रवाल ने महुआ मित्रा और संजय कुमार घोष से 3.75 एकड़ जमीन खरीदी थी और इसके बदले 24.37 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। यह जमीन सिरमटोली चौक स्थित एक प्रमुख भूमि है और यह भूमि भारतीय सेना के कब्जे में है। बाद में विष्णु अग्रवाल ने जमीन की रजिस्ट्री के आधार पर जमीन के मालिकाना हक का दावा किया। विष्णु अग्रवाल मूल रूप से पश्चिम बंगाल के झालदा के मूल निवासी हैं। जिन्होंने पिछले डेढ़ दशक में झारखंड में कारोबार में अभूतपूर्व वृद्धि की है। वह रांची महिला कॉलेज के पास सर्कुलर रोड पर स्थित रांची में एक बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स न्यूक्लियस मॉल के मालिक हैं।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. शैफ
कलस्टर मैनेजर झारक्राफ्ट, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इस्तेला नगेसिया
जिप सदस्य महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
घनश्याम चौबे
बीईओ, महुआडांड, लातेहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. नुरूल हसन अंसारी
समाजसेवी सह वरीय कांग्रेस नेता, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. एके. शाह
सूर्या हॉस्पीटल एंड ट्रेनिंग सेंटर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित कुमार
भाजयुमो जिला कार्यकारी सदस्य

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक कुमार
भाजयुमो जिला मिडिया प्रभारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुखिया संघ
महुआडांड लातेहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहारा इंडिया परिसर
महुआडांड लातेहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
परवेज आलम
जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा लातेहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपेन्द्र नाथ शाह
प्रखंड भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरदीप कुमार साहु
निवेदक, आस्था नर्सिंग होम, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. असगर हुसैन
हड्डी रोग विशेषज्ञ, गेटवेल हॉस्पीटल, ब्लॉक रोड, डीपाटोली, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कंचन कुजूर
प्रखंड प्रमुख, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. असीम जफर
समाजसेवी महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आमीर सुहैल
युवा कांग्रेस नेता महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. एम. के जोस
प्राचार्य, संत जेवियर कॉलेज महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभय मिंज
20सूत्री अध्यक्ष सह पंखड उपप्रमुख, प्रखंड महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भानु प्रसाद
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा लातेहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभु प्रसाद
भाजपा मंडल अध्यक्ष, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिहारी लाल जायसवाल
समाजसेवी, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भुवनेश्वर सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता महुआडांड लातेहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज जायसवाल
अध्यक्ष, हिन्दू महासभा महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय जायसवाल
महामंत्री, हिन्दू महासभा महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंकुश जायसवाल
सीएमडी मां उत्कर्षिनी कंस्ट्रक्शन एंड माइंस प्रा लि

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. इफ्तेखारअहमद
कांग्रेस नेता, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रौशन बक्सी
प्रशासनिक पदाधिकारी, आवासीय विद्यालय नेतरहाट

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ संतोष कुमार सिंह
प्राचार्य, आवासीय विद्यालय नेतरहाट

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बंधन भगत
थाना प्रभारी, नेतरहाट

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीत निखिल सुरीन
अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुजूर
एसडीपीओ, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेन डांग
बीडीओ, महुआडांड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशुतोष यादव
थाना प्रभारी, महुआडांड

www.epaper.azadsipahi.in

29 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 101

नेपाल की शालिग्राम शिला से बनेगी राम-सीता की मूर्ति, नदी से निकाल कर अयोध्या लायी जा रहीं 40 टन वजनी दो शिलाएं।



### धनबाद के हाजरा अस्पताल में लगी भीषण आग

## डॉक्टर हाजरा दंपति सहित पांच की मौत, एक गंभीर

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के पुराना बाजार एक्सचेंज रोड स्थित डॉ सीसी हाजरा अस्पताल में शुक्रवार की देर रात आग लगने से डॉ विकास हाजरा और उनकी पत्नी डॉ प्रेमा हाजरा सहित पांच लोगों की मौत दम घुटने से हो गयी। एक व्यक्ति गंभीर है। वहीं इस घटना में डॉ विकास का कुत्ता भी मर गया।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि देर रात करीब दो बजे फर्स्ट फ्लोर सीढ़ी के समीप कैमिकल, जरूरी कागजात रखे स्टोर रूम में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और इसकी लपटें सेकंड फ्लोर स्थित डॉ विकास के बेडरूम तक पहुंच गयी। घर के अंदर सभी लोग गहरी नींद में थे। अस्पताल कर्मियों ने करीब ढाई बजे बैंकमोड़ थाना एवं अग्निशमन दल को सूचना दी। सूचना पाकर बैंकमोड़ थाना की पुलिस एवं अग्निशमन टीम अस्पताल पहुंची। सभी को दरवाजा तोड़ कर निकाला और इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) भेजा गया।



डॉक्टर दंपत्ति विकास हाजरा और प्रेमा हाजरा, जिनकी मौत हो गयी।

### सीएम समेत अन्य ने जताया शोक

**रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सीएम रघुवर दास, भाजपा विधायक दल नेता, बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो समेत अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।**

### रेस्क्यू के बाद डॉ दंपति की चल रही थी सांस

दमकल की टीम अस्पताल से सटे रेसिडेंशियल एरिया, जिसमें डॉ विकास एवं उनका परिवार रहता था, वहां आग बुझाने में जुट गयी। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह फयर ब्रिगेड के टीम के सदस्य डॉ विकास के घर के अंदर पहुंचे। जब उन्हें एवं उनकी पत्नी को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया, उस वक्त तक दोनों की सांस चल रही थीं। उन्हें वहां एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। इस दौरान रास्ते में ही दोनों की मौत हो गयी। वहीं इस घटना में डॉ विकास की भांजे, सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर गांव से आये दो लोग, और खाना बनाने वाली महिला और अन्य दो कर्मी की मौत हुई है।

### नाकायमाब रही जान बचाने की कोशिश

मिली जानकारी के अनुसार जब फायर ब्रिगेड की टीम रेस्क्यू करने के लिए डॉ विकास तक पहुंची, तो वे बाथरूम के टब में गिरे हुए थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि सम्भवतः वे आग से बचने या फिर जहरीली गैस से बचने की कोशिश में बाथरूम टब में खुद को डुबो लिया होगा, लेकिन आग लगने से कमरे में इतनी अधिक गैस फैल गयी थी कि उनका दम घुट गया था। किसी तरह उन्हें बाहर निकाला गया। फिर दूसरे कमरे में जाकर देखा, तो डॉ प्रेमा हाजरा आग से बचाव के लिए कंबल में लिपटी हुई थीं।

(संबंधित खबर पेज-17 पर)

### मुख्यमंत्री ने नेफ्रो क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस का किया उद्घाटन

## झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता : हेमंत

राज्य में जल्द ही एयर एंबुलेंस की सुविधा शुरू होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। राज्य में जल्द एयर एंबुलेंस की सुविधा बहाल की जायेगी। यह सुविधा आमजनों को बिल्कुल सरकारी दर पर उपलब्ध करायी जाएगी। बेहतर इलाज के लिए मरीजों को देश के किसी भी कोने में स्थापित अस्पताल में जाना हो, तो वे एयर एंबुलेंस की सुविधा ले सकते हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को उक्त बातें मुख्यमंत्री रांची स्थित जिमखाना क्लब में आयोजित पहले नेफ्रो क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस -2023 के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेडिकल सर्किटों को एक-दूसरे से जोड़ने करने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जरूरतमंद मरीजों को जेनेरिक मेडिसिन उपलब्ध कराया जा सके इस निमित्त कार्य योजना बनायी जा रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कई चीजें ऐसी है जिनको जमीनी स्तर पर तैयार करने की आवश्यकता है। राज्य के सभी जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी में कार्य करे यह हमारी प्राथमिकता है।





हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अभी और बहुत कार्य करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य योजना तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत दिनों मैं गढ़वा जिला स्थित बूढ़ा पहाड़ गया था। एक समय ऐसा था जब बूढ़ा पहाड़ नक्सलियों के कब्जे में था। बूढ़ा पहाड़ के नजदीक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इस पहाड़ में आने-जाने पर मनाही थी। वहां के लोगों को अब तक यह भी पता नहीं कि राज्य में रांची जैसा एक शहर भी है। इस बात से यह समझा जा सकता है कि वहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं की क्या दशा रही होगी। हमारी सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर चिंतन करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कई हिस्सों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अजीम प्रेमजी भी बहुत जल्द हमारे साथ जुड़ने वाले हैं। राज्य सरकार अजीम प्रेमजी को 300 एकड़ जमीन उपलब्ध करायी है। जहां स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज भी स्थापित की जाएगी। अजीम प्रेमजी की संस्था राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा देने वाली अपोलो सहित कई ऐसे संस्थान हैं, जिनकी सेवा झारखंड में लेने निमित्त राज्य सरकार कार्य योजना बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जल्द निजी अस्पतालों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को और ज्यादा मजबूत करने पर बल देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के समय देश के संभ्रांत राज्यों की स्थिति जब बदतर थी तभी हमारे राज्य झारखंड ने एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण पेश किया। कोरोना संक्रमण काल में आप सभी डॉक्टर्स की भूमिका महत्वपूर्ण रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नेफ्रो क्रिटिकल केयर कांफ्रेंस कार्यक्रम स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। नेफ्रो क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञ डॉक्टरों के जो भी सुझाव राज्य सरकार को मिलेंगे उन सुझावों पर राज्य सरकार अवश्य विचार करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी डॉक्टर एवं आयोजनकर्ताओं को अपनी ओर से शुभकामनाएं और बधाई दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा बेहतर कार्य करने वाले कई विशेषज्ञ डॉक्टरों को द्रोणाचार्य सम्मान तथा प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार, डॉ घनश्याम सिंह, डॉ अशोक कुमार बैद्य उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ और पुलिस जवानों में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

अजय चौरसिया

**चतरा (आजाद सिपाही)।** नक्सल विरोधी अभियान पर निकली सीआरपीएफ कोबरा बटालियन और जिला बल के जवानों की भाकपा माओवादी नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दोनों ओर से सैकड़ों राउंड गोली चली। इस घटना में एक नक्सली ढेर हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि चतरा-पलामू बॉर्डर पर कुंदा थाना क्षेत्र के कारिमांडर गांव



से सटे जंगल में मुठभेड़ हुई है। खुद पर सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख जंगल का लाभ उठा कर नक्सली भाग निकले। जंगल की घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस और सीआरपीएफ कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। 15 लाख के इनामी नक्सली मनोहर गंझू दस्ते के साथ मुठभेड़ की सूचना है। दो दिन पूर्व भी इसी दस्ते के साथ चतरा पुलिस और पारा मिलिट्री फोर्स के जवानों की नक्सलियों के साथ मदगड़ा जंगल में मुठभेड़ हुई थी।



















# सभी जिलों में स्थापित होगा गो मुक्तिधाम : कृषि मंत्री

## पशु मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आनलाइन उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य के कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने शनिवार को पशु मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आनलाइन उद्घाटन किया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, पशुपालकों के लिए संवेदनशील है। गो पालन के बाद उसकी मृत्यु हो जाने पर अब गो मुक्तिधाम का लाभ लिया जा सकेगा। गाय के प्रति जो आस्था है, उसका मान रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल पांचों प्रमंडल में एक-एक गौ मुक्तिधाम खोले गये हैं। आने वाले वित्तीय वर्ष में सभी जिलों में इसे स्थापित किया जायेगा। बादल ने कहा कि सभी प्रमंडलों में भी पशु एंबुलेंस का लाभ दिये जाने की तैयारी है। अभी 42 हजार दुग्ध उत्पादक विभाग से जुड़े हैं। आने वाले दिनों में एक लाख दुग्ध उत्पादकों को जोड़े जाने का लक्ष्य है। मौके पर 51 कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं और 30 पशुपालकों को प्रशस्ति पत्र भी दिये गये। विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीक ने पशुपालकों से अपील करते कहा कि हर हाल में अपने मवेशियों की सेहत, टीकाकरण का ध्यान रखें।

बीमारी से पहले ही समय समय पर टीकाकरण कराने से लाभ होगा। ऐसा नहीं करने पर फिर से गरीबी में जाने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में अभी और बेहतर प्रदर्शन की जरूरत है। सहकारिता विभाग के मृत्युंजय वर्णवाल ने कहा कि किसान और पशुपालक अलग-अलग नहीं हैं। लैंप्स और पैक्स हर पंचायत में है। 14.50 लाख किसान अभी इससे रजिस्टर्ड हैं। सीएम फसल राहत योजना के लिए भी 30 लाख किसान पंजीबद्ध हो चुके हैं। विभाग की जो भी स्कीम है, छोटेछोटे एसएमएस बनाकर किसानों को दिया जाना चाहिए। विभागीय वेबसाइट से अब विभागीय योजनाओं की जानकारी और उसका लाभ लेने के तरीकों को जान सकेंगे। 100 मॉडल अस्पतालों का लाभ पशुपालकों को मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालन निदेशक शशि प्रकाश झा, विशेष सचिव प्रदीप हजारे, मत्स्य निदेशक एचएन द्विवेदी, कोआपरेटिव बैंक के सीइओ मनोज कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।

---

## कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी, बुण्डू (राँची)

ज्ञापांक– दिनांक–

**सूचना**

अनुमण्डल कार्यालय परिसर में स्थित कैंटीन के रख – रखाव एवं कुशल संचालन हेतु ALF/SHG/सखी मण्डल का चयन किया जाना है। इच्छुक ALF/SHG/सखी मण्डल जो नगर पंचायत बुण्डू / बुण्डू प्रखण्ड मे है वह दिनांक –08.02.2023 3:00 बजे अपराह्न तक अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू में निर्धारित RFP में दिए गए Proposal Application Form (Annexure A) के अनुसार आवेदन आवश्यक कागजातों के साथ जमा कर सकते है। उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में प्राप्त प्रस्ताव अनुमण्डल कार्यालय में खोला जायेगा। अधिक जानकारी हेतु अनुमण्डल कार्यालय, बुण्डू से संपर्क किया जा सकता हैं।

अनुमण्डल पदाधिकारी
बुण्डू

PR 288606 Urban Development(22-23)D

---

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (भू-अर्जन शाखा)

**नोटिस**

**मुकदमा संख्या–29/2018–2019**

**श्री विनोद उरॉव वगैरह –बनाम– नीरज उरॉव, वगैरह**

एतदर्थ वादी श्री विनोद उरॉव, पिता– स्व0 रवि उरॉव एवं मंगरा उरॉव, पिता– स्व0 गुहा उरॉव, ग्राम–पुगू, करम डीपा, थाना–गुमला, जिला–गुमला को संसूचित किया जाता है कि प्रश्नगत मुकदमा संख्या–29/2018–2019 (पुगू) के पंचाट–7 खाता–92, प्लॉट–1514 में दिनांक– 31.01.2023, (12:30PM) को सुनवाई हेतु अंतिम तिथि निर्धारित की गई, जिसमें आप अपने दावे के समर्थन में वैद्य कागजातो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

विदित हो कि इससे पूर्व अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होने के लिए आपको निबंधित डाक के माध्यम से इस कार्यालय के ज्ञापांक–610/भू0अ0, दिनांक–17.11.2022 एवं ज्ञापांक–669/भू0अ0, दिनांक–09.12.2022 के द्वारा उभय पक्षो को नोटिस निर्गत किया गया था, परन्तु आप अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में एक बार भी उपस्थित नहीं हुए, इस कारण वाद में अग्रेत्तर कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

अतएव, आप सभी को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए संसूचित किया जाता है कि वाद सुनवाई की **अगली निर्धारित तिथि– 31.01.2023, (12:30PM)** को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित पाये जाने पर वाद का निस्तारण अभिलेख में संधारित कागजातों के आधार पर कर दिया जाएगा।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गुमला।

PR.NO.288592 Land Reforms(22-23):D

---

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट पर चंदवा फाइटर का कब्जा

# फाइनल मुकाबले में कमांडो क्लब को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** स्थानीय हाइस्कूल खेल स्टेडियम में युवा भारत चंदवा के तत्वावधान में आयोजित जस्टिस एलपीएन शाहदेव स्मृति टी-10 कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन शनिवार को हो गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चंदवा फाइटर बनाम कमांडो क्लब के बीच खेला गया। चंदवा फाइटर की टीम ने एकतरफा मुकाबले में कमांड क्लब को रौंदकर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

इसके पूर्व टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंदवा फाइटर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 107 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से राहुल ने महज 16 गेंदों में 40 रनों की धमाकेदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कमांडो क्लब की टीम 10 ओवरों में महज 57 रन ही बना सकी। बतौर मुख्य अतिथि भजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, लाल कौशल नाथ शाहदेव व अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फाइनल मैच विजेता टीम चंदवा फाइटर को 21000 नगद व ट्रॉफी व विजेता टीम को 15000 नगद व ट्रॉफी प्रदान किया गया वही फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार चंदवा फाइटर के राहुल व मैन ऑफ दी सीरीज का खिताब राजा तिवारी को दिया गया।

मौके पर उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते हुए प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रतिभा किसी स्थान की मोहताज नहीं, चंदवा जैसे जगह में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी है। चंदवा में ही जन्म लेकर जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने हाइकोर्ट के जस्टिस बनने का गौरव हासिल किया था। वहीं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल खिलाड़ियों के जीवन में नयी ऊर्जा का संचार करता है व जीवन में संघर्ष की सीख देता है। चंदवा जैसे शहर में युवा भारत के द्वारा किया गया यह प्रयास काफी सराहनीय है। इस आयोजन से युवाओं को काफी कुछ सीखने को मिला है। आगे भी इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। इसके पूर्व फाइनल मैच का उदघाटन राष्ट्रीय गान के बाद अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत जस्टिस एलपीएन शाहदेव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष गुप्ता व रविराज ने किया। समापन के मौके पर उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि, मनीष जायसवाल, लव सिंह, बृजमोहन राम, मनोज पाठक, कुलमान साव, शाहदेव परिवार के लोग मौजूद थे।

---

## प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, राँची

**–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची के खुकुरी आरकेष्ट्रा में उपयोग हेतु निम्नलिखित वाध्य यंत्र के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता नमूना के साथ मुहरबंद निविदा 06/02/2023 को 11:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है।

1- Volume Pedal Roland - 01 PC.
2- Handsonic HPD 20 - 01 PC.
3- Vocal Mic with Cord Shure - 01 PC.
4- Electric Lead Guitar Mexican Feader 6 String - 01 PC.
5- Digital Delay with Adapter Boss Co. - 01 PC.
6- Mic Stand small - 01 PC.
7- Roto Stand + Pad Stand - 01 PC.
8- Fantom 06 Fibre Case Imported - 01 PC.
9- Lead Guitar Fibre Case Imported - 01 PC.
10- 100 Watt Lead Guitar Amplifier - 01 PC.

निविदा दिनांक **06/02/2023** समय 17.00 बजें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोल जायेगी।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का GST का अद्यतन प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।
2. आपूर्तिकर्त्ता, सामानों का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए।
3. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पेन कार्ड की छायाप्रति होना अनिवार्य है।
4. निविदा को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।
5. किसी भी समय निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार समादेश्टा, झा०स०पु–1, राँची के पास सुरक्षित रहेगा।
6. निविदा खोलने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात एवं नमूना स्वीकार नही किया जायेगा। निविदा में उल्लेंखित सभी वाध्य यंत्रो का प्रमाणित होना अनिवार्य होगा एवं वाध्य यंत्र के सभी निविदा में उल्लेखित उत्तम कोटी के अवयवों के लिए प्रतिष्ठित निर्माता कम्पनियों का यंत्र से संबंधित निर्माता कम्पनी के चयन का अंतिम अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।
7. प्रत्येंक निविदाकृत्त मद के लिये एक ही दर सभी कर सहित अंकित किया जायेगा। निविदा में दर पर छुट या शर्त्तो के साथ छुट मान्य नही होगा।

ह०/–
(वाई०एस०रमेश)
समादेष्टा, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची

PR 288572Police(22-23)#D

---

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 06.01.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार लेस्लीगंज के बंदोबस्ती हेतु सम्बंधित अंचलाधिकारी द्वारा डाक की न्यूनतम राशि 100000.00 (एक लाख) रूपये प्रतिवर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2023 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लेस्लीगंज हाट | नीलाम्बर पीताम्बरपुर | 09-02-2023 | 11:30 AM बजे से | 240500.00 | 24050.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 08.02.2023 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 288581 District (22-23)_D

---

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE
## (DIRECTORATE OF SOIL CONSERVATION)

Jharkhand Agriculture Machinery Testing & Training Center (JAMTTC)
4th Floor Room No. – 403, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008
**e-mail** - edjamttc@gmail.com, **website** - www.jamttc.org

पावर टीलर, पम्पसेट एवं अन्य कृषि यंत्रों के रख–रखाव एवं मरम्मति हेतु एक माह का आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।

**SKILL DEVELOPMENT PROGRAMME**

झारखण्ड राज्य में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य सहायता समूहों को विगत कई वर्षों से कृषि उपकरण बैंक की स्थापना अन्तर्गत ट्रैक्टर/मिनी ट्रैक्टर, ट्रैक्टर चालित यंत्र, पावर टीलर, रीपर, पम्प सेट, राईस हॉलर, कल्टीवेटर, डिक्स हैरो, सीड ड्रील कम फार्टिलाईजर इत्यादि उपलब्ध कराया जा रहा है परन्तु स्थानीय स्तर पर कृषि यंत्रों के मरम्मति के अभाव में अधिकांश कृषि यंत्र का समुचित उपयोग में कठिनाई हो रहा है। संबंधित निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा मिस्त्री एवं मेकेनीक की उपलब्धता सभी प्रखण्ड एवं ग्राम स्तर पर सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। विशेषकर वांरटी अवधि में भी मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर, राईस ट्रासप्लाटर, पम्प सेट, राईस हॉलर इत्यादि की सभी आवश्यक सर्विसींग ससमय होने में कठिनाई हो रही है।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के अधीन कार्यरत संस्था "जेएएमटीटीसी, राँची" द्वारा कृषि यंत्रों के विशेष मरम्मति, परिचालन एवं रख–रखाव हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में तत्काल 30 तकनीकी योग्यता वाले झारखण्ड राज्य के नवयुवको को निःशुल्क एक माह (30 दिन) का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है।

| क्र0 | प्रस्तावित तिथि | प्रशिक्षणार्थियों की प्रस्तावित संख्या |
|---|---|---|
| 01. | 03.02.2023 से 04.03.2023 तक | 30 |

"कृषि यंत्रों के विशेष मरम्मति, परिचालन एवं रख–रखाव से संबंधित एक माह का आवसीय प्रशिक्षण" झारखण्ड राज्य के युवकों को दिया जाना है। प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक जिला से वैसे युवक का चयन किया जाना है जो वरियतः आई0 टी0 आई0/पॉलटेकनीक से फीटर/मैकेनीकल इंजीनियरींग/आटोमोबाईल इंजीनियरींग/कृषि इंजीनियरिंग में डिग्री/डिप्लोमाधारी या समकक्ष तकनीकी योग्यताधारी हो।

चयनित प्रशिक्षणार्थी को उपलब्ध कराये गये मोबाईल नम्बर (फोन) के माध्यम से सूचित किया जायेगा जिनको निर्धारित तिथि 03.02.2023 को निम्न पते पर उपस्थित होना होगा।

प्रशिक्षण केन्द्र का पता–जेएएमटीटीसी, राँची, ई0 टी0 सी0 परिसर, काजू बगान, हेहल,
(सामने जुनियर डी0 ए0 वी0 स्कूल, हेहल) राँची, पीन कोड–834005

किसी प्रकार की विशेष जानकारी हेतु कार्यालय/मो0–8603229188 (केवल पूर्वाहन् 10.30 बजे से संध्या 05.00 बजे तक) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः प्रशिक्षण हेतु इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपने जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला उद्यान पदाधिकारी से अनुशंसा कराते हुए सादे कागज पर अपने आवेदन में अपना नाम, पिता का नाम, ग्राम, पोस्ट, थाना, जिला, मोबाईल नम्बर, आधार संख्या, तकनीकी योग्यता के साक्ष्य प्रमाण पत्र, दो रंगीन फोटो के साथ आवेदन समर्पित करेंगे। आवेदन को संबंधित जिला के उक्त पदाधिकारी द्वारा अनुशंसा कराते हुए या कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जेएएमटीटीसी, राँची, कृषि भवन, कांके रोड, राँची–834008 को डाक से या सीधे email - edjamttc@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

ह0/–
कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण)
जेएएमटीटीसी, राँची

PR 288588 (Agriculture)22-23*D

---

## Department of Agriculture,Animal Husbandry & Cooperative, Govt. of Jharkhand
## Combined Agriculture Building, Karamtoli Road

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

Reference No. Agri/__/2022-23 Dated – 27.01.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | REQUEST FOR EXPRESSION OF INTEREST (EOI) FROM INTERESTED ORGANISATION/ AGENCIES TO PROVIDE SOIL HEALTH CARD IN 952 VILLAGES OF GUMLA DISTRICT ALSO PROVIDING RECOMMENDATION AS PER TEST VALUE AGAINST DEFFICIENT SOILS IF NEEDED, CREATION OF SOIL MAP FOR ALL 12 BLOCKS OF GUMLA DISTRICT. |
| 2. | Time of Completion | 3 Months |
| 3. | Rate for Soil testing & Card Generation | Maximum Rs. 322/ soil sample for 12 Parameters as specified in Soil Health Management Scheme. |
| 4. | EMD Amount | Rs.50,000(Rupees Fifty Thousand) in Bank Draft |
| 5. | Bid Submission Period | 01-02-2023 to 08-02-2023 |
| 6. | Date and Place of Financial Bid of cum Technical Bid Opening | 10-02-2023, 11 AM to 3.00PM |
| 7. | Name and Address of the tender inviting Opening | Project Director ATMA, Gumla Add : 1st Floor, Combined Agriculture Building Karam Toli Road, Gumla, Pin-835207 |
| 8. | Contact No. of e-procurement officer | 7761994451 |
| 9. | E-mail ID | atmagumla@rediffmail.com |

*Further details can be seen at atmagumla.org.in Website*

**Eligibility Criteria :-**

1. Interested Bidders must have at least 3 Years experience(certificate) in Soil Testing & Soil Profile Work must be attached
2. IT returns of last three(3) years must be attached **3.** GST Registration & Latest NOC must be attached
4. Affidavit of Not been Blacklisted must be attached
5. EMD to be excepted through B.D. in favour of Project Director ATMA, Gumla payable at Gumla
6. PAN document must be attached **7.** Proof of Registration must be attached.
8. ROC./Article of Association of Company/ Partnership Deed must be attached

**Note :** Project Director ATMA, Gumla reserves the rights to cancel/reject/modify any or all proposals to this notice without assigning any reason thereof.

- In case of default or abrogation of the condition stipulated, the EMD shall stand forfeited.
- All certificates, testimonials desired as per the eligibility criteria will be verified with original documents at any stage.
- Advertisement PR No. 285749 Agriculture, Animal Husbandry and Co-operative Department(22-23) stands cancelled due to technical reason

**Sd/- Project Director, ATMA, Gumla**

PR.NO.288556 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23):D

---

ऊर्जा विभाग

## झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता

विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-२, धुर्वा, रॉची

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/79/2022-23** दिनांक– 28/01/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | डोरण्डा, रॉची स्थित न्यायाधीश बंगला, बंगला नं0– जैप 119, एवं बंगला नं0–3 के विद्युत अधीष्ठापन, पंखा, एल0 ई0 डी0 स्ट्रीट लाईट, भूमिगत केबल पैनल, जेनरेटर (1 अदद् 200 के0वी0ए0) के वार्षिक सम्पोषण एवं रख–रखाव का कार्य। | 28,12,358=00 | 5,000=00 | 56,500=00 | एक वर्ष |
| II | ए0जी0 मोड डोरण्डा रॉची स्थित मान्नीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बंगला सं0– 1,2,6 एवं स्टाफ क्वार्टर नं0–1,2,3,6,8,12,14,15,16,17,18,19 के विद्युत अधीष्ठापन, पंखा, मेट लाईट, भूमिगत केबल पैनल, जेनरेटर (1 अदद् 10 के0वी0ए0 एवं 7 अदद् 35 के0वी0ए0) के वार्षिक सम्पोषण एवं रख–रखाव का कार्य। | 21,20,259=00 | 5,000=00 | 42,500=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.02.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 07.02.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 13.02.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 14.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 288599 Energy (22-23)_D

---

# श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन हुआ




### कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद साक्षी जी महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खाटू नरेश की जय जयकारों के बीच उन्नाव (उत्तर प्रदेश) के सांसद साक्षी जी महाराज ने शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 47 वे श्री श्याम भंडारे का उद्घाटन किया। इसके पूर्व श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का भोग लगाया गया।

यजमान श्रीराम शर्मा की पुत्री सालवी शर्मा ने अपने परिवार के साथ श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। देवी-देवताओं को लगे भोग का प्रसाद संपूर्ण भंडारे में मिश्रित कर उसे महाप्रसाद बनाया गया। श्री श्याम भंडारे के वितरण में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया उपाध्यक्ष, श्रवण जी, प्रदीप राजगढ़िया, मंत्री गौरव अग्रवाल, मोनू, पूर्व सांसद अजय मारू, उपमंत्री अनिल नारनौली, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, राजेश चौधरी, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, अमित सरावगी, अन्नपूर्णा सरावगी, रमा सरावगी, अरुण बुधिया, राहुल मारु, दिनेश अग्रवाल, किशन शर्मा, मयंक अग्रवाल, निखिल नारनौली और रोशन खेमका, विशाल पोद्दार, संतोष पोद्दार, स्नेहा पोद्दार, रौनक पोद्दार, संजय सराफ, मनोहर केडिया, पवन शर्मा, अभिषेक सराओगी, वेद भूषण जैन सहित 70 से ज्यादा कार्यकर्ता स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

**मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ**

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को संध्या 4:30 बजे से 35वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ होगा।

---

## कार्यालय-पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

-सह-

**जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प गढ़वा**

**गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।**

**स्वच्छ गढ़वा सुन्दर गढ़वा**

**संदेश-2023**









Gobardhan Scheme

26 जनवरी 2023 (गणतंत्र दिवस) के शुभ अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा - सह - जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प गढ़वा की ओर से सभी गढ़वावासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

जल जीवन मिशन के तहत हर **घर नल से जल** योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को FHTC (चालित नल) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गढ़वा जिला का कुल लक्ष्य 2,98,535 अदद है, जिसकी उपलब्धि वृहत एवं मिनी जलापूर्ति योजना से कुल 85,260 अदद पूर्ण है, शेष बचे 2,13,275 अदद FHTC को पूर्ण करने हेतु 21 अदद वृहत जलापूर्ति योजना निमार्णाधीन है, एवं 128 अदद ग्राम में 1029 अदद निमार्णाधीन एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के विरूद्ध 473 अदद पूर्ण है, एवं 04 अदद वृहत जलापूर्ति योजना एवं 31 अदद कलस्टर से 2574 अदद योजना के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है, जिसे वर्ष 2024 तक शत-प्रतिशत घर को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा दिया जायेगा।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के तहत गढ़वा जिला के सभी लक्षित ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) Phase-II तहत शेष बचे IHHL का निर्माण किया जा रहा है, एवं पुनः छुटे हुए लाभुकों को IHHL निर्माण हेतु विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रकाशित किया गया है जिसमें लाभुकों को Online हेतु https://sbm.gov.in/sbmphase2/homenew.aspx वेबसाईट के लिंक द्वारा आवेदन करने का प्रावधान किया गया है, तथा ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन (SLWM), पर कार्य हेतु सर्वे का कार्य प्रगति पर है, एवं सामुदायिक गोबरधन योजना के निर्माण हेतु EOI प्रकाशित है, जिसके तहत 03 अदद एजेन्सी / कम्पनी द्वारा भाग लिया गया है, आगे का कार्य प्रक्रियाधीन है।

अतः सभी गणमान्यजनों, पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका आदि से अनुरोध है कि अपने बच्चों एवं पूरे परिवार के अच्छे स्वास्थ्य आदि के लिए शौचालय का प्रतिदिन उपयोग करें साथ ही ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन (SLWM), पर तथा अपने-अपने घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्धता में अपना सहयोग प्रदान करें।

**।। शुभ कामनाओं के साथ।।**

**ह./- कार्यपालक अभियंता - सह - सदस्य सचिव**
**जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, गढ़वा**

पत्रांक : 26/ गढ़वा
दिनांक 25.01.2023

# डीएवी कपिलदेव और डीएवी हेहल में शिक्षकों का दो दिनी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीएवी कपिलदेव और डीएवी हेहल में शनिवार को शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक एमके सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक अपने अनुभव बांटे और उसे क्लास रूम तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अच्छा शिक्षक वही है जो बच्चे में छिपी प्रतिभा को उभारने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि बच्चे का सर्वांगीण विकास शिक्षकों का लक्ष्य होना चाहिए। इस कार्यशाला में डीएवी कपिलदेव, डीएवी हेहल, डीएवी खूंटी, डीएवी सिमडेगा, डीएवी बिष्टुपुर, डीएवी भवनाथपुर, डीएवी खलारी, डीएवी गुमला, डीएवी बुंडू, डीएवी गोविंदपुर टीसीआइ और डीएवी सिल्ली के शिक्षक भाग ले रहे हैं। हिंदी, गणित, समाज विज्ञान और संस्कृत विषय के लिए डीएवी कपिलदेव और अंग्रेजी, इइडीपी, विज्ञान समेत अन्य विषय के लिए डीएवी हेहल में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मौके पर डीएवी सिल्ली, डीएवी भवनाथपुर, डीएवी गढ़वा, डीएवी गुमला, डीएवी सिमडेगा, डीएवी बिष्टुपुर के प्राचार्य मौजूद थे। इसकी जानकारी डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू के मीडिया प्रभारी आलोक इंद्र गुरु ने दी।



# डीपीएस में इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। डीपीएस रांची द्वारा दो दिवसीय प्रतियोगिता टेरा लौरीएट इंटर स्कूल मेगा इवेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 28 एवं 29 जनवरी 2023 को विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आंरेटरी स्किल्स, पब्लिक स्पीकिंग स्किल्स, कन्वेंशनल स्किल्स एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस प्रतियोगिता में 18 विद्यालयों के 150 प्रतिभागियों ने 08 विभिन्न आयोजनों में भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में जेवीएम श्यामली, डीएवी बरियातू, विवेकानंद विद्या मंदिर, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, आचार्यकुलम स्कूल, शारदा ग्लोबल स्कूल, डीपीएस रांची आदि के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान की मधुर प्रस्तुति के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया एवं इस




प्रतियोगिता में शामिल सभी निर्णायक गणों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ राम सिंह ने का कि यह उत्सव छात्रों की रचनात्मकता और नवीन कौशलों को विकसित करेगा एवं उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा और कारपोरेट जगत में अपने उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करेगा।

# साईंनाथ विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की रही धूम




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय में 74वें गणतंत्र दिवस पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से तिरंगा झंडा फहराया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल को विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट, सुरक्षा गार्ड एवं साईं नाथ विश्वविद्यालय के पुलिस पिकेट-झारखंड सहस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा परेड की सलामी दी गयी।

विश्वविद्यालय के बहुद्देश्यीय हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट एवं छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कुलपति ने विश्वविद्यालय के सभी संकायों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के बाद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा एवं पूजा कक्ष को प्राकृतिक फूलों एवं पत्तियों से सजाया गया जो मुख्य आर्कषण का केंद्र रहा। विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की पूजा मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुई। पूजा के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया। कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग की डीन डॉ सुमन श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ के राजेश्वर दत्त, प्रो निकिता ठाकुर, सुनील श्रीवास्तव, रजनीश रौशन, सोनू कुमार, अरविंद सिन्हा, सिकंदर कुमार, सोनू करमाली आदि का सराहनीय योगदान रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुमन श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# इडी ने चिपकाया पंकज मिश्रा के करीबी दाहू यादव के घर पर इश्तेहार

रांची (आजाद सिपाही)। अवैध खनन मामले में आरोपित पंकज मिश्रा के करीबी दाहू यादव के साहिबगंज स्थित घर पर इडी ने शनिवार को इश्तेहार चिपकाया है। इडी ने इश्तेहार चिपका कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा है। इस दौरान पुलिस ने ढोल बजाकर और माइक के जरिये एलाउंस कर उनके घर के पास कहा कि एक माह के अंदर रांची के इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में उपस्थित नहीं होने पर दाहू यादव और उनके भाई सुनील यादव पिता पशुपति यादव के घर कुर्की जब्ती की जायेगी।






















# सरला बिरला विश्वविद्यालय में 74वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं**

**रांची।** स्वतंत्र भारत के 74वें गणतंत्र के अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय प्रांगण में कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह, डीन प्रोएस बी दंडिन, डीन डॉ संदीप कुमार, डॉ सुबानी बाड़ा, मैनेजर पीएंडए अजय कुमार, पीएओ प्रवीण कुमार आदि की उपस्थिति में विधिवत ध्वजारोहण किया। उन्होंने सर्वप्रथम 74वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विश्व का प्राचीनतम सर्वश्रेष्ठ गणतंत्र संपन्न राष्ट्र रहा है।

हम सभी को मिलजुलकर एवं एक दूसरे का परस्पर सम्मान करते हुए भारतीय गणराज्य के सपनों को साकार करने में अपनी भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने भारतीय ग्राम गणराज्य के तत्वों की विवेचना करते हुए कहा कि आज भारतीय ग्राम गणराज्य की संकल्पना ही भारतीयों को विश्व का नेतृत्व करने के लायक बनाया है। कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने आज के कैंपस कल्चर के चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय में अनुशासित एवं व्यवस्थित कैंपस कल्चर को अपनाये जाने की अपील की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी प्राध्यापक छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## चतरा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




# लखनऊ गयी भारत-न्यूजीलैंड की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में टी-20 मैच समाप्त होने के बाद शनिवार को सभी क्रिकेटर लखनऊ के लिए रवाना हो गये। कड़ी सुरक्षा के बीच न्यूजीलैंड और भारत के खिलाड़ी रांची एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ और जिला पुलिस के जवान तैनात रहे। हटिया डीएसपी के साथ एयरपोर्ट थाना के प्रभारी आनंद कुमार और सीआइएसफ के कमांडेंट मनीष कुमार खुद सुरक्षा की निगरानी कर रहे थे। जब एयरपोर्ट परिसर के अंदर न्यूजीलैंड की टीम पूरी तरह से प्रवेश कर गयी, उसके बाद इंडियन टीम के खिलाड़ियों की बस को एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश कराया गया। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को देख एयरपोर्ट पर मौजूद यात्रियों ने शालीनता से खुशी जाहिर की। इंडियन टीम के खिलाड़ियों के प्रवेश की बारी आयी तो भारतीय फैन के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उल्लेखनीय है कि सभी खिलाड़ी 27 जनवरी को रांची के जेएससीए स्टेडियम में टी-20 मैच खेलने पहुंचे थे, जिसमें भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, यह सीरीज का पहला मैच था। टी-20 के तीन मैचों के सीरीज के दूसरे मैच को खेलने के लिए सभी खिलाड़ी लखनऊ के लिए रवाना हो गये।



## बाबा विद्यापति स्मारक समिति ने 74वां गणतंत्र दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय प्रांगण में 74 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। झंडोत्तोलन के कार्यक्रम को रांची नगर निगम के उप महापौर संजीव विजयवर्गीय एवं बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा के द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में समिति के भवेश मिश्रा, खुरखुर मामा, ज्ञानदेव झा, डॉ पंकज राय, जय शंकर दुबे, मृत्युंजय कुमार झा, प्रवीण कुमार मिश्रा, रमेश भारती अनिल कुमार पांडेय, अनूप कुमार गुप्ता, पवन कुमार सोनी, मनोज सोनी, आनंद साहू आदि ने मौजूद थे। उक्त जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा ने दी।

## आइएमए की 29 जनवरी को होने वाली बैठक रद्द

**रांची।** धनबाद के बैंक मोड़ के पुराना बाजार स्थित हाजरा हॉस्पिटल में बीती रात शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गयी। इस हादसे में दम घुटने से 6 लोग जिंदा जल गये। जबकि 9 लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया। डॉक्टर दंपति विकास हाजरा और प्रेमा हाजरा की मौत से चिकित्सक समाज मर्माहत है। ऐसे में 29 जनवरी को रांची के करमटोली चौक स्थित आइएमए भवन में होने वाली बैठक को रद्द कर दिया गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ एके सिंह और सेक्रेटरी डॉ प्रदीप कुमार ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। दोनों डॉक्टरों ने कहा कि हाजरा दंपति की मौत समाज के लिए बड़ी क्षति है। आइएमए इस घटना से सदमे में है। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति दे।

## हनुमान मंदिर में भोग वितरण

**रांची।** श्री सालासर हनुमान मंडल के सानिध्य में अपर बाजार स्थित मारवाड़ी ब्राह्मण भवन के प्रांगण में श्री सालासर हनुमान मंदिर में प्रत्येक शनिवार को श्रद्धालुओं के बीच भोग वितरण किया जाता है। नटवर बाजोरिया ने अपने परिवार के साथ भोग लगाकर भोग वितरण करने में सेवा दी। श्रद्धालुओं ने लाइन लगाकर भोग ग्रहण किया। उपरोक्त जानकारी मंडल के अमित शर्मा ने दी।

## छोटा नागपुर आदिवासी क्लब में निबंध और डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** छोटा नागपुर आदिवासी क्लब में सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर ग्राम विकास समिति गाड़ी महुरम टोली के द्वारा बच्चों के लिए निबंध और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोलो डांस प्रतियोगिता में सीएससी ग्रुप को प्रथम पुरस्कार के रूप में सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो के हाथों ट्रॉफी मिला और अन्य को मेडल दिया गया। मां सरस्वती को विसर्जित किया गया। मौके पर आनंद गोप, दिलीप उरांव, मदन उरांव, आनंद खलखो, निखिल महतो, सुनील महतो, अशोक पंडित, संजय कश्यप, दीपक महतो, गोलू महतो, सूरज ओहदार, महेंद्र मैक्स, योगेश महतो, सूरज मुंडा स्वीटी कुमारी, प्रतिभा कुमारी, प्राची, खुशी, प्रिया, लावण्या, पम्मी, सरिता देवी, संध्या देवी, राजकुमारी देवी, सुशीला देवी, नीरज महतो, हर्ष महतो, कोमल तिग्गा, रिमा कुमारी के साथ कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।































































# पठान से मिले थिएटरों को दर्शक

रिलीज से पहले ही विवादित और चर्चित हो चुकी शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' ने बॉक्स ऑफिस पर जिस तरह का धमाका किया है, उसके लिए हिंदी फिल्म जगत लंबे अर्से से तरस रहा था। इसकी कमाई के आंकड़े जुटाये जा रहे हैं, अंतिम रिपोर्ट आने में वक्त लगेगा, लेकिन शुरुआती रिपोर्टें इतना तो बता ही रही हैं कि फिल्म ने हाल-फिलहाल बने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये हैं। बताया जा रहा है कि पहले दो दिन में ही फिल्म की कमाई 122 करोड़ रुपये को पार कर गयी, जो बॉक्सऑफिस कलेक्शन के लिए चर्चित केजीएफ-2 और बाहुबली-2 से कहीं ज्यादा है, लेकिन कमाई इस फिल्म का सिर्फ एक पहलू है। 'पठान' के जरिए शाहरुख खान और इस फिल्म की पूरी टीम ने जो कुछ किया है, उसे सिर्फ कमाई के आंकड़ों के जरिए नहीं समझा जा सकता। चार साल के अंतराल पर आयी शाहरुख की इस फिल्म का उनके फैंस ने जिस तरह से स्वागत किया, उससे एक बार फिर यह स्थापित हुआ कि बॉलिवुड में शाहरुख की बादशाहत का फिलहाल कोई तोड़ नहीं है। हॉल के बाहर टिकट न पा सकने वालों की मायूस भीड़ और थिएटरों के अंदर गानों पर नाचते-गाते लोगों की तस्वीरें और विडियो बता रहे हैं कि हिंदी फिल्म के जो दर्शक थिएटर में फिल्म देखना भूलते जा रहे थे, वे इस फिल्म का भरपूर मजा ले रहे हैं। यह फिल्म इंडस्ट्री के कोविड बाद के मायूसी भरे दौर से उबरने का संकेत है। थिएटरों को उनके दर्शक मिल चुके हैं। ऐसे दृश्य सिर्फ मुंबई और दिल्ली जैसे महानगरों के मल्टिप्लेक्सों में ही नहीं दिखे। यूपी और राजस्थान में बंद होने के कगार पर पहुंचे सिंगल स्क्रीन थिएटरों को भी इस फिल्म ने जैसे नयी जिंदगी दे दी है। सबसे बड़ी बात यह कि कैंसल कल्चर को भी इस फिल्म ने बड़ा झटका दिया है। पिछले कुछ समय से यह ट्रेंड सा बनता जा रहा था कि जब भी कोई नई फिल्म रिलीज होने को होती, किसी न किसी बहाने उसके बॉयकॉट की अपील की जाने लगती। 'लाल सिंह चड्ढा' जैसी बड़ी फिल्म के कम बिजनेस करने के पीछे इन अपीलों का भी असर माना गया। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निजी बातचीत में ही नहीं, सार्वजनिक रूप से भी इस ट्रेंड पर चिंता जताने लगे थे। इसे फिल्म इंडस्ट्री के ग्रोथ के लिए खतरा माना जा रहा था। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पार्टी के एक कार्यक्रम में फिल्मों पर उलटे-सीधे बयान देने वाले नेताओं पर नाराजगी जतायी थी। इसके बावजूद 'पठान' के बॉयकॉट की अपीलें पूरी तरह नहीं थमीं। रिलीज के बाद भी कई शहरों में थिएटरों के सामने प्रदर्शन किये गये और स्क्रीनिंग को बाधित करने की कोशिश की गयी। मगर फिल्म की अपार सफलता ने साबित किया कि विराट हिंदुस्तानी समाज की उदारता के सामने संकीर्णता दर्शाने वाली ये प्रवृत्तियां नगण्य ही हैं।

**'पठान' के बॉयकॉट की अपीलें पूरी तरह नहीं थमीं। रिलीज के बाद भी कई शहरों में थिएटरों के सामने प्रदर्शन किये गये और स्क्रीनिंग को बाधित करने की कोशिश की गयी। मगर फिल्म की अपार सफलता ने साबित किया कि विराट हिंदुस्तानी समाज की उदारता के सामने संकीर्णता दर्शानेवाली ये प्रवृत्तियां नगण्य ही हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रश्न यह है कि जब महिला को ही पति, परिवार और समाज को जवाब देना है तो फिर यह अधिकार भी उसका ही बनता है, उसे गर्भवती होना है या नहीं होना है, यह निर्णय उसका हो। यदि वह नहीं चाहती कि पुरुष उसके साथ असुरक्षित अर्थात बिना किसी गर्भ निरोधक उपाय का इस्तेमाल किए शारीरिक संबंध बनाने पर जोर डाले या मजबूर करे तो उसका अधिकार है कि वह मना कर दे।**

# गर्भवती होना या न होना स्त्री का कानूनी अधिकार होना चाहिए

पूरन चंद सरीन

जब कोई महिला गर्भ धारण करती है और फिर शिशु को जन्म देती है तो अक्सर ईश्वर की कृपा, अल्लाह की देन या जो भी कोई धर्म हो, उसके प्रवर्तक की अनुकंपा कहकर धन्यवाद करने की परंपरा है।

जब कोई तो अक्सर ईश्वर की कृपा, अल्लाह की देन या जो भी कोई धर्म हो, उसके प्रवर्तक की अनुकंपा कहकर धन्यवाद करने की परंपरा है। है। हकीकत यह है कि यह कहकर पुरुष और स्त्री दोनों अपनी करनी का जिम्मा किसी अज्ञात शक्ति पर डालकर अपना पल्ला झाड ? का काम करते हैं जबकि सिवाय उनके इसमें किसी का कोई भी हाथ नहीं है चाहे वह ईश्वर हो या कोई दिव्य कही जाने वाली ताकत।



**एक बात यह भी है कि बहुत से धर्मों में गर्भ निरोधक के इस्तेमाल करने की मनाही है और धर्मगुरु, पादरी, पुजारी यह तक हिदायत देते हैं कि जन्म के बाद शिशु को मां का पहला दूध कब पिलाया जाये। इसी के साथ वे संतान होने या न होने पर टोने टोटके भी कराते हैं।**

## मेरे शरीर पर मेरा अधिकार

हालांकि प्रजनन या रिप्रोडक्शन की क्रिया में दोनों की मर्जी होती है, पर स्त्री पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। उस पर 9 महीने तक गर्भ में और प्रसव होने के बाद घर या परिवार में शिशु का लालन-पालन करने और एक अच्छी संतान के रूप में बड़ा करने की जिम्मेदारी होती है। अगर लड़का या लड़की बड़े होकर भले बने तो इसका श्रेय पिता या परिवार को जाता है और कहीं गलत निकले तो माता को बुरा कहने का दौर शुरू होकर उस पर लांछन लगाने से लेकर उसकी जिंदगी को दूभर तक करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती।

**हालांकि प्रजनन या रिप्रोडक्शन की क्रिया में दोनों की मर्जी होती है, पर स्त्री पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है।**

प्रश्न यह है कि जब महिला को ही पति, परिवार और समाज को जवाब देना है तो फिर यह अधिकार भी उसका ही बनता है, उसे गर्भवती होना है या नहीं होना है, यह निर्णय उसका हो। यदि वह नहीं चाहती कि पुरुष उसके साथ असुरक्षित अर्थात बिना किसी गर्भ निरोधक उपाय का इस्तेमाल किए शारीरिक संबंध बनाने पर जोर डाले या मजबूर करे तो उसका अधिकार है कि वह मना कर दे।

यदि घर वाले, समाज के ठेकेदार यानी असरदार लोग जैसे मुखिया, सरपंच आदि और उससे भी आगे मामला अदालत में चला जाए और पति दावा करे कि यह उसके यौन संबंध बनाने के अधिकार का उल्लंघन है तो उसे कोई कानूनी राहत न मिले। यह तब ही हो सकता है जब इस बारे में पब्लिक हैल्थ सिस्टम के अंतर्गत कानून बनाया जाए। यह स्त्री की मर्जी है कि वह निर्णय ले कि उसे संतान कब होनी चाहिए न कि पुरुष या घर के अन्य सदस्य क्योंकि यह उसका शरीर है जिस पर सबसे अधिक असर पड़ेगा। यदि वह इसके लिए राजी नहीं है तो आज के युग में बहुत से ऐसे साधन हैं जिनसे बिना स्वयं गर्भ धारण किए माता-पिता बना जा सकता है।

## अधिकार के लाभ

गर्भ निरोधक का इस्तेमाल किए बिना न कहने का अधिकार मिल जाने से होने वाले लाभ इतने हैं कि अगर यह हो गया तो इसके दूरगामी परिणाम होने निश्चित हैं। चूंकि यह विषय बहुत संवेदनशील, नाजुक और पुरुष तथा स्त्री की भावनाओं से जुड़ा है इसलिए यह समझना जरूरी है कि इसके फायदे क्या हैं। सबसे पहला लाभ तो यह होगा कि उतने ही बच्चे होंगे जितने की जरूरत परिवार, समाज और देश को होगी। जिसकी जितनी औकात या पालने की हिम्मत होगी, उससे ज्यादा बच्चे नहीं होंगे। इस कानून के बन जाने से सरकार को पता होगा कि उसे कितनी आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करानी हैं, उनकी शिक्षा के लिए कितनी व्यवस्था करनी है और रोजगार एवं व्यापार तथा काम धंधों का इंफ्रास्ट्रक्चर कितना बड़ा तैयार करना है।

इसका दूसरा लाभ यह होगा कि सरकार को परिवार नियोजन के लिए कोई नीति बनाने, कार्यक्रम या प्रचार प्रसार करने की जरूरत नहीं रहेगी और इस तरह करोड़ों रुपया बचेगा। इस पैसे का इस्तेमाल गर्भ निरोधक साधन जैसे कंडोम बनाने और उनकी सप्लाई सुनिश्चित करने पर होगा। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को अपने घर से स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में टीका लगवाने या प्रसव के लिए आने या उन्हें सुरक्षित तरीके से वहां तक ले जाने की सुविधा और साधन तैयार करने पर खर्च हो। इस कानून का एक लाभ यह भी होगा कि गर्भपात के मामलों में कमी आएगी। अक्सर इच्छा और जरूरत न होने के कारण जब गर्भ ठहर जाता है तो उसे गिराने में ही भलाई लगती है और जब यह बार बार होता है तो इसका नुक्सान स्त्री को ही अपनी सेहत की कीमत से चुकाना पड़ता है।

## यह कानून जरूरी क्यों है?

वास्तविकता यह है कि देश में गरीबी हो या बेरोजगारी, इसका सबसे बड़ा कारण बढ़ती आबादी है और जो है उसका सही ढंग से परवरिश न कर पाना है। जब गर्भ धारण करने के अधिकार का इस्तेमाल महिला को अपनी मर्जी से करना होगा तो वह कभी नहीं चाहेगी कि उसकी संतान किसी अभाव में रहते हुए बड़ी हो।

एक बात यह भी है कि बहुत से धर्मों में गर्भ निरोधक के इस्तेमाल करने की मनाही है और धर्मगुरु, पादरी, पुजारी यह तक हिदायत देते हैं कि जन्म के बाद शिशु को मां का पहला दूध कब पिलाया जाये। इसी के साथ वे संतान होने या न होने पर टोने टोटके भी कराते हैं। जब महिला यह फैसला लेने के लिए तैयार हो जाएगी कि उसे बच्चा चाहिए या नहीं और वह मजबूती से अपनी बात पर कायम रहने का मन बना लेगी तो वह किसी ढोंगी के चक्कर में नहीं पड़ेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

### 30 और 31 जनवरी को खातियानी जोहार यात्रा में शामिल होने की अपील

# झारखंड की जनता की उपेक्षित मांग 1932 के खतियान को मिला सम्मान : शैलेंद्र

**गणतंत्र दिवस पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में झामुमो के झारखंड श्रमिक संघ ने ग्रामीणों संग झंडा को दी सलामी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल थाना अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र झाबड़ी पंचायत के पहाड़ों के बीच पोड़का गांव में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया। गुरुवार को झारखंड श्रमिक संघ संबंद झामुमो केंद्रीय समिति के संजोजक मंडली के सदस्य शैलेंद्र कुमार मैती के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीण महिला व पुरूष शामिल रहे। मौके पर झारखंड श्रमिक संघ के पूर्व उपाध्यक्ष प्रफुल्ल सिंह मुंडा व शैलेंद्र कुमार मैती के संयुक्त तत्वधान में झंडोत्तोलन कर सलामी दी गयी। इस अवसर उपस्थित सभी ग्रामीणों ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत की।

मौके पर संजोजक शैलेंद्र कुमार मैती ने बताया आजादी के लडाई में सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व भारत देश को आजादी मिली थी। उन्होंने कहा था तुम हमे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगी। उन्होंने कहा सुभाष चंद्र बोस टाटा स्टील के यूनियन में पहला अध्यक्ष रहे। झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय समिति गणतंत्र दिवस पर ऐसे देश के महान पुरुष को नमन करती है। उन्होंने बताया राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की जनता के उपेक्षित मांगों को सम्मान देते हुए 1932 का खतियान लागू करने का काम किया। मुख्यमंत्री ने झारखंड की जनता के भावनाओं का कदर करते हुए सम्मान पूर्व उपहार विधानसभा में पारित किया। साथ ही उन्होंने 2 वर्ष की कोरोना काल में विभिन्न राज्यों से मजदूरों को सुरक्षित घर वापस लाने का सरानीय पहल की। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय समिति व क्षेत्र के ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री व झारखंड अलग राज्य के निर्माता ढिशुम गुरु शिबू सोरेन को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शैलेंद्र मैती ने कहा 30 जनवरी को सरायकेला खरसावां और 31 जनवरी को पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में खातियानी जोहार यात्रा का आयोजन किया जायेगा। खातियानी जोहार यात्रा का शुरुआत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र से श्रमिकों को हजारों हजार की संख्या में योगदान दे कर झामुमो का दोनो कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने असंगठित मजदूरों को आश्वासन देते हुए कहा आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मजदूरों की तकदीर और तस्वीर अवश्य बदलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के तीन साल की कार्यकाल में झारखंड की जनता के लिए लाये गये सैकड़ों योजनाओं की उपलब्धियों पर यूनियन की ओर से ढेर सारी बतायी दी।

इस अवसर पर प्रफुल्ला सिंह मुंडा, शैलेंद्र मैथी, दिलीप प्रमाणिक, दिगंबर सिंह मुंडा, राम सिंह मुंडा खुदीराम सिंह मुंडा, कोकिल सिंह मुंडा, सुखराम सिंह मुंडा, अर्जुन सिंह मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, चरण सिंह मुंडा, महिला में सावित्री महतो, सुरेंद्र महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला एवं पुरुष शामिल हैं।

# जमशेदपुर कोर्ट परिसर से लोडेड पिस्टल के साथ धराया अखिलेश सिंह गिरोह का सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर न्यायलय परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गयी जब अखिलेश सिंह गिरोह का सदस्य अंशु चौहान परिसर में हथियार लेकर घुस गया। हालांकि कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उसकी जांच की तो उसके कमर में हथियार पाया। इसी बीच वह भागने का प्रयास करने लगा। सुरक्षा कर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कमर से एक लोडेड पिस्टल बरामद किया गया जिसमे 7 गोलियां भी लगी हुई थी। सूचना पाकर सीतारामडेरा पुलिस भी मौके पर पहुंची और अंशु को गिरफ्तार कर थाने ले गयी। फिलहाल अंशु से पूछताछ की जा रही है। अंशु अखिलेश सिंह गिरोह के लिए काम करता है और वह कन्हैया सिंह का भगना भी है। अंशु भुईयांडीह नीतीबाग कॉलोनी में हुए गैंगवार में भी शामिल था। इस मामले में सबसे बड़ी बात यह रही कि आखिर इतनी कड़ी पहरेदारी के बावजूद वह हथियार लेकर कोर्ट परिसर में कैसे घुस गया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# विधायक रामदास सोरेन ने किया घाटशिला में आदिवासी कला संस्कृति भवन का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गालूडीह।** शनिवार को घाटशिला थाना क्षेत्र के बनकाटी पंचायत अंतर्गत गांव नारायणपुर में घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने आदिवासी कला संस्कृति भवन का शिलान्यास किया. विधायक गांव पहुंचते ही गांव के ग्राम प्रधान और ग्रामीणों द्वारा मादल दमसा बजाते हुए स्वागत किया और साथ ही माल्यार्पण किया. विधायक ने कहा कि हर तबके का पेंशन राशन के साथ साथ और भी कोई प्रकार के लाभकारी योजना तथा हमारा संस्कृत से जुड़े हुए पर्व त्योहार और दुख सुख में हमेशा साथ खड़ा रहूंगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत जिला कोषाध्यक्ष कालीपोदो गोराई प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सोनाराम सोरेन, प्रखंड सचिव रतन महतो, पूर्व मुखिया दुर्गा चरण मुर्मू, अशोक महतो, निर्मल चक्रवर्ती, सीपु शर्मा, फूलचंद टुडू, दुर्गा बेसरा गांव के माझी बाबा, नाइके उपस्थित थे।

# सांसद विद्युत वरण महतो ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह पंचायत में बेलडीह मध्य विद्यालय के पास सांसद के प्रयाद से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को क्रायक्रम के दौरान सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने बताया जिले के लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा में लगातार कई महीनों से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। बेलडीह पंचायत में कुल आठ सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा निजी खर्च से अपने लोक सभा क्षेत्र में अभी तक लगभग 28 हजार जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचाने का काम किया है। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा नेता मुचिराम बाउरी, प्रदीप महतो, सांसद प्रतिनिधि शिव चरण सिंह, महावीर महतो, खगेन महतो, बनमाली बनर्जी, शांतनु मुखर्जी, सुकदेव सिंह, सनातन दास, दीपक महतो सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गालूडीह के पोड़ाडीह में सरस्वती पूजा पर वार्षिक खेलकूद आयोजित

# विधायक रामदास सोरेन ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गालूडीह।** प्रखंड की हेंदलजुड़ी पंचायत अंतर्गत पोड़ाडीह गांव में सरस्वती पूजा के अवसर पर वार्षिक खेलकूद का आयोजन हुआ. विधायक रामदास सोरेन इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विधायक के पहुंचने पर क्लब के सदस्यों ने विधायक को बुके देकर उनका स्वागत किया। विधायक ने अपने संबोधन में गांवों में ऐसे खेलकूद का नियमित आयोजन जरूरी बताया, ताकि सुदूर गांवों के बच्चे भी खेलों के प्रति आकर्षित हो सकें एवं प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने का मौका मिले। सभा के अंत में प्रतियोगिता में उत्तीर्ण बच्चियों को पुरस्कृत भी किया गया. मौके पर कान्हू सामंत, कालीपद गोराई, वकील हेंब्रम, सोनाराम सोरेन, रतन महतो, दुर्गाचरण मुर्मू, निर्मल चक्रवर्ती, सिपू शर्मा, अशोक महतो, फूलचंद टूडू आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## विरोध : ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण आम सभा स्थगित

# बैरंग वापस लौटे एनटीपीसी एवं प्रशासनिक पदाधिकारी

**ग्रामीणों ने आम सभा स्थल से 500 मीटर पहले ही सभी अधिकारियों को रोक दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बादम के बिजली खंभों में अंचल कार्यालय के द्वारा एनटीपीसी कोल खनन कंपनी के लिए गैरमजरूआ जमीन के अधिग्रहण हेतु ज्ञापन संख्या 25 दिनांक 6 जनवरी 2023 के तहत आम सूचना चिपकायी गयी थी।

इसी आलोक में आज आम सभा गोंदलपुरा पंचायत भवन में होनी थी। जिसकी सूचना पाते ही गोंदलपुरा पंचायत के हजारों महिला-पुरुष विरोध के लिए जमा हो गए। सड़क पर ही हजारों की संख्या में महिला-पुरुष विरोध की तख्तियां लेकर बैठ गए। ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण अधिकारी आमसभा स्थल तक नहीं पहुंच सके।

मौके पर सभा स्थल से 500 मीटर पहले ही सभी अधिकारियों को रोक दिया गया। और उपस्थित सभी ग्रामीण 'एनटीपीसी वापस जाओ, जल जंगल जमीन हमारा है, विकास के नाम पर विनाश करना बंद करो, जल जंगल जमीन हमें खिलाता है और खदान हमें खाता है, एनटीपीसी के दलालों होश में आओ, एनटीपीसी वापस जाओ, जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे' सहित अन्य विरोध के नारे ग्रामीण लगाते रहे।

अंततः ग्रामीणों के विरोध के कारण अधिकारियों को आम सभा स्थगित कर बैरंग वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी ग्रामवासी एक दिन पूर्व ही आपस में बैठकर यह निर्णय लिये हैं कि आम गैरमजरूआ एवं रास्ता देवस्थल जो आम ग्रामीणों का है अधिकारी सार्वजनिक भूमि का हस्तांतरण नहीं करने का अधिकार बनता है। ग्रामीण जनता का यह निर्णय है कि किसी भी प्रकार की जमीन किसी भी कंपनी को नहीं देंगे। जल जंगल जमीन ग्रामसभा का पूर्ण अधिकार है, जिसे सरकार ग्रामसभा किये बिना स्थानांतरण नहीं कर सकती। यह क्षेत्र तीन ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है जिसमें कीमती लकड़ी, औषधि युक्त पौधे, फलदार वृक्ष, जंगली जानवर हिरन, भालू, सूअर, खरगोश, मोर सहित विभिन्न प्रकार के जानवर पाये जाते हैं, सहित अन्य बिंदुओं पर लिखकर बड़कागांव प्रखंड प्रशासनिक पदाधिकारी से आए हुए सीआई अनुज कुमार के समक्ष के दिए और उस पर हस्ताक्षर भी ले लिये। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि एनटीपीसी के लिए सर्वजनिक सड़कें, धर्मस्थल एवं गैरमजरूआ जमीन का हस्तांतरण किया जाना ग्राम सभा के सदस्यों के आने वाली पीढ़ियों के साथ खिलवाड़ होगा। एनटीपीसी द्वारा विगत डेढ़ वर्ष से ग्रामसभा से पारित प्रधानमंत्री आवास को रोकना ग्राम सभा के निर्णय के विरुद्ध गैर कानूनी रवैया एवं संविधान विरोधी कृत्य है। एनटीपीसी का अभी तक यहां खनन भी शुरू नहीं हुआ है उसके बावजूद अस्थाई कार्यों पर एनटीपीसी के द्वारा रोक लगाया गया है इससे आम गरीबों को आवास एवं सरकारी कार्यों से वंचित रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा के क्षेत्र के लोग लगातार कोल खनन कंपनी का विरोध कर रहे हैं फिर भी ग्रामीणों के आवाज को नही सुना जाना संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### टंडवा में गणतंत्र दिवस समारोह की रही धूम



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** औद्योगिक नगरी टंडवा में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय में प्रमुख रीना कुमारी, एनटीपीसी प्लांट परिसर में सीजीएम तजिंदर गुप्ता, आम्रपाली में महाप्रबंधक अमरेश कुमार, मगध में महाप्रबंधक केके सिन्हा, डीएसपी कार्यालय में डीएसपी शंभू सिह, थाना में इंस्पेक्टर बिजय कुमार, शहीद चौक में विधायक किशुन कुमार दास, वन कार्यालय में रेजर मुक्ति प्रकाश पन्ना, वनांचल कॉलेज में सचिव अक्षयवट पाण्डेय, अस्पताल में डा. कृष्ण कुमार, कबरा में मुखिया नीलेश कुमार और धनगड़ा में मुखिया अरविंद सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर हजारो लोगों ने तिरंगे को सलामी दी।

### एनआरएचएम स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल जारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य एनआरएचएम - जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ एवं झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के बैनर तले सेवा नियमित व समायोजन करने की मांग पर राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल 11वें दिन भी जारी रही। सदर अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन कार्यालय के सामने धरना पर बैठे हड़ताली कर्मियों को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि इस हड़ताल से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। धरना में विशेष रूप से आमंत्रित पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए प्रयास करूंगी। एनआरएचएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सागर रजनीश, सचिव इन्द्रदेव यादव, चंदन कुमार, अमृता यादव, पूनम कुमारी, अनीता देवी, करिश्मा, तमन्ना, रिकी, प्रेमलता, संगीता, अर्चना, जफर इकबाल, संतोष कुमार, मनोज कुमार झा, संजीव राजहंस सहित दर्जनों कर्मी शामिल थे।

### मवि चांदगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चांदगढ़ स्थित सरकारी मध्य विद्यालय में सरस्वती पूजा को लेकर गुरुवार की संध्या में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया रिंकी देवी, समाजसेवी देवेन्द्र पांडेय, पंसस रामचन्द्र गुप्ता, यूसुफ अंसारी शामिल हुए। मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य व संगीत से उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। स्कूली बच्चियों ने अतिथियों का शानदार स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। इसके बाद भक्ति गीत, वंदना, भाषण, नाटक आदि विभिन्न कार्यक्रम किये गए। बच्चों को हौसला वर्धन को लेकर काफी संख्या में अभिभावक, गांव के नवचयनित एसडीपीओ अजय आर्यन, अजपता प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, सुकर ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे।

### शिशु विकास विद्यालय का मना वार्षिकोत्सव



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में संचालित शिशु विकास विद्यालय में शनिवार को गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर विद्यालय का 25वां वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलित कर प्रमुख संतोष मंडल, जिप सदस्य रामप्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाश पति सिंह, महेश अग्रवाल, रामप्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय, प्रवील प्रसाद, दशरथ नारायण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, बालेश्वर महतो एवं व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम के बाद सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालेश्वर महतो, दयाल प्रसाद, सुबोध पंडा, अजय पांडेय, राहुल कुमार, सुरेंद्र राणा, रघुनंदन प्रसाद, गौरी प्रसाद, संतोष कुमार, अक्ल महतो, मुकेश सोनी, छोटी महतो, रामबिलास साव समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय, शिक्षक सुरेश मिश्रा, प्रमोद पांडेय, शिक्षिका गीता रानी, मुस्कान कुमारी, आरती देवी, कुलसुम समेत अन्य शामिल थे।

## भव्य तरीके से मनाया जाएगा इटखोरी महोत्सव : उपायुक्त

**उपायुक्त अबु इमरान ने की राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में चतरा जिले के इटखोरी मां भद्रकाली मंदिर में 19, 20 व 21 फरवरी को होने वाले राजकीय इटखोरी महोत्सव को सफल बनाने को लेकर बैठक की गई।

बैठक में 2019 एवं 2020 मनाए गए राजकीय इटखोरी महोत्सव की रूपरेखा की जानकारी उपायुक्त ने उपस्थित मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों से लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने बैठक में महोत्सव को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को पूरी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि रंग रोगन, जंगल झाड़ी साफ-सफाई, पेयजल हेतु खराब पड़े चापानल का मरम्मती कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

वहीं संस्कृति कार्यक्रम के लिए कलाकारों का चयन करने को लेकर भी अनुमति दी गई। कहा कि 2023 का राजकीय इटखोरी महोत्सव भव्य तरीके से मनाने का कार्य किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, योजना पदाधिकारी अनूप कुमार समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं मंदिर प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे।

## झामुमो ओरला पंचायत समिति का पुनर्गठन

**अध्यक्ष उमेश करमाली एवं सचिव बने अनिल मांझी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा मांडू प्रखंड कमेटी ने शनिवार को ओरला पंचायत समिति का पुनर्गठन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिशंकर प्रसाद और संचालन प्रखंड सचिव सुरेश चंद पटेल ने किया। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में मांडू प्रखंड कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो, वासुदेव गंझू, मंगु मांझी शामिल रहे। वहीं, पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में ओरला पंचायत का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष उमेश करमाली, उपाध्यक्ष दिलीप करमाली, कैलाश हेम्ब्रोम व अनिल मांझी, सचिव अनिल मांझी, सहसचिव मनोज करमाली, लालदेव मांझी व टेकलाल मांझी, कोषाध्यक्ष सहदेव मांझी, मीडिया प्रभारी बबलू करमाली, कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंझू, मनोज सोरेन, बंशी करमाली व छोटन नायक शामिल रहे। मनोनीत सदस्यों को प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल समेत अन्य नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत करते हुए पार्टी हित में काम करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रदीप सोरेन, राजदेव महतो, वासुदेव गंझू, अभय सिंह, अनिल कुमार मांझी, रतन मांझी, बंशी करमाली, महादेव मांझी, बबलू करमाली, रोहित करमाली, सहदेव मांझी, रतन मांझी, रामकिशुन मांझी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छह गांवों के समन्वय से दुर्गा मंडा निर्माण की रखी गयी आधारशिला

**मंदिर सकारात्मक विचारों का घर : जिप चेयरमैन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** इचाक । प्रखंड के मंगुरा स्थित महावीर स्थान में सार्वजनिक दुर्गा मंडा निर्माण समिति के तत्वावधान में शनिवार को मां दुर्गा के भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला मंगुरा, मोक्तमा, करियातपुर, फुरुका, जमुवारी और निचली जमुवारी के समन्वय से आधारशिला रखी गई। आचार्य श्री निवास पाण्डेय के विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन कर मंदिर की नीव रखी गई। पूजा अनुष्ठान में मुख्य पुजारी कमलेश कुमार मेहता, बिरेंद्र कुमार शर्मा, हितनारायण मेहता, केवल मेहता, मेघलाल ठाकुर, राजो मेहता, राजेंद्र रवि सपत्नीक शामिल हुए। पूजा के उपरांत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नागेश्वर मेहता और संचालन समिति के सचिव महेश कुमार मेहता और रामशरण शर्मा ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों को माला पहनकर स्वागत किया गया। संरक्षक रामलखन मेहता और सुनील मेहता ने अतिथियों को स्वागत सम्बोधन किया। मुख्य अतिथि जिला परिषद् चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने मंदिर निर्माण में भूमिदाताओं और समिति के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि मंदिर सकारात्मक विचारों को जन्म देनेवाला एक ऐसा धार्मिक स्थल है। जहां से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। विशिष्ट अतिथि विधायक अमित कुमार यादव कहा कि कई कालखंडों से इचाक मंदिर तालाब और बाग बगीचों के लिए विख्यात रहा है। उन्होनें मंदिर परिसर में पेयजल, शौचालय और पीडब्ल्यूडी रोड से मंदिर के मुख्य द्वार तक फेवर ब्लॉक देने की घोषणा की। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि भूमिदान में हिंदु मुस्लिम दोनो समुदाय के लोग शामिल हैं। ये आपसी एकता और भाईचारे की पराकाष्ठा है। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने भूमिदाता और समिति के कार्यकताओं को महान बताया। कांग्रेस प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ. आरसी मेहता ने धर्म प्रेमियों का हौसला बढ़ाते हुए एक लाख एक हजार रुपए का सहयोग करने की घोषणा की। प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने इचाक में मन्दिरों के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता, मुखिया संघ के ज़िला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, बरकट्ठा के पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, पूर्व मुखिया वकील मेहता, मुखिया अशोक कपरदार, मेहता विकास मंच के अध्यक्ष जयनारायण मेहता, समाज सेवी और भाजपा नेता बालेश्वर मेहता समेत कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि डेगनारायण मेहता, सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता ओम प्रकाश मेहता, हरिहर मेहता, जदयू नेता अर्जुन मेहता, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानन्द अग्रवाल, मुखिया मीना देवी, निशु कुमारी, राजकुमार नायक, पंसस कमली देवी, अनुज कुमार मेहता, चंद्रधारी मेहता, ब्रजकिशोर मेहता, दयानंद मेहता समेत मंगुरा, मोकतमा, करियातपुर, फुरुका, जमुआरी और निचली जमुआरी के हजारों धर्म प्रेमि इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रामशरण शर्मा, बुद्धदेव मेहता, तालो महतो, केदार मेहता, वासुदेव राम, रंजीत मेहता, महेंद्र मेहता, रेवा महतो, बद्री मेहता, अशोक राम, बालेश्वर मेहता, राजेंद्र रवि, धनेश्वर सोनी, राजेंद्र गिरी, शुभम कुमार, शिव कुमार मेहता, सीताराम कुशवाहा, रामअवतार स्वर्णकार समेत दर्जनों लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## पलामू के युवक की चतरा में गोली मारकर हत्या

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पलामू के एक सिलाई कारीगर की चतरा में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के घटमरवा पुल के समीप मरगड़ा-गेंदरा रोड पर अज्ञात अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। हालांकि मृतक के परिजनों ने गांव के ही लोगों पर सात साल पुराने भूमि विवाद में हत्या का आरोप लगाया है। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान पलामू के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के टूनुदाग गांव निवासी कलाम मियां के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार 7 साल पहले पुराने विवाद को लेकर गांव में झगड़ा हुआ था। बाद में शादी को लेकर भी गांव में मारपीट हुई थी। इसी के प्रतिशोध में गांव के लोगों ने ही घटना को अंजाम दिया है। युवक मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी से मिलने कुंदा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही है।

## फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबेडकरनगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी पहचान लालचंद भुईयां उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय बंसी भुईयां ग्राम अंबेडकरनगर झुमरी तिलैया के रूप मे हुई है। मृतक की पत्नी ने बताया कि मानसिक रूप से ठीक नहीं रहने के कारण बीते रात 8:30 अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद परिजनों की मदद से आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसे डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद कोडरमा पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## केरेडारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा शनिवार को निकली गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव थे। यह यात्रा केरेडारी के कृषि फॉर्म मैदान से शुरू होकर बेल चौक, बाजार टांड़ होते हुए मुख्य चौक पहुंची। इस यात्रा में नफरत छोड़ो भारत जोड़ो के नारे लगाये गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश में नफरत का माहौल बनाकर भाजपा सत्ता में बने रहना चाहती है, जबकि कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 3750 किलोमीटर की लंबी राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम कर रहे हैं। मौके पर केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता, दक्षिणी जिप सदस्य अनीता सिंह, मुखिया संघ के जिला महासचिव महेश प्रसाद साव, चन्दन गुप्ता, निसार खान, बेबी देवी, राजेश गुप्ता, केडी सिंह, कृष्ण किशोर प्रसाद, सुरेश साव, मनोज सिंह, अर्जुन साव, नरेश साव, गीता देवी, सकुंती देवी, भगीरथ साव, प्रकाश ठाकुर, बिनोद राम, संजय कुमार, रविन्द्र पाण्डेय, रघुनाथ राणा, अनीता देवी, सुनीता देवी व चिंतामणि साव सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## चतरा : मंत्री ने किया कुल्हैया पशु मेले का उद्घाटन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** राज्य के श्रम नियोजन सह प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता शुक्रवार को कान्हाचट्टी प्रखंड के प्रसिद्ध कुल्हैया पशु मेले का उद्घाटन किया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सह मेला ठीकेदार आफताब अहमद के अलावा मुखिया सोनिया देवी शामिल थे। इस क्रम में उन्होंने मेले में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए एक चापाकल बोरिंग करवाने की बात कही। वहीं उपाध्यक्ष ने कहा कि यह मेला ऐतिहासिक धरोहर है। इसका नियमित रूप से संचालन होना चाहिए। इसके पश्चात मंत्री ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष रामेश्वर यादव, राजेंदर राम,राजद प्रखंड उपाध्यक्ष जगदीश दांगी, मोहम्मद शेर साह, सोनू खान, राजेश सिंह, इंद्रदेव दांगी, राजेश दास, कबीर अंसारी, बबलू भारती, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## प्रखंड मुख्यालय में सभागार प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023-24 के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान प्रमुख फुलवा देवी ने कहा की अपने पंचायत में विकास की किरणों में तेजी लाने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपना पर्सनल लाभ नहीं ले ग्राम सभा में लगभग 25% का सहमति होना चाहिए। प्रशिक्षण में आए जनप्रतिनिधियों को मास्टर ट्रेनर तपेश्वर कुमार एवं ओमप्रकाश के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी ,उपप्रमुख वचनदेव कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, सांढ़ पंचायत मुखिया सुलेखा कुमारी, चेपा कला पंचायत मुखिया अनिकेत कुमार नायक, चौपदार बलिया पंचायत मुखिया पूजा कुमारी, हरली पंचायत कविता देवी, महुंगाई कला पंचायत मुखिया बेबी देवी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद ,कृष्णा राम ,रितेश ठाकुर, रमणिका देवी, सुनीता देवी, राखी कुमारी, मेघा ,उपमुखिया राजदेव महतो उर्फ भोला, पंचायत सेवक अरविंद कुमार कौशल ,पंकज गुप्ता ,बीपीओ हीरा महतो, आशीष पासवान ,जगरनाथ सिंह, जयप्रकाश कुमार, के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक में निलंबित सदस्य वीणा का पुन: योगदान करने पर बनी सहमति



**कुजू (आजाद सिपाही)।** स्वंयसेवी संस्था उज्ज्वला फाउंडेशन की आवश्यक बैठक शनिवार को बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम काम्प्लेक्स में हुई। बैठक में मुख्य रूप से फाउंडेशन अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति मौजूद रहे। बैठक के दौरान फाउंडेशन की मजबूती समेत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने को लेकर आवश्यक चर्चा हुई। वहीं, मौजूद पदाधिकारियों ने सुमित्रा स्मारक सेवा संस्थान में शामिल होने के आरोप में गत 25 सितंबर से निलंबित संस्था की कोषाध्यक्ष वीणा देवी को निर्दोष पाए जाने पर संस्था में पुनः योगदान कराने का निर्णय लिया। साथ ही, आगामी 30 जनवरी को ग्राम मुरपा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के बैनर तले माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का भव्य स्वागत करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर आशा कुमारी, अनिता देवी, कौशल्या देवी, मन्सरी देवी, सुमन देवी मौजूद रहे।

**कार्यालय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी**
**सामु.स्वा.केन्द्र, कटकमसांडी, हजारीबाग**

**आदेश**

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कटकमसांडी एवं कटकमदाग प्रखंड वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कटकमसांडी परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कटकमसांडी में निम्नांकित सुविधाएं उपलब्ध है।

1. 24 घंटा स्वास्थ्य सेवा ओ.पी.डी.
2. निःशुल्क टीकाकरण
3. जननी सुरक्षा एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम का लाभ
4. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व जांच एवं लाभ
5. निः शुल्क खून, पेशाब, एच.आई.वी, यक्षमा, कोविड-1, मलेरिया रोग, फाइलेरिया, चिकुनगुनिया, जापानीज, इंसेफेलाइटीज, इत्यादी का जांच की सुविधा
6. आयुष्मान भारत योजना सुविधा की कॉनसेसिंग

ज्ञापांक : 16 (BPMV)
दिनांक : 24.01.2023

ह./- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामु. स्वा. केन्द्र, कटकमसांडी

# सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का सूर्य सप्तमी समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा रांची के द्वारा सूर्य सप्तमी समारोह मनाया गया। सरोवर नगर देवी मंडप रोड स्थित सूर्य मंदिर सह भास्कर भवन में भगवान सूर्यदेव का पूजन आयोजन हुआ। यजमान की भूमिका में अरविंद कुमार मिश्र सपत्नीक एवं पुरोहित की भूमिका में पंडित कृष्णकांत पाठक थे। पूजन के पश्चात महासभा का वार्षिक अधिवेशन शुरू हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता अध्यक्ष अमिताभ कुमार पांडेय ने की सर्वप्रथम सभी उपस्थित बंधुओं का परिचय लिया गया। समाज के वयोवृद्ध पंडित राजेंद्र पाठक को शॉल और पुष्प माला देकर सम्मानित किया गया। महासभा के अध्यक्ष डॉ अमिताभ कुमार पांडे ने अध्यक्षीय भाषण, मंत्री मिथिलेश कुमार मिश्र ने मंत्री का प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष शशि भूषण मिश्र ने वार्षिक लेखा-जोखा का प्रतिवेदन पटल पर रखा। समाज के विभिन्न परीक्षाओं में सफल मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया गया। खुशबू कुमारी को बीपीएससी 2022 की परीक्षा में 147 वां स्थान के साथ सफल होने तथा अंचल पदाधिकारी के पद पर चयन होने पर, सुरभि मिश्र को 2022 वर्षीय चार्टर्ड एकाउंटेंट फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर तथा डॉ सौम्या को बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी 2022 की परीक्षा में सफलता प्राप्त होने पर तथा माध्यमिक परीक्षा आइसीएसई 2022 की परीक्षा में सर्वोच्च अंक के साथ सफल होने पर मोनालिका को सम्मानित किया गया। राजेंद्र पाठक, मनोज कुमार पुटू, जगन्नाथ मिश्र, रीना मिश्र, गौरी शंकर पाठक आदि कई गणमान्य वंधुओं ने अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन विभाकर मिश्र उपाध्यक्ष ने किया संपन्न किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज कुमार पुटू ने दी।

# एचडीएफसी बैंक की पंडरा शाखा का उद्घाटन



**रांची (आजाद सिपाही)।** पंडरा रांची में एचडीएफसी बैंक की नयी शाखा का उद्घाटन हुआ। शाखा का उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। मौके पर श्री सेठ ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आस पास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जायेगी। इस मौके पर क्लस्टर हेड धर्मेंद्र कुमार, शाखा प्रबंधक निशांत कुमार उपस्थित थे।




बिजेंद्र कुमार
रिपोर्टर
भुरकंडा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राजेंद्र बेदिया
प्रखंड अध्यक्ष, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भदानी नगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सत्य मेव जयते



मयंक प्रसाद
एसआइ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सत्य मेव जयते



अक्षय कुमार
एसआइ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दुर्गा शंकर मंडल
थाना प्रभारी ओपी, भदानी नगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



छोटेलाल बेदिया
भदानी नगर पाली पंचायत के पाली गांव के सरपंच।
निवेदन: समस्त ग्रामीण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सत्य मेव जयते



राजदीप कुमार
एसआइ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कोशल्या देवी
प्रमुख, पतरातु प्रखंड
निवेदक : सीताराम मुंडा
( प्रमुख प्रतिनिधि )

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अमित कुमार साहू
विधायक प्रतिनिधि, पतरातु प्रखंड, कोयलांचल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



लखन राम
पतरातु प्रखंड अध्यक्ष, सुपन कल्याण परिषद, सचिव भुरकुंडा शाखा राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ।
निवेदक : अशर्फी राम, उत्तम राम, कपिल राम, राम राम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिक्षकों के सही मार्ग-दर्शन में विद्यार्थियों का भविष्य संवारना और मंजिल तक पहुंचाना ही संस्था का उद्देश्य



रत्नेश कुमार
निदेशक, एस्पायर कोचिंग सेंटर
रामगढ़ जिला का नंबर 01 संस्थान एस्पायर कोचिंग सेंटर, पटेल नगर, रीवर साईड भुरकुंडा एवं गिद्दी में संचालित संस्था के करीब 600 से विद्यार्थियों ने अब तक सफलता अर्जित की है।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

इंकलाब जिन्दाबाद! बैजनाथ मिस्त्री जिन्दाबाद! दीपांकर भट्टाचार्य जिन्दाबाद! विनोद बिहारी जिन्दाबाद!



डॉ. आशीष कुमार
क्षेत्रीय सचिव कोल माइंस वर्कर्स यूनियन बरका-सयाल (एआइसीसीटीयू) (सीएमडब्लूयू) सह केंद्रीय अध्यक्ष ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी झारखंड।
निवेदक: सुरेंद्र राम, प्रतिमा पटेल, सोमरा मुंडा, नकुल प्रसाद, श्याम महतो, सीताराम सिंह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



देवेन्द्र कुमार सिंह
बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव
राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन
प्रचारित: रामकिंकर सिंह, शशि भूषण सिंह, संजय राय, विमल श्रीवास्तव, मुन्ना राम, रमेश राम।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अभय प्रताप सिंह
मुखिया, सीसीएल सौंदा पंचायत सह अध्यक्ष मुखिया संघ पतरातु

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



उपेंद्र शर्मा
मुखिया, सौन्दा डी पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कुलदीप यादव
रामगढ़ जिला अध्यक्ष, कांग्रेस इंटक सह अध्यक्ष स्थानीय विस्थापित मोर्चा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विकाश पांडेय
मुखिया, चिप हाउस पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




अवधेश कुमार सिंह
डायरेक्टर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



भुरकुंडा उच्च विद्यालय भुरकुंडा
निवेदक: समस्त विद्यालय परिवार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अजय पासवान
मुखिया, भुरकुंडा पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रूदल कुमार
जिला महामंत्री, रामगढ़ भाजपा अनुसूचित मोर्चा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बाबूलाल नायक
अनुमंडल अध्यक्ष : भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




श्री वैंकटेश आयरन एंड एलॉयज (आइ) लिमिटेड एंड सनमार्ग स्टील
निवेदक: कमल केडिया, अंकित केडिया, हर्ष केडिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




निवेदक : विष्णु कुमार
भाकपा जिला सचिव
मनोज कुमार महतो
(अंचल सचिव) सह संयोजक एनटीपीसी मजदूर यूनियन

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



लटलु फ्यूल स्टेशन
मतकमा चौक, हुरुमगढ़ा जिंदल रोड, भुरकुंडा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



संजीव बेदिया
केंद्रीय सचिव, झामुमो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अमर शुक्ला
बासल, थाना प्रभारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बबिता पांडे
उप प्रमुख
निवेदक: रमाशंकर पांडे

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अर्चना देवी
पूर्व जिला पार्षद सह समाजसेवी
निवेदक : बीरेंद्र पासवान
समाजसेवी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जुबिली कॉलेज भुरकुंडा
- इंटर (2022-24) एवं स्नातक सेमेस्टर-5 (2020-23) की कक्षाएं प्रारंभ है।
- मौलाना आजाद उर्दू यूनिवर्सिटी से पीजी कोर्स करने की सुविधा
- कास्ट अकाउंटेंसी के फाउंडेशन कोर्स करने की सुविधा
- कालेज बस की सुविधा


निवेदक : समस्त विद्यालय परिवार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




अमित कुमार
भुरकुंडा, ओपी प्रभारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



किशोरी वर्मा
विजय ज्वेलर्स (चैयरमेन)
निवेदक : विजय ज्वेलर्स परिवार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जेएम कॉलेज, भुरकुंडा

अंबा प्रसाद
अध्यक्ष, शासी निकाय, जेएम कॉलेज भुरकुंडा सह विधायक बड़कागांव विस क्षेत्र, भुरकुंडा।

डॉ विद्यानंद तिवारी
प्राचार्य, जेएम कॉलेज भुरकुंडा

समस्त महाविद्यालय परिवार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सत्यवंती देवी
मुखिया, दोतल्ला पंचायत
निवेदक : लव कुमार महतो
पूर्व मुखिया

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
11

## जेएम कॉलेज में यंग इंडियंस ने लगाया रक्तदान शिविर, 48 यूनिट संग्रह हुआ ब्लड



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित जेएम कॉलेज की एनएसएस शाखा और यंग इंडियंस रांची चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। शिविर में महाविद्यालय के 48 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने रक्तदान किया। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्रो. डॉ गिरिधर पाठक ने किया। मौके पर डॉ गिरिधर पाठक ने कहा कि आज देश में दुर्घटनाओं और बीमारियों में खून की कमी के कारण मरने वालों की संख्या चिंताजनक है। उन्होंने जीते जीते रक्तदान, जाते-जाते नेत्रदान करने की अपील की। एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से अनेक तरह की बीमारियों को शरीर खुद ही ठीक करता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। यंग इंडियंस के चेयर पर्सन हर्ष पसारी ने कहा कि हमें समाज के भीतर रक्तदान के डर को खत्म करना है और समय-समय पर रक्तदान को अपनी आदत बनाना है। कार्यक्रम में ब्लड संग्रहित करने के लिए सदर अस्पताल रांची की विशेषज्ञों की टीम आई हुई थी। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को संस्था ने सर्टिफिकेट प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल मारू, निखिल अग्रवाल, हर्ष राजगढ़िया, अमन बंसल, राहुल मजूमदार, सिद्धार्थ जैन राठी, दीपक गोयंका, एनएसएस के राहुल प्रसाद, आकाश लोहरा, अंजली सिंह, प्रीती कुमारी, सीमा कुमारी, सिराज, अर्जुन, दीपेश, सुमित बोस, सोनाली सिंह, आरती केसरी, शेरा, धनंजय कुमार, विवेक केशरी, अंकित कुमार, शत्रुघन गिरी, शोभा, अंजली, आरती, पारुल, आस्था रानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो रैयत विस्थापित मोर्चा करेगा नाकाबंदी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक शनिवार को बलकुदरा मदनाटांड़ में हुई। इसकी अध्यक्षता सनी बेसरा व संचालन बिरेंद्र मांझी ने किया। कहा गया कि पूर्व में मोर्चा द्वारा प्रबंधन को मांग-पत्र सौंपा गया था। जिसपर प्रबंधन द्वारा पहल नहीं करने से ग्रामीणों में आक्रोश है। कहा गया कि लोकल सेल में भुरकुंडा परियोजना से जो विस्थापित हुए उसे पहले प्राथमिकता दी जाए। साथ ही विस्थापित गांवो में मूलभूत सुविधा प्रदान की जाए। प्रबंधन मोर्चा की मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करेगी तो रैयत विस्थापित मोर्चा नाकाबंदी आंदोलन को बाध्य होगा। मौके पर सुनील मुर्मू, धनीराम टूडू, मनोज मांझी, अनिल मुर्मू, बिहारी मांझी, पिंटू मुर्मू, राजेश मुर्मू, बसंती हेंब्रोम, मनोज हेंब्रोम, रमेश मुर्मू, अनिल हेंब्रोम, महेश हेंब्रोम, बसंती सोरेन, दशरथ मांझी, मालती देवी, सरिता देवी, सावित्री, सुकरमणि देवी, मीना मरांडी, रानी टूडू, फुलमनी टूडू, मुनीश देवी, सुवंती मरांडी, आरती देवी, मंजी देवी, बसंती सोरेन, कांदनी देवी, बिरसा मुर्मू, लालदेव मांझी, दिनेश मुर्मू, उमेश मुर्मू, रंजीत मांझी, मनीष मुर्मू, रमेश हांसदा सहित मोर्चा के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का विजेता बना पटेलनगर का प्रशांत सिंह



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित कोयलांचल स्वस्थ्य जिम की ओर से आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में पटेलनगर निवासी समाजसेवी विनोद सिंह व प्रतिमा सिंह का पुत्र प्रशांत कुमार सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कोयलांचल का मान बढ़ाया है। बच्चे के अवार्ड से गदगद विनोद सिंह ने बताया कि प्रशांत कुमार सिंह ने 145 किग्रा वजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए विजेता प्रशांत सिंह को प्रतियोगिता के आयोजक सह कोयलांचल स्वास्थ्य जिम के संचालक सत्यनारायण ठाकुर व अन्य अतिथियों ने सफल छात्र को ट्रॉफी, मेडल व प्रथम पुरस्कार का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि बच्चे की कामयाबी से बड़ा पिता के लिए और कोई उपहार नहीं हो सकता। श्री सिंह ने कहा कि प्रशांत की सफलता से पटेलनगरवासियों में हर्ष का माहौल है। इधर मुरली प्रजापति, देवा प्रजापति, एमके साहू, अवधेश पासवान, विजय अग्रवाल सहित दर्जनों लोगों ने प्रशांत को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## झुमरीतिलैया में झंडा चौक पर महिला से ठगे एक लाख से अधिक के गहने



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर के हृदय स्थली झंडा चौक पर एक महिला से एक लाख से अधिक के गहने ठग लिए गए। घटना शनिवार की शाम 4 बजे की है। महिला ने इस संबंध में तिलैया थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड काली मंदिर के पास की रहने वाली नागमणि देवी (पति रमेश कुमार सिंह) झंडा चौक के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान दो व्यक्ति उससे मिले जिनमें एक व्यक्ति ने भूत और भविष्य की जानकारी देते हुए दूसरे एक युवक को 60 कदम आंख बंद कर चलने को कहा और वह वापस लौटा तो उसने बताया कि उसे सही जानकारी मिली है। महिला को भी अपने सभी गहने उस युवक को देकर 60 कदम चलने को कहा गया और इसी दौरान दोनों युवक गहने लेकर वहां से फरार हो गए। बाद में सीसीटीवी में देखा गया कि दोनों मोटरसाइकिल से झंडा चौक से फरार हुए हैं। गहना में सोने का चेन, मंगलसूत्र और जितिया शामिल है, जिसकी कीमत एक लाख से अधिक बतायी गयी। मामले की जानकारी महिला ने थाने को दी है और पुलिस छानबीन में जुटी है।

### रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा

# निष्पक्ष तरीके से उप चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने डीसी-एसपी सहित विभिन्न कोषांगों के वरीय अधिकारियों से आगामी विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विधानसभा उपचुनाव के तहत हो रहे कार्यों को लेकर शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे सहित विभिन्न कोषांगों के वरीय अधिकारियों से उनके द्वारा आगामी विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ जिले के विभिन्न एंट्री/ एग्जिट प्वाइंटों पर बनाए गए चेकपोस्ट एवं उनके माध्यम से चलाए गए जांच अभियान की समीक्षा करते हुए चेक पोस्ट को और भी प्रभावी बनाने एवं चेक पोस्ट को 247 एक्टिव रखते हुए जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।

स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पोस्टर/ बैनर आदि के माध्यम से लोगों को आगामी विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान मतदान करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बीते विधानसभा चुनाव के दौरान जिन मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत कम रहा था उन क्षेत्रों में विशेष योजना बनाकर स्वीप के तहत प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में श्री कुमार ने उपचुनाव के दौरान कार्य करने वाले प्रत्येक अधिकारी/कर्मी को पूरी तरह से प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान श्री कुमार ने एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी आदि के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से उप चुनाव संपन्न कराने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को उनके उनके कार्यों से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मैनुअल को पढ़ने एवं निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इन सबके अलावा बैठक के दौरान श्री कुमार ने फायर आर्म्स डिपोजिशन, एफएलसी, बूथ वेरिफिकेशन, एएमएफ, वेहकील मैनेजमेंट, प्रशिक्षण, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान, ईवीएम हैंडलिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस महा निरीक्षक अभियान ए वी होमकर ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे से पुलिस प्रशासन द्वारा आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने चेकपोस्ट के संचालन व स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, आवश्यकतानुसार पुलिस बल की मांग सहित अन्य विषयों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक इंद्रजीत महथा, संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग राजेश रंजन वर्मा, विशेष कार्य पदाधिकारी मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग गीता चौबे, अवर सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग देवदास दत्ता, विभिन्न कोषांगो के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## मलेशिया में सम्मानित किये गये खोरठा प्राध्यापक ओहदार अनाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग के सहायक प्राध्यापक ओहदार अनाम ने भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मलेशिया में 21-22 जनवरी को आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी का आयोजन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इंडियन कल्चरल सेंटर कुआलालंपुर, हाई कमीशन ऑफ इंडिया (मलेशिया), यूनिवर्सिटी मलाया, मलेशिया तथा साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन नई दिल्ली भारत के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इसमें भारत सहित अन्य देशों के साहित्यकार, शोधार्थी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, शिक्षाविद तथा केंद्रीय हिंदी निदेशालय के अधिकारी गण ने भाग लिया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ. मनीमारन सुब्रमण्यम प्रोफेसर, मलाया विश्वविद्यालय, कुआलालंपुर, मलेशिया तथा सम्मानित अतिथि श्रीमती रम्या हिरियनैय्याह निर्देशक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इंडियन कल्चरल सेंटर कुआलालंपुर मलेशिया के सान्निध्य में भारत एवं मलेशिया के सांस्कृतिक संबंध पर तथा हिंदी संवर्धन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इस संगोष्ठी मे ओहदार अनाम को 'भारत-मलेशिया गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में प्राध्यापक ओहदार अनाम ने 'खोरठा लोकगीतों में प्रकृति एंव संस्कृति' तथा खोरठा साहित्यकार सुकुमार के गीतों में प्रकृति, संस्कृति एंव भक्ति शीर्षक पर शोध पत्र का वाचन किया, जो विद्वानों द्वारा प्रशंसित हुआ। संगोष्ठी में आयोजित 'काव्य संध्या' में खोरठा लोकगीतों की प्रस्तुति कर ओहदार अनाम ने सबकी वाहवाही लूटी। खोरठा में लोकगीतों की प्रस्तुति करने पर साहित्य संचय शोध सवांद फाउंडेशन, दिल्ली, भारत, एंव मारवाड़ी युवा मंच कुआलालंपुर द्वारा ओहदार अनाम को 'मलेशिया काव्य सम्मान' से सम्मानित किया गया। ओहदार अनाम की इस उपलब्धि पर राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वैजनाथ साह, प्रतिकुलाधिपति प्रो.डॉ.एम. रजीउद्दीन, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि , मुख्य लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति के अजय कुमार, खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद के अध्यक्ष डॉ. बी.एन. ओहदार, सचिव सुजीत कुमार, प्रो निरंजन महतो ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।























## बालूमाथ रेलवे स्टेशन से जल्द चलाया जाए पैसेंजर ट्रेन : अनीता देवी



बालूमाथ।(आजाद सिपाही)लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी दैनिक आजाद सिपाही बालूमाथ से एक विशेष मुलाकात में बताया है कि बालूमाथ-शिवपुर पैसेंजर ट्रेन का जल्द से जल्द परिचालन कराया जायेगा।उन्होंने एक पत्र लिखकर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनिल सिंह से कहा है कि आपके संसदीय क्षेत्र के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत आनेवाले बालूमाथ रेलवे स्टेशन से रेलवे को कोयले की ढुलाई से करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त हो रहा है जो हम सबके लिए भी एक बड़ी उपलब्धि और खुशी की बात है , परंतु बालूमाथवासियों के लिए यह दुर्भाग्य है कि इस रेलवे स्टेशन में आम नागरिकों के लिए एक भी पैसेंजर ट्रेन रेलवे के द्वारा नहीं चलाया जाता है। जिससे यहां के लोगों में निराशा है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने सांसद महोदय से अनुरोध किया है कि आम नागरिकों की सुविधा और जनहित को देखते हुए टोरी से बालूमाथ होते हुए शिवपुर तक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए।

## पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अभियुक्त को भेजा जेल



बारियातु।(आजाद सिपाही) थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के निर्देश पर शुक्रवार को बारियातु पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर बालूमाथ (वर्तमान बरियातु) थाना कांड संख्या 119/22 के प्राथमिकी अभियुक्त महेंद्र उरांव को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेजा। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि एकीकृत थाना बालूमाथ में महेंद्र उरांव पिता स्व. गणेश उरांव ग्राम गाड़ी सुरांगी टोला थाना बारियातु जिला लातेहार के नाम कांड संख्या 119/22 के प्राथमिकी अभियुक्त था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम बनायी गयी थी। छापेमारी कर सदर पंचायत बारियातु के ग्राम गाडी.स्थित सुरांगी टोला से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में सब इंस्पेक्टर रवि कुमार, बिदेंश्वर महतो, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक मिथिलेश कुमार सिंह, हवलदार मनोज कुमार सिंह के अलावा कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सुमन किस्पोटा को मिला ब्राउन मेडल



बरवाडीह।(आजाद सिपाही)लातेहार जिला से बरवाडीह के एक दर्जन से अधिक कराटे राज्य स्तरीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिए थे।जिसमें सीनियर वर्ग में सुमन किस्पोटा ने ब्राउन मेडल प्राप्त कर बरवाडीह का नाम रोशन किया है।इसके लिए कई सदस्यों ने सुमन को बधाई दिया है। जानकारी के अनुसार राज्य स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में हुई राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में लातेहार जिला से एक दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें सिनियर वर्ग में सुमन किस्पोट्टा ने ब्राउन मेडल लाकर अपने जिले का नाम रौशन किया। सुमन किस्पोट्टा के इस सराहनीय उपलब्धि के लिए कराटे प्रशिक्षक सेम्पाई जंग बहादुर सिंह, संगीता टोपनो,लातेहार जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेन्सेई मदन लाल,गौतम कुमार सिंह और सभी कराटे खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

## पूजा पंडाल में महाप्रसाद का किया गया वितरण



बरवाडीह।(आजाद सिपाही) सरस्वती पूजा के अवसर पर मंगरा बस्ती पूजा पंडाल द्वारा शनिवार को प्रतिमा-विसर्जन से पूर्व महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह पुत्र यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने आयोजित कार्यक्रम मंगारा व इसके आसपास के उपस्थित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद खिचड़ी का वितरण किया। इस दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा धूमधाम से संपन्न होने के बाद महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पूजा समिति के सभी सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहाड़ी मंदिर में तिलकोत्सव कार्यक्रम आयोजित



बरवाडीह। (आजाद सिपाही) बरवाडीह प्रखंड के पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में बसंत पंचमी के अवसर पर महाशिवरात्रि के अवसर में आयोजित होने वाले शिव विवाह से पूर्व भगवान भोलेनाथ का तिलकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भोलेनाथ के तिलकोत्सव कार्यक्रम को लेकर पहाड़ी शिव मंदिर को आकर्षक ढंग से सजावट गया था। भक्त निरंजन सिंह ,राकेश सिंह व अन्य भक्तों द्वारा मंदिर के पुजारी मृत्युंजय मिश्रा उर्फ बल्लू मिश्रा ने भगवान भोलेनाथ का तिलक चढ़ाया गया। इस अवसर पर पूरे वैदिक विधान से तिलक के अवसर पर वर पक्ष को मिलने वाली सभी सामग्री को भगवान भोलेनाथ को भेंट किया गया।वहीं इस अवसर पर उपस्थित काफी संख्या में महिलाओं ने गीत-संगीत से भगवान भोलेनाथ का तिलकोत्सव कार्यक्रम का रौनक बढ़ायी।कार्यक्रम में अनूप कुमार अग्रवाल, मुरारी लाल, गौतम पेटंडी, सिद्धनाथ प्रसाद ,पंडित गिरधारी मिश्रा समेत काफी संख्या में भक्त शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई संपन्न



लातेहार।(आजाद सिपाही) उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत निबंधित और सत्यापित किये गये किसानों के भुगतान की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान गयी।बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार-विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गयी।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार,अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## गुणवत्तायुक्त स्वेटर नहीं, उपायुक्त से रखेंगे जांच कर कार्रवाई की मांग: उप प्रमुख



किस्को/लोहरदगा।(आजाद सिपाही) जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह में बाल विकास परियोजना की ओर से संचालित आंगनबाड़ी केंद्र भाग संख्या 2 में पढ़ने वाले 40 बच्चों के बीच विभाग की ओर से उपलब्ध करायी गयी स्वेटर का किस्को प्रखंड उप प्रमुख गीता देवी के द्वारा वितरण कर राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस बीच उप प्रमुख गीता देवी ने गुणवत्तायुक्त स्वेटर नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी शिकायत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग रखे जाने की बात कही। उप प्रमुख गीता देवी ने कहा कि सरकार की ओर से राज्य के सभी जिलों में आंगनबाडी.केंद्रों और स्कूलों में पढ़नेवाले बच्चों को गुणवत्तायुक्त गर्म वस्त्र देने हेतु विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों को निर्देश दिया है बावजूद घटिया किस्म का स्वेटर वितरण करना सरकार के आदेशों को दरकिनार करते हुए सरकार की आंखों में धूल झोंक सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है, जो सरासर गलत है।

### डीआर, पोक्सो एक्ट एवं जेजे एक्ट पर मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

# थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहें, तभी अपराध हो सकेंगे कम : एसपी

**पोस्को एक्ट के मामले में एफआईआर तुरंत करें स्कूली बच्चियों को दे पोस्को एक्ट की जानकारी : एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** नालसा और झालसा के निर्देश पर डालसा, लोहरदगा द्वारा शनिवार को एडीआर, पोक्सो एक्ट एवं जेजे एक्ट पर मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि पुलिस को हमेशा किसी भी मामले में न्याय के लिए सोचना चाहिए। पोस्को एक्ट के मामले सिर्फ जागरूकता के जरिये ही रोके जा सकते हैं। हमें यह देखना होगा कि क्या हम समाज को न्याय दिला पा रहे हैं। भुक्तभोगी के न्याय दिलाने के लिए पुलिस को न्यायालय और न्यायालय को पुलिस की मदद करनी चाहिए। पुलिस को कानून की जानकारी को नियमित रूप से अद्यतन करते रहना चाहिए। आज कानून की धाराओं में कई सुधार हुए हैं जिनकी जानकारी होना आवश्यक है, तभी मामले में न्याय कर पाएंगे। आज मोबाइल में आसानी से सभी जानकारियां मौजूद हैं, उसका फायदा उठाएं। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहें, तभी अपराध कम होंगे। स्कूली बच्चियों को पोस्को एक्ट की जानकारी देने के लिए शिविर लगाया जाना चाहिए। महिला थाना प्रभारी इस दिशा में कार्य करें। पोस्को एक्ट के मामले में एफआईआर तुरंत करें। साथ ही, उसे चिकित्सीय सुविधा दी जानी चाहिए। तुरंत उनके माता-पिता/अभिभावक को सूचित करें। जांच पदाधिकारी घटना स्थल पर तुरंत जाकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें, तो 90 फीसदी काम वहीं पूरा हो जाता है। घटना के बाद बच्चे की सुरक्षा आपकी जिम्मेवारी है।

## झरगंडा युवा क्लब में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम



हुसैनाबादः (आजाद सिपाही)हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरगड़ा युवा क्लब के तत्वावधान में प्रयास 20-20 प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सफल प्रतिभागियों को अतिथियों व क्लब सदस्यों ने मेडल, किताब, फाइल, कप, कलम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीपप्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि युवा क्लब झरगड़ा के द्वारा प्रतियोगिता आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के प्रतिभा को निखारने का बेहतर प्रयास किया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री ने किया बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)** शनिवार को प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद केएन त्रिपाठी ने छोटा रूम देख कर बीडीओ से कहा इससे बड़ा रूम उपलब्ध कराइए। इसके पूर्व प्रखंड सभागार में पूर्व मंत्री का फूल माला पहनाकर 20 सूत्री कमिटी ने स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सरकार द्वारा संचालित 20 योजनाओं के देखरेख के लिए 20 सूत्री का गठन किया था। हालांकि आज 20 से कई योजनाएं चल रही है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का मानना था कि सरकारी योजनाओं में सरकारी कर्मचारी मनमानी करेंगे,इसे सही तरीके से लागू करने,भ्रष्टाचार रोकने के लिए मॉनिटरिंग करने के लिए 20 सूत्री का गठन किया। 20 सूत्री कमिटी राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की मॉनिटरिंग करेंगे और गलत पाए जाने पर उसे संबंधित विभाग को अपना रिपोर्ट सौंपेंगे। इस मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, सदस्य श्रीनिवास चौधरी,श्रवण कुमार, मोइनुद्दीन खान, दीपक चंद्रवंशी, कमलेश प्रसाद, सुरेश चौधरी समेत दर्जनों कांग्रेस ,झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाईयों के बीच मारपीट में पिता-पुत्र घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घोड़बंधा गांव में दो सहोदर भाईयों के बीच मामूली बात को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट हो गयी। जिसमें एक पक्ष के रामसुंदर राम और पप्पू कुमार दो लोग पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनु मंडलीय अस्पताल में कराया गया है। राम सुंदर राम के द्वारा इसकी सूचना हुसैनाबाद थाने को दे दी गयी है।

## बारियातु में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनी



बारियातु।(आजाद सिपाही) प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से की गयी। प्रखंड क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों और क्लबों के द्वारा आकर्षक सज्जा के साथ मां की प्रतिमा स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गयी। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। बारियातु मुख्यालय के अलावा, साल्वे, इटके, टोंटी, हेसला, अमरवाडीह, शिबला, गोनिया, डाढा,फुलसु सहित कई जगहों पर सरस्वती मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी। वहीं बारियातु के टोंटी पंचायत अंतर्गत नेशनल पब्लिक स्कूल इटके, शांति निकेतन स्कूल टोंटी,ब्राईट ऑफ लाईफ एकेडमी अलखडीहा में बने पूजा-पंडाल में स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रोग्राम प्रस्तुत किया। वही शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर माता की प्रतिमा को स्थानीय जलाशयों में विसर्जित किया गया।

## एनएच 143 पर पलटी स्कार्पियो, तीन घायल

**सेन्हा-लोहरदगाः लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में पेट्रोल पंप के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य सड़क पर लोहरदगा तरफ से आ रहे स्कॉर्पियो जे एच 01 ई यू 2652 अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जाता है कि शनिवार सुबह कोहरा काफी था। जिसके कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो वाहन सवार लोग बगडू गांव स्थित एक शादी समारोह से वापस नेतरहाट लौट रहा था। वाहन में सवार चंद्र किशोर राम,सर्वधन किसान,चुनमुन नागेसिया घायल हो गए। घायल को सेन्हा थाना पुलिस ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया। जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी धंनजय कुमार पासवान ने कहा कि सभी को हल्की चोट लगी है। सभी लोग नेतरहाट के रहनेवाले हैं। वहीं क्षतिग्रस्त वाहन को सुरक्षित सेन्हा थाना में रखा गया है।**

## विधायक ने सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



हुसैनाबाद।(आजादसिपाही) हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद की जनता, राजनीतिक दल के नेताओ, कलाकारों व खेल प्रेमियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर अनुमंडल मैदान में सांस्कृतिक मंच निर्माण का तोहफा दिया है। मंच निर्माण कार्य का विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मंच का निर्माण सात लाख रुपए की लागत से किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि पुराना मंच पूरी तरह जर्जर हो जाने से राष्ट्रीय और राज्य स्तर के नेताओं के कार्यक्रम में राजनीतिक दल के लोगों को काफी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि खेल या सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी आयोजकों को परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के सभी लोगों का दायित्व उनके ऊपर है। उन्होंने सभी की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए भव्य और सुंदर मंच निर्माण कराने का निर्णय लिया। जिससे बाहर से आनेवाले नेता, कलाकार या खिलाड़ी यहां से अच्छा संदेश लेकर जाएं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, विजय राजवंशी, विनय पासवान, मनदीप राम, ओमप्रकाश राजवंशी, गोरख पासवान, राजकुमार ठाकुर, पप्पू सिंह के अलावा कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गरीबों का निवाला डकारने वाले डीलरों पर हो कार्रवाई : अख्तर अंसारी

**सदर प्रखंड क्षेत्र के डीलरों की दादागीरी से त्रस्त हैं कार्डधारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों राशन डीलरों की दादागिरी से कार्डधारी काफी परेशान हैं। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य अख्तर अंसारी, झामुमो नेत्री सह बीस सूत्री सदस्य मनीषा कच्छप व बीस सूत्री सदस्य शिव बसंत उरांव के द्वारा कार्डधारियों के शिकायत पर क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस संदर्भ में झामुमो नेता सह सदर प्रखंड के बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य अख्तर अंसारी ने बताया कि मामला काफी चिंतनीय है, इसकी गहनता से जांच-पड़ताल कर कार्रवाई हेतु उपायुक्त एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। बताया कि राशन डीलर विजय चंद्रशेखर व ज्योति महिला मंडल राशन डीलर और खुशबू महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें खुशबू महिला मंडल दुकान बंद पाया गया। वहीं डीलर विजय चंद्रशेखर के द्वारा एवं ज्योति महिला मंडल जन-वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा एक माह का राशन वितरण नहीं कर दो किलो चावल कटौती कर कार्डधारियों को उल्लू सीधा बनाकर वितरण कर अपनी भरपाई करने का कार्य किया जा रहा है जो काफी चिंता का विषय है। इसे लेकर उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मिलकर पूरे मामले को अवगत कराते हुए जांच कर दोषी डीलरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने व दुकानदार का लाइसेंस रद्द किये जाने की मांग रखे जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के सभी जिलों में गरीब जरूरतमंद परिवार वालों को भूख से निजात दिलाने हेतु व्यापक मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराकर लोगों तक राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है दूसरी ओर क्षेत्र के राशन डीलर खुद की स्वार्थ पूरा करने में माहिर हैं। झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य अख्तर अंसारी ने कहा कि यदि गरीबों का निवाला डकारने वाले जन-वितरण प्रणाली दुकानदारों के विरुद्ध यथाशीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है तो राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विभागीय मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव से मिलकर ऐसे डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु मांग की जाएगी।

## सब्जी विक्रेताओं ने मंडी निर्माण की मांग को लेकर नपं कार्यालय के सामने किया विरोध प्रदर्शन



हुसैनाबाद।(आजाद सिपाही) किसान पुत्र शक्ति मोर्चा के बैनर तले नगर पंचायत हुसैनाबाद में सब्जी व फल मंडी निर्माण के साथ टैक्स वसूली को लेकर विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के अंबेडकर चौक से बाजार होते हुए जेपी चौक तक के फल और सब्जी विक्रेताओं और गांव से आए किसानों के साथ मोर्चा के सदस्य नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और सब्जी व फल बेचते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किसान पुत्र शक्ति मोर्चा के अध्यक्ष रंजन कुमार मेहता के द्वारा किया गया तथा इनके समर्थन में आए अनुमंडलीय कुशवाहा विकास संघ के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद के द्वारा किया गया। मौके पर धरना का नेतृत्व कर रहे लोगों ने कहा कि सब्जी और फल मंडी का नहीं होना किसानों और फल तथा सब्जी विक्रेताओं के लिए गंभीर समस्या है जिसका अतिशीघ्र निदान होना चाहिए।उन्होंने कहा कि हमारी मांगों पर 15 दिनों के अंदर पूरा नहीं किया जाता है तो हमलोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।उतरीं जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि मोर्चा की यह मांग जायज है। नगर पंचायत व वरीय सरकार से मांग करता हूं कि इनके मांग को जल्दी से पूरा किया जाए। इस आंदोलन में मोर्चा के सक्रिय सदस्य कोषाध्यक्ष ब्रजेश कुमार मेहता, अधिवक्ता विवेक कुमार, निरंजन पाल, सुजीत कुमार सहित दर्जनों सदस्यों की भूमिका अहम रही।

## महिंद्रा ट्रैक्टर के संतुलन बिगड़ जाने से दुर्घटनाग्रस्त



**बरवाडीहः** बरवाडीह थाना क्षेत्र के छिपादोहर-बेतला मुख्य मार्ग के टिकुलिया पत्थर के समीप एक महिंद्रा ट्रैक्टर के संतुलन बिगड़ जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। उक्त ट्रैक्टर किसका है। जांच पड़ताल के बाद ही खुलासा हो पायेगा।

## सीआरपीएफ का सिविक एक्शन कार्यक्रम




लोहरदगा।(आजाद सिपाही)158 बटा. सी.आर. पी.एफ कमाण्डेन्ट राहुल कुमार के निदेर्शानुसार सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 158 बटालियन सीआरपीएफ बी एवं ई कम्पनी बनारी/जो जिला गुमला (झारखंड) द्वारा पुलिस एवं जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को एक नया आयाम देते हुए यह एक्शन कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर गरीब ग्रामवासियों को पानी की टंकी, मच्छरदानी, छाता एवं दवाईयो का वितरण किया गया। वहाँ उपस्थित तमाम ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ रंजीत कुमार द्विकमान अधि (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), मनोज कुमार उप०कमा., बी/158 कम्पनी के कम्पनी कमाण्डर सुधीर कुमार मुख्य एवं ई /158 कम्पनी के कम्पनी कमाण्डर निरीक्षक पन्ना लाल तथा अतिथि के रूप में छन्दा भट्टाचार्य (बीडीओ) प्रखंड बिशुनपुर, मुखिया बनारी बसनु उरॉव मुखिया घाघरा कलेश्वर उराँव थाना प्रभारी बिशुनपुर सदानन्द सिंह, बनारी/जोरी के ग्रामवासी एवं इलैक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया जगत के लोग उपस्थित थे।

# चैनपुर शाहपुर में डोर टू डोर कूड़ा उठना हुआ शुरू : महापौर



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर,उप महापौर मंगल सिंह तथा पार्षद द्वारा चैनपुर,शाहपुर बाजार एवं आवासीय क्षेत्र से 5 नई वाहन द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने स्वयं बाजार क्षेत्र में घूम घूम कर कूड़ा जमा रखने हेतु बाल्टी का वितरण भी किया। महापौर ने कहां कि चैनपुर,शाहपुर शहर से सटा एक उभरता हुआ शहर है जहां मुझे हर घर से कहीं बेटी के रूप में तो कहीं बहू के रूप में सम्मान और आशीर्वाद मिलता है। मेरा प्रयास है वहां शहर की हर सुविधा उपलब्ध हो इसी कड़ी में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए डोर टू डोर आज से प्रारंभ किया गया। महापौर ने कहां बहुत जल्द कचहरी चौक से चैनपुर मुख्य मार्ग जिसकी हालत बहुत खराब है उसका कालीकरण भी शुरू कराया जा रहा है, जो मार्च तक कंप्लीट हो जाएगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा निविदा की प्रक्रिया पूरी कर संवेदक को कार्य आदेश दिया जा चुका है। महापौर ने यह भी बताया कि मार्च तक शहर के अन्य भागों के साथ-साथ चैनपुर शाहपुर में भी बच्चों को खेलने के लिए मल्टी प्ले स्टेशन बनाकर बच्चों को तोहफा दिया जाएगा साथ ही चैनपुर एवं शाहपुर में भी ठंडा पानी युक्त दो आरो वाटर प्लांट लगाया जा रहा है। और शाहपुर किले का सुंदरीकरण भी निगम करेगा। महापौर ने कहा चैनपुर बाजार एवं रांची रोड में 15 दिनों के अंदर निगम का जोनल कार्यालय पंचायत भवन में खुलेगा जहां सारे निगम की सुविधा उपलब्ध होगी। मैं स्वयं भी वहां बैठूंगी ताकि वहां की समस्याओं का समाधान बेहतर ढंग से किया जा सके। महापौर ने बताया कि कोयल पुल के सारे सड़े स्ट्रीट पोल को हटाकर नया पोल लगाया जा रहा है, जल्द ही पुल स्ट्रीट लाइट से जगमगायेगा।

## ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण



**चंदवा।** चंदवा बन्हर्दी कोयला खनन परियोजना पीवीयूएनएल कि आईसीडी के द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों में कंबल वितरण लगातर गांव में किया जा रहा है। ग्राम बारी पंचायत के पुरुषोत्तमपुर टोला, अवराही जोकाहा सियानी हुचलु और शांतिपुर टोला के वंचितों, बुजुर्गों, दिब्यांग और महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण पंचायत के प्रतिनिधियों समाजसेवियों,और पीवीयूएनएल के अधिकारी आर. बि. सिंह (ए.जि.एम), विनेश कुमार, स्वप्निल बोरकर की उपस्थिति में कार्य किया जा रहा है। वहीं ज्ञात हो कि पीवीयूएन एल के द्वारा लगातार ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण और ग्रामीणों के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है।

## विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की



लोहरदगा। (आजाद सिपाही) उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने विशेष केंद्रीय सहायता द्वारा संचालित योजनाओं को पूर्ण करते हुए तथा अपूर्ण योजनाओं को 15 फरवरी तक पूर्ण कराकर बंद करने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया। मुख्यतः पथ, हैंडीक्राफ्ट, पुस्तकालय की स्थापना एवं संचालन, छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण, पेयजलापूर्ति, बीआरसी भवन जैसी योजनाओं को पूर्ण कर बंद करने का निर्देश दिया गया। जीएसएलपीएस के कार्यक्रम प्रबंधक, सूचना विज्ञान पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को उनके द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता योजना से संचालित योजनाओं को 15 फरवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## दुकान में सेंधमारी कर चोरी का असफल प्रयास



**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमिया में एक बार फिर दुकानों में चोरी का प्रयास शुरू हो गया है। धमधमिया दुर्गा मंडप के सामने इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगातार चोरी का प्रयास किया जा रहा है। उक्त दुकान में चोरों ने गुरुवार की रात सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया। लेकिन चोर कामयाब नहीं हो सके। इससे पूर्व इसी दुकान में विगत रविवार को चोरों ने एस्बेस्टस सीट तोड़कर चोरी की कोशिश की थी। दुकान संचालक विनोद ने बताया कि चोर लगातार उसकी दुकान में सेंधमारी कर रहे हैं। दूसरी ओर, घटना के बाद तुमांग के मुखिया संतोश कुमार महली और पंसस सहदेव महली ने धमधमियां में लगातार चोरी की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए खलारी डीएसपी व इंस्पेक्टर से रात में पुलिस की गश्त लगाने की मांग की है।

## सामाजिक सरोकारों से संबंधित मुद्दों की लगायी गयी प्रदर्शनी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू परिसर में आयोजित सरस्वती पूजा के दौरान सेंटर के बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई गई। कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने डायन प्रथा, सड़क सुरक्षा, अंधविश्वास, दहेज प्रथा, धूम्रपान के दुष्प्रभाव, कन्या भ्रूण हत्या समेत कई सामाजिक कुरीतियों से संबंधित बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई। सभी ने पेंटिंग की खूब सराहना की। इस अवसर पर श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर के निदेशक सकलदीप भगत समेत कई गणमान्य लोगों व कोचिंग सेंटर के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सरस्वती पूजा के अवसर पर संस्थान में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## युवा कांग्रेस की बैठक में सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरही पंचायत में शनिवार को कांग्रेस की ओर से यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सांगा ने की। इसमें कांग्रेस को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। मौके पर खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत, जिला सह प्रभारी मो सद्दाम खान, 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल खान, नगर महासचिव मो शकील, विधानसभा उपाध्यक्ष उस्मान खान, बहा गुंडा, मुरही के मुखिया बदुआ मुंडा, प्रधान देव सहाय, उप मुखिया सहदेव उराव आदि उपस्थित थे।

### सिर पर चोट के निशान, नाक से निकल रहा था रक्त, मुंह पर बंधी थी पट्टी

# बुंडू में युवक की हत्या

**मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच, पहचान सुनिश्चित करने की हो रही कोशिश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** प्रखंड स्थित दशम फॉल थाना के नवाडीह में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। दशम फॉल थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र 24 साल के आसपास है। उसके सिर के पीछे चोट के निशान मिले हैं। नाक से खून भी निकल रहा है। शंका है कि उसकी अन्यत्र हत्या कर यहां फेंक दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव के मुंह पर पट्टी बंधी थी। कानों में हेडफोन लगा था, लेकिन उसके पास से मोबाइल फोन नहीं मिला है। पैर व हाथों के नाखूनों में कुछ रंगे लगा था, जिससे प्रतीत होता है कि वह पेंटर रहा होगा। हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है.

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** - बुढ़मू प्रखंड के गेसवे महादेवटोली गांव के सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रयाग महतो और मोहरनाथ महतो अपनी बाइक से कांके के सुकुरहुट्टू से काम करके घर लौट रहे थे। इसी बीच रिंग रोड गागी मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से सीधी टक्कर हो गई। घटना के बाद प्रयाग महतो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि मोहरनाथ महतो की मौत इलाज के क्रम में शुक्रवार की रात हुई। सूचना पाकर मौके पर हुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी थाना क्षेत्र के खुखरा मोड़ के समीप शनिवार की अपराह्न 3.30 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में डूमर टोली गुमला निवासी 30 वर्षीय वीरेंद्र एक्का और बलरामपुर तुतलो बेड़ो निवासी 20 वर्षीय अनिल तिर्की शामिल है। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए दवा देकर छुट्टी दे दिया। घायल अनिल ने बताया कि चट्टी बाजार से अपने घर लौटने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

## गणतंत्र दिवस पर विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले हुए सम्मानित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंचायत भवन हेसल में आयोजित एक सम्मान समारोह में विभिन्न सेवा कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य अवनिंद्र सिंह थे, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में लोक सेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद खान उपस्थित हुए। झारखण्ड रत्न से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा असांरी के सौजन्य से आयोजित इस समारोह में शिक्षा, पत्रकारिता, कला, संस्कृति, संगीत, सामाजिक सेवा, कृषि आदि क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाले शख्सियत सम्मानित किये गये। सम्मानित होने वालों में शिक्षाविद डॉ रिझु नायक, अवनिंद्र सिंह, शकील अंसारी, हर्षनाथ भोगता, मजबुल खान, कंचन दास, शहनाज खातुन, मकसुद आलम, रमेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, अब्बास अंसारी, मुखिया कविता देवी, नौशाद खान, तौहीद आलम आदि शामिल हैं। मौके पर मुस्तफा अंसारी को लोक सेवा समिति का मेंबर बनाने की घोषणा करते हुए उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र सौंपा गया। मौके पर धनीराम करमाली, अंसार अंसारी, कृष्णा भगत, मोनाजीर अंसारी, बलराम मुण्डा आदि मौजूद थे।

## लोक अदालत में तीन मामलों का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए पांच बेंच का गठन कर न्यायालय में लंबित मामलों और प्री-लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निष्तारण किया गया। लोक अदालत में दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआई एक्ट के मामले, बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। डालसा सचिव के अनुसार लोक अदालत में उक्त पांच बेंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित तीन मामलों का निष्पादन और 11 हजार रुपए का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, स्थायी लोक अदालत के सदस्य, पैनल अधिवक्ता तथा डालसा के स्टाफ अवनीश भारद्वाज, पीएलवी अंजू कच्छप, नरेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 26 जनवरी को पूरे देश में 74वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया। इसी कड़ी में 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एस डी शेरखाने महोदय द्वारा अंगड़ा परिसर में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जोश भरे राष्ट्रगान के साथ सभी ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद कमांडेंट एसडी शेरखाने द्वारा सभी को महानिदेशक महोदय का सन्देश पढ़कर सुनाया गया। सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली। 74वें गणतंत्र दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। मौके पर 3 जवानों को उत्कृष्ट सेवा पुलिस मेडल से नवाजा गया। मौके पर कमांडेंट महोदय के साथ डॉ ब्रजेश कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी), विजेयेंद्र कुमार (उप-कमांडेंट), दिनेश कुमार ((उप-कमांडेंट), अनुराग सिंह(उप-कमांडेंट), संजीव कुमार (सहायक- कमांडेंट संचार), सौमेन गोराई (सहायक- कमांडेंट), श्री अजित कुमार उपाध्याय (सहायक- कमांडेंट), सिद्धार्थ आर (सहायक- कमांडेंट) एवं सभी जवान उपस्थित थे।


**व्यवहार न्यायालय, खूंटी**
**विज्ञापन संख्या : 02/2023**

1. व्यवहार न्यायालय, खूंटी में रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में स्वहस्तलिखित आवेदन आमंत्रित किये जाते है।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है। :–

| क्रम संख्या | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या (श्रेणी अनुसार) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (Ews) | कुल रिक्त पद |
| 1 | दैनिक वेतन भोगी/अनुसेवक/पिउन | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 04 |
| 2 | दैनिक वेतन भोगी चालक | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

3. शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान :– पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान निम्न है :–

| क्रम संख्या | पदनाम | वेतनमान | योग्यता | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दैनिक वेतन भोगी/अनुसेवक/पिउन | 420/– रुपये प्रति कार्य दिवस, अधिकतम 24 दिन | दसवीं ( मैट्रिक) उत्तीर्ण या समकक्ष | स्क्रीनिंग टेस्ट एवं साक्षात्कार |
| 02 | दैनिक वेतन भोगी चालक | 543/– रुपये प्रति कार्य दिवस, अधिकतम 24 दिन | दसवीं ( मैट्रिक) उत्तीर्ण या समकक्ष | स्क्रीनिंग टेस्ट एवं साक्षात्कार |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न हो ।
5. अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग (PwBD) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (Ews) हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा मान्य एव निर्धारित अद्‌यतन आरक्षण नियम लागू होंगे। आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवार का आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।
6. सरकारी नियमानुसार पद आरक्षित है। महिला, दिव्यांग एवं खेल–कूद कोटा के सन्दर्भ में नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण का लाभ मान्य होगा।
7. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 01/08/2022 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ा जाति/अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्श तथा अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरूश/महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए (उम्मीदवारों की उम्र सीमा एवं आरक्षण की सुविधा झारखण्ड राज्य द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुसार होगी तथा आवेदक की सेवा शर्ते व्यवहार न्यायालय नियमावली के अनुसार होगी)।
8. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से सम्बंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षित वर्ग के आवेदक आरक्षण से सम्बंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
9. उम्मीदवार अपना स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खूंटी को सम्बोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 28/02/2023 के अंदर तक स्वयं या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्य दिवस को प्रातः 10:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। उपरोक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
10. आवेदक, आवेदन पत्र के साथ 3 अद्‌यतन पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ संलग्न करें, जिसमें एक आवेदन पत्र पर, दूसरा प्रवेश पत्र पर सटा रहना चाहिए एव तीसरा अतिरिक्त होगा। स्व पता लिखा लिफाफा 25 से.मि. X 11 से.मि. (प्रवेश पत्र पर निर्गत करने हेतु) जिसपर 40/– रूपये का डाक टिकट सटा हुआ हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न हो।
11. महत्वपूर्ण निर्देश :–
1. आवेदन पत्र के प्रपत्र क एवं ख के प्रारूप को पृथक पन्नों में आवेदन के साथ संलग्न करें।
प्रपत्र क के प्रारूप को हिंदी में भरें जो स्वहस्तलिखित एवं स्वहस्ताक्षरित हो। आवेदक प्रपत्र ख को स्वहस्तलिखित प्रति में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र ख की कंडिका 4 एवं 5 को छोड़ कर अन्य कण्डिकाएं आवेदक स्वयं भरें। आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, खूंटी की वेबसाइट https://districts. ecourts. gov.in/khunti से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
2. आवेदक को व्यवहार न्यायालय, खूंटी में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
3. उम्मीदवार एवं आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते है।
4. उपरोक्त वांछित सूचनाएं किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्सम्बन्धी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।
5. आवेदक का प्रवेश पत्र, जिसमे क्षात्कार का स्थान एवं तिथि अंकित होगी, उनके दर्शाये गए पते पर डाक द्वारा भेजा जायेगा।
6. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रकिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी।
7. लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।
8. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
9. क्षत्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
10. उपरोक्त पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।
11. आवेदन भजने का पता (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या हाथों हाथ)

**सेवा में,**
**प्रभारी न्यायाधीश,**
**व्यवहार न्यायालय, खूंटी**
**पिन कोड–835210**

ह0/–
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय, खूंटी

PR.NO.288557 District(22-23):D


## पिररवार : घर में लगी आग लाखों रुपये के सामान जले



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के ठेठांगी गांव निवासी फुलजेंस तिग्गा पिता पोलूस तिग्गा के घर में सॉट सर्किट से अचानक आग लग गई। इससे घर में रखे सारा समान, कपड़ा, कंबल, धान, अनाज, पलंग, लकड़ी का सोफा, फ्रीज, कूलर, टीवी, जमीन के कागजात जलकर खाक हो गये। भुक्तभोगी ने बताया कि घर के सभी लोग आंगन में बैठे थे। अचानक कमरे से धुंआ और आग की लपटे निकलने के बाद आग लगने की भनक लगी, जिसके बाद आसपास के लोगों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। इधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पिपरवार पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी ली। अगलगी कि इस घटना में भुक्तभोगी को लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। भुक्तभोगी ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

## नम आंखों से दी गयी मां सरस्वती को विदाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। सभी ने नम आंखों से मां को विदाई दी। जगह-जगह आयोजन समिति की ओर से विसर्जन जुलूस निकालकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कराया गया और पास की नदियों में विसर्जन किया गया। जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के अशोक विहार कॉलोनी, बसंत विहार कॉलोनी, वनबीआर कॉलोनी सहित अन्य कालोनियों और ग्रामीण इलाकों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया जो पूरे क्षेत्र और आवासीय कॉलोनी का भ्रमण किया। विसर्जन जुलूस के दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना के रांगामाटी के टीकर मोड़ पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एनएच 33 के टीकर मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया, जिसपर तीन लोग सवार थे। हादसे में जागरण उरांव (35) की मौके पर ही मौत हो गई वह बुरुडीह गांव थाना चौका जिला सरायकेला खरसावां का रहने वाला था। वहीं, सुबोध सिंह मुंडा (22) और विकास सिंह मुंडा (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है।

## 52 वां मिलन महोत्सव दो फरवरी को

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** न्यू दुर्गा विकास क्लब हितजारा की ओर से दो फरवरी को 52वां मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव में टूसु-चौड़ल प्रदर्शनी के साथ फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को एक लाख नगद, राशि द्वितीय विजेता को 70 हजार की नगद राशि, तृतीय और चतुर्थ स्थान वाले टीम को 25 -25 हजार नगद राशि दी जाएगी। मिलन महोत्सव के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुदेश महतो होंगे, तथा विशिष्ट अतिथि में जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुंडा, उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष राम दुर्लभ सिंह मुंडा, पंचायत के मुखिया विकास सिंह मुंडा और रम्भावती मुंडा उपस्थित होंगे। इसकी जानकारी आयोजन समिति के कृष्णा महतो आदि थे।

### संतमत सत्संग का दो दिवसीय सत्संग जिलाधिवेशन का हुआ समापन

## सत्संग से ही मिलती है सुख और शांति: स्वामी प्रमोद जी महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला संतमत सत्संग का दो दिवसीय सत्संग जिलाधिवेशन का समापन शनिवार को खूंटी के राजस्थान भवन में संपन्न हुआ। बिहार के भागलपुर पधारे स्वामी प्रमोद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि संसार क्षणभंगुर है। सुख भी क्षणिक मिलता है, फिर दुःख चिंता घेर लेती है। शांति नहीं मिलती। सुख और शांति सत्संग में बताये मार्ग पर चलकर भक्ति-भजन करने से ही मिलती है। उन्होंने कहा कि सोना में नहीं जंग लगे, लोहा घुन नहीं खाय, गुरु की तपायी आत्मा, कभी नरक नहीं जाय। ईश्वर सर्वव्यापक हैं, पर जैसे मोतियाबिंद वाले आंख से देख नहीं पाते, वैसे ही हम इन नेत्रों से प्रभु को नहीं देख सकते। सद्‌गुरु की युक्ति से सुखमय जीवन के बाद मोक्ष की प्राप्ति संभव है। स्वामी डां विवेकानंद जी महाराज ने कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान हैं। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज, स्वामी बालकृष्ण बाबा, स्वामी श्याम बाबा, स्वामी राजेन्द्र बाबा, स्वामी सम्यानंद बाबा, स्वामी नकुल बाबा, स्वामी करुणानंद बाबा ने श्रीराम शबरी प्रसंग के नवधा भक्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक नीलकण्ठ सिंह मुंडा और काशीनाथ महतो ने भी संतों का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर लोदरो ब्रह्मचारी, मुरलीधर, सोमनाथ ब्रम्हचारी, डीएन तिवारी, अरुण भगत, डां श्याम, संजय कुमार, अनूप साहू, राजू गुप्ता, जूरन मुंडा, मंगल मुंडा, विष्णु मुंडा, सगुन दास, मुचीराय मुंडा, कांडे मुंडा, राममहरि साव, योगेश वर्मा, दिलीप सिंह, प्रेम ठाकुर, मुसाफिर विश्वकर्मा, गीता देवी, नंदिनी बोदरा, सोनामुनी देवी,उपेन्द्र गोप, दुखेंद्र ठाकुर, सुखराम मुंडा, सूरजमल प्रसाद, मुटरु मुंडा, गोलाराम मुंडा और देवमन पूर्ति आदि उपस्थित थे।



सत्संग में उपस्थित भक्तगण।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## अधिवेशन की तैयारी को लेकर झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा की बैठक आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा की बैठक केके यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि इस बैठक का महत्व इसलिए है कि आगामी अधिवेशन हेतु आवश्यक तैयारी, तिथि निर्धारण, स्थल चयन एवं उसके रूप रेखा का विवरण आदि तैयार किया जाना है। आप सभी सदस्यों से आग्रह है कि एजेंडा के अनुरूप खास करके अधिवेशन के संदर्भ में अपनी अपनी राय प्रस्तुत करेंगे। मंच का संचालन अशर्फी राम सचिव के द्वारा किया गया। सभा में सुरेंद्र चौबे, अमरनाथ गुप्ता, निर्मल महतो, संतोष कुमार, सरजू प्रसाद गुप्ता आदि के द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किए गए। इस प्रकार सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये गये। विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि सर्वसम्मति से कर दी गई, चौकीदारों की समस्याओं का समाधान के लिए पुनः उपायुक्त से मिलने का निर्णय लिया गया, माह फरवरी के 26 तारीख को अधिवेशन का तिथि का निर्धारण किया गया, अधिवेशन का स्थल बंधन मैरिज हॉल को चयनित किया गया, जिसमें राज्य के पदाधिकारी गण एवं अन्य जिलों के पदाधिकारी गण को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि आदि पर आगामी बैठक में निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया गया, कल्याण कोष की राशि को मजबूत करने का निर्णय लिया गया, अधिवेशन के लिए निर्धारित शुल्क को सभी पदाधिकारियों,/सदस्यों से जमा करने के लिए अनुरोध किया गया। अंत में अध्यक्ष के द्वारा सभा को समाप्त करने की घोषणा कर दी गई।

## स्पर्श जागरूकता अभियान की जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डीआरडीए डायरेक्टर दिनेश प्रसाद सुरीन की अध्यक्षता में स्पर्श जागरूकता अभियान की जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन गढ़वा अनिल कुमार जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ कौशल लाल सहगल एवं जिला कुष्ठ परामर्शी भारत भूषण उपस्थित थे। बैठक के दौरान बताया गया कि कुष्ठ एक बैक्टीरिया जनित चीर कालिक रोग हैं जो मुख्यतः चर्म एवं चर्म के नीचे तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। नग्नय शुरुआती लक्षण एवं लॉन्ग इनक्यूबेशन पीरियड होने तथा बैक्टीरिया के लंबे समय तक शरीर में रहने के कारण होने वाली विकलांगता की अनभिज्ञता के कारण यह अभी तक समाज में व्याप्त है। इस बीमारी के लक्षण होने पर लोगों को खुलकर सामने नहीं आने एवं ससमय इलाज नहीं कराने के कारण कुष्ठ रोग के उन्मूलन में परेशानी आ रही है। अतः कुष्ठ रोग उन्मूलन हेतु इसके प्रति जागरूकता के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला समन्वय समिति की बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे एवं स्वास्थ्य विभाग से आए विभिन्न चिकित्सक एवं कर्मी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा संसद का चयन को लेकर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन

# युवाओं की क्षमता विकसित करने का काम कर रहा नेहरू युवा केन्द्र : हनी सिन्हा

**वेबिनार की मेजबानी कर रहे नेहरू युवा केन्द्र गढ़वा के साथ चतरा, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा व गढ़वा जिले के युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नेहरू युवा केन्द्र गढ़वा कार्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय युवा संसद त्योहार 2023 के लिये नोडल स्तर पर जिला युवा संसद की प्रतिभागी का चयन के लिये ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया। इस दौरान वेबिनार की मेजबानी कर रहे नेहरू युवा केन्द्र गढ़वा के साथ राज्य के चतरा, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा व गढ़वा जिले के युवा प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे इस कार्यक्रम में पूरे राज्य में पलामू, गढ़वा, गुमला व रांची नोडल के अधीन सभी जिलों से दो दो प्रतिभागियों का चयन कार्यक्रम में शामिल निर्णायक मंडली द्वारा किये गये मूल्यांकन के आधार पर राज्य स्तरीय वेबिनार के लिये किया गया। वहीं राज्य स्तर से चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्र स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। एनवाईके गढ़वा कार्यालय में ऑनलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के इन सात जिलों के करीब 47 युवाओं ने सोशल मीडियाः युवा दृष्टिकोण, कौशल विकासः युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजियों में से एक, स्वास्थ्य कल्याण और खेल जैसी विषयों पर अपने विचार को निर्धारित अवधि में व्यक्त किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निर्देशिका हनी सिन्हा ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र से जुड़कर युवा प्रतिभाशाली बन रहे हैं। उनकी क्षमता विकसित हो रही है। युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिये इस तरह के कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के जिला युवा अधिकारी मोहसिन हाशमी ने बताया कि राज्य की सात जिलों की मेजबानी एनवाईके गढ़वा कर रहा है।

ऑनलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के जिला युवा अधिकारी मोहसिन हाशमी ने कार्यक्रम के बाद निर्णायक मंडली ने भी एनवाईके के कार्यों की सराहना करते हुये युवाओं का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडली में पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच के निदेशक नीरज श्रीधर स्वर्गीय, समाजसेवी इंदु तिवारी, पत्रकार मुकेश तिवारी, नामधारी कॉलेज से सहायक प्रोफेसर भास्कर कुमार, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार शामिल थे।

इस दौरान कार्यक्रम में गढ़वा जिले से अंजली कुमारी, रितिक कुमार सिंह, रूबी, विनीता, शिवम, टिंकल, चतरा से प्रिंस, मानसी, लोहरदगा से तारा, परवेज किनवी, अम्बिका, लातेहार से श्रुति, जोनशन, राहुल, रामगढ़ से रवि शंकर, रुचि, सीनु, हजारीबाग से अनविता प्रियम, अदिति, बोकारो से शोभा, अंशिका सहित अन्य युवा शामिल थे।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह श्री सीताराम महायज्ञ हवन व भंडारा के साथ संपन्न



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बस स्टैंड के पास नवनिर्मित हनुमान मंदिर में पिछले पांच दिन से आयोजित प्राण प्रतिष्ठा सह श्री सीताराम महायज्ञ का शनिवार को हवन व भंडारा के साथ संपन्न हो गया। इसके पूर्व मुख्य यजमान नरेश साह ने सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ हवन किया गया। उसके बाद भंडारा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। शाम चार बजे से श्रीराम राज्याभिषेक कथा के साथ कथा का विश्राम किया गया। कथा विश्राम के पूर्व मुख्य कथा वाचक आचार्य सौरभ भारद्वाज ने बताया कि जिस घर में बेटियों को गर्भ में मार दिया जाता है उस घर में कभी देवी-देवताओं की कृपा नहीं होती। पंडित कॉलिंश शुक्ला, प्रवेश साह, अजित सिंह, निखिल सिंह, राजेश्वर चौधरी, ऋषिचन्दन गुप्ता, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश मेहता
समाजसेवी
पदमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय मेहता
डीलर सह समाजसेवी
चंपाडीह, पदमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज देवी
मुखिया, सिंदूर पंचायत
कृष्णा प्रसाद (पंडित जी)
समाजसेवी, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद मेहता
जिला मंत्री
विश्व हिंदू परिषद, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कंचन प्रसाद मेहता
अध्यक्ष
अलौंजा पैक्स, इचाक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
LORD KRISHNA SCHOOL
अमिताभ नीरज
डायरेक्टर, प्लस टू लॉर्ड कृष्णा स्कूल, अमृतनगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्णा प्रसाद मेहता
मुखिया, अमनारी पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उषा देवी
मुखिया, मंडई खुर्द पंचायत, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार मेहता
कोषाध्यक्ष
आजसू पार्टी, इचाक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन यादव
मुखिया, बेहरी पंचायत, सदर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश ठाकुर
वरीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता, जनता दल यूनाइटेड, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जयनारायण प्रसाद मेहता
अध्यक्ष, मेहता कुशवाहा विकास मंच, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश मेहता
युवा समाजसेवी
पदमा

समस्त खूंटी जिला वासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच
मारवाड़ी युवा मंच
खूंटी, नगर शाखा

समस्त खूंटी जिला वासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
अताउर रहमान
अताउल ट्रेडर्स

गायत्री परिवार खूंटी की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
कलीम खान
प्रखंड अध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नंदकिशोर मेहता उर्फ नंदू मेहता
मुखिया
डाडी घाघर पंचायत, इचाक

झारखंड में शिक्षा का अलख जगा रहे एएसडीए सीनियर सेकेंड्री स्कूल खूंटी की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

समस्त झारखंड वासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
जशन कुजूर
निदेशक
आर० सेटी, खूंटी
बी०ओ०आई० स्टार आर० सेटी
9973825565 rseti.khunti@bankofindia.co.in
आर सेटी परिवार

गायत्री परिवार खूंटी की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
बालमुकुंद कश्यप
साधक और सामाजिक कार्यकर्ता

विद्या विहार पब्लिक स्कूल, तोरपा की ओर से समस्त झारखंड वासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
VIDYA VIHAR PUBLIC SCHOOL
हेमंत कुमार गुप्ता
एवं समस्त विद्यालय परिवार

खूंटी नगर पंचायत की ओर से समस्त खूंटी वासियों को समस्त झारखंडवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
अर्जुन पाहन
अध्यक्ष, खूंटी नगर पंचायत, खूंटी।

जरियागढ़ राजपरिवार की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
लाल विजय नाथ शाहदेव
एवं समस्त राजपरिवार

## किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अविनाश दुबे 4 फरवरी को गढ़वा में देंगे सेवा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रांची के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अविनाश कुमार दुबे एमबीबीएस (गोल्ड मेडलिस्ट) एमडी, डीएम (नेफ्रोलॉज) जिप्मर सीनियर कंसंट्रेट नेफ्रोलॉजी 4 फरवरी को जयराम मेडिकल गढ़वा में प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक अपनी सेवा देंगे। वैसे मरीज जिनके पूरे शरीर में सूजन रहता हो, पेशाब में खून आता हो, पेशाब कम हो रहा हो, बार-बार पेशाब हो रहा हो, किडनी स्टोन, यूरिन इन्फेक्शन, पेशाब में प्रोटीन आना, उल्टी होना जी मिचलाना, शुगर और ब्लड प्रेशर से किडनी में परेशानी होना, क्रॉनिक किडनी डिजिज, नेफ्रोटिक सिंड्रोम इत्यादि के मरीज अपना पंजीयन जय राम मेडिकल में करा कर इसका लाभ ले सकते हैं। डॉ अविनाश कुमार दुबे प्रत्येक माह के पहले रविवार को जयराम मेडिकल गढ़वा में सेवा देते हैं। इस माह प्रथम शनिवार को सेवा देंगे।

## मेराल के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा 31 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के पुरानी बाजार स्थित प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर मेराल पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत सहित आसपास के कई गांव के हजारों लोगों का आस्था का केंद्र बन गया है। मंदिर परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापना को लेकर पांच दिवसीय कार्यक्रम को मूर्त रूप दिया जा रहा है। शनिवार को समिति की बैठक के बाद देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार 31 जनवरी कलश सह शोभायात्रा निकाली जाएगी। 1 फरवरी को सभी मूर्तियों का अन्नाधिवास कार्यक्रम तथा 2 फरवरी को सभी मूर्तियों के साथ नगर भ्रमण तथा 3 फरवरी को मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा जबकि 4 फरवरी को भव्य भंडारा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जो बिहार की प्रसिद्ध गायिका खुशबू शर्मा एवं गढ़वा जिला के लोक गायक धनंजय लाल यादव के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। बैठक में संचालन समिति के मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, मुखिया रामसागर महतो, मनोज जायसवाल, विजय प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, अंबिका यादव, मदन प्रसाद, रामजी ठाकुर, कृष्णा प्रसाद, रामचंद्र शर्मा, वासुदेव शर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, रामेश्वर शर्मा, राज बिहारी पटवा, अशोक प्रसाद, गुप्तेश्वर प्रसाद, सोहराई प्रसाद, प्रमोद महाजन, धनंजय चौधरी, बलराम कृष्ण शर्मा, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, दिपलेश्वर चंद्रवंशी, रामनाथ ठाकुर, कैलाश शर्मा, विद्या ठाकुर, शंकर ठाकुर, संजीव ठाकुर उपस्थित थे।

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशंस, टिको कुडू लोहरदगा एंड हुटाप आफ चंदवा लातेहार। बीएड, डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, एएनएम, डी फार्मेसी की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंद्रजीत भारती
सचिव
अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट
सभी कोर्स में नामांकन जारी है

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. पवन कुमार गुप्ता
वक्रांगी प्रज्ञा केंद्र, नियर इंद्रा गांधी चौक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार उपाध्याय
चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आर्यन कुमार साहू
चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज विश्वास
नगर प्रज्ञा केंद्र

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. अरविंद सिंह
ग्रीन फील्ड अकादमी, मिशन रोड चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार गुप्ता
भाजपा मंडल अध्यक्ष, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनीषा उरांव
प्रमुख, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
असगर खान
प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विशाल कुमार
थाना टोली, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद राम
लाह बागान पदाधिकारी, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वयंसेवक संघ
चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामनाथ यादव
प्रखंड कृषि पदाधिकारी, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रत्ना शाहदेव
बीपीओ, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक जयसवाल
कनीय अभियंता, मनरेगा, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बाबर खान
जिला अध्यक्ष, सेवा दल कांग्रेस पार्टी, लातेहार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमाशंकर सिंह
पंचायत सेवक, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार साहू
फाइनेंसर रांची रोड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार गुप्ता
थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार
वन क्षेत्र पदाधिकारी, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. प्रेम प्रकाश गुप्ता
विश्वनाथ सेवा सदन
नियर मिशन स्कूल के सामने

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सागर राम
पंचायत सेवक, चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक कुमार
आरपीएफ, इंस्पेक्टर टोरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. संतोष राणा
इंदिरा हॉस्पिटल रांची, रोड चंदवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रतिमा देवी
जिला परिषद सदस्य, चंदवा पूर्वी
पति: रोहित यादव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगमति कुजूर
प्रधानाध्यापिका, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय रक्सी

गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर लातेहार जिला वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
चेतलाल रामदास
धर्म जागरण जिला सह संयोजक सह भाजपा नेता

## सहाय योजना अंतर्गत प्रखंड प्रशासन ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार सहाय योजना अंतर्गत प्रखंड प्रशासन के द्वारा एसएस प्लस टू स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक राजू उरांव एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित के उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर प्रमुख ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सहाय योजना झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसमें पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है। आप सभी भी अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन कर जिला से राज्य लेवल तक प्रतियोगिता माध्यम से भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रखंड के 10 पंचायतों से बालक एवं बालिकाओं का टीमों ने भाग लिया। जहां उद्घाटन मैच कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिशुनपुर एवं प्रताप हाई स्कूल बनारी की बालिका टीमों के बीच खेला गया। पेनाल्टी शूटआउट में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की टीम ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का नेतृत्व कर रहे बीपीआरओ जितेंद्र भगत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीमों को जर्सी, सॉक्स, बूट उपलब्ध कराया गया है। मौके पर संत कवि भगत धनंजय कुमार साय सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय सहाय योजना के तहत तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को सिसई बांसटोली स्कूल मैदान में बालक व बालिका वर्ग का हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हॉकी प्रतियोगिता का बालक वर्ग का पहला मैच शिवनाथपुर व बरगांव उत्तरी पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें शिवनाथपुर की टीम 1-0 से विजयी हुई। फाइनल मैच सिसई व शिवनाथपुर के बीच हुई, टाईब्रेकर में शिवनाथपुर की टीम 3-0 से जीत हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर सिसई की टीम, वहीं तीसरे व चौथे स्थान के लिए कुदरा व पुसो के बीच हुए मैच में कुदरा की टीम टाईब्रेकर में 3-0 गोल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर बालिका वर्ग में भी शिवनाथपुर की टीम विजेता रही। फाइनल मैच के रेफरी की भूमिका संदीप उरांव ने निभाई। वहीं ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा में फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता के साथ समापन समारोह रविवार को होगा। समापन सह पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि सिसई विधायक जीग्गा सुसारन होरो शामिल

# नगर परिषद ने गुमला शहरी क्षेत्र के सभी यक्ष्मा मरीजों को लिया गोद

**मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण, एक माह का पौष्टिक खाद्यान्न दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहरी क्षेत्र के टीबी मरीजों के पोषण हेतु नगर परिषद ने शहर के इन सभी मरीजों को गोद लिया है। इस संदर्भ में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सभागार में उपायुक्त सुशांत गौरव, नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी गणेश राम आदि ने संयुक्त रूप से अभियान की शुरुआत की।

इस मौके पर जिला यक्ष्मा विभाग द्वारा चिन्हित शहर के सभी उपचार रत यक्ष्मा रोगियों को महीने भर का सूखे पौष्टिक खाद्यान्न सहित अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध करायी गयी।

कार्यक्रम में उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि नगर परिषद का यह मानवीय प्रयास सराहनीय है, जिले के अन्य विभागों को भी ऐसी पहल करनी चाहिए। उन्होंने वहां मौजूद यक्ष्मा रोगियों से नियमित दवाओं का सेवन करने तथा पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी। साथ ही उनके परिजनों से अपील की कि वे रोगियों की बेहतर देखभाल करें।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि नागरिक सहभागिता एवं जनजागरूकता की बदौलत 2024 के अंत तक गुमला को टीबी मुक्त जिला बनाना है।

नगर परिषद के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन शहर के हर व्यक्ति के सुख-दुख में सदैव साथ है, उन्हें खुशी है कि वे इस नेक मुहिम का हिस्सा बने।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि प्रशासनिक तंत्र तो समाज का एक छोटा सा हिस्सा है, समाज की ताकत प्रशासनिक ताकत से बहुत बड़ी है। इसलिए यदि सामाजिक स्तर पर टीबी के विरुद्ध जन जागरूकता एवं अभियान चलाया जाए तो निश्चित रूप से एक साल के अंदर गुमला को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य पाया जा सकता है।

**निक्षयमित्रों का किया गया सम्मान :** इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के 5 निक्षयमित्रों अर्थात ऐसे लोगों जिन्होंने अपने-अपने स्तर पर भी कम से कम एक टीबी रोगी के पोषण को गोद लिया हुआ है, उन्हें उपायुक्त सुशांत गौरव तथा कार्यपालक पदाधिकारी के हाथों सम्मानित किया गया।

इस दौरान जिला यक्ष्मा विभाग के अधिकारियों में डॉ गणेश राम, विनय कुमार गुप्ता, हरिशंकर शर्मा, सुधांशु भूषण मिश्रा, मुकेश कुमार सिंह के अलावा नगर परिषद के नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, हेलाल अहमद, सीओ विमला देवी सहित शहर के कई टीबी चैंपियन भी मौजूद थे।

## सहाय योजना अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन




**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के सहाय योजना अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग के बालक-बालिकाओं के फुटबॉल, हॉकी, बॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ संत जोसेफ स्कूल मैदान में किया गया। खेल का शुभारंभ मुख्य अथिति आशीष गंगवार, विशिष्ट अथिति जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, एसडीओ संजय पीएम कुजुर, बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव, प्रमुख जगरानी तिग्गा, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता संयुक्त रूप से झंडोतोलन एवं मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व स्कूली बच्चो द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति दी गयी। एकलव्य विद्यालय के बैगपाइपर बैंड ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। यह चार दिवसीय सहाय खेल प्रतियोगिता 28 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। जिसमें सभी खेल में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी जिला स्तर पर खेलने हेतु चयनित होंगे। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, बीईईओ विनीता केरकेट्टा, मुखिया अमलेन कुल्लू, रश्मि टेटे, सरिता उराँव, फिलिसिता टोप्पो, अमृता देवी, विकास इंदवार, सेतेंग हेमरोम, शिक्षकगण अंजनी मिश्रा, ब्रदर सुशील टोप्पो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, पूर्व जिप सदस्य सह कांग्रेस नेता चैतु उरांव, गौरी शंकर चौधरी समेत पंचायतों से आये खिलाड़ी शामिल थे।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटी सामग्री



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जोरी पिकेट में सीआरपीएफ 158 बटालियन के द्वारा पुलिस एवं जनता के बीच मजबूत संबंध बनाते हुए कमांडेंट राहुल कुमार के निर्देशानुसार सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, थाना प्रभारी सदानंद सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम वासियों को मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही अतिथियों द्वारा मच्छरदानी पानी रखने का टंकी छाता का वितरण किया गया। वहीं सीआरपीएफ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी रंजीत कुमार के द्वारा जांचोंपरांत निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। बीडीओ ने कहा मच्छरदानी का वितरण मच्छरों एवं अन्य कीड़ों के काटने से होने वाले अनेक तरह की बीमारियों से बचाव में मददगार साबित होगा। मौके पर उप कमांडेंट मनोज कुमार कंपनी कमांडर पन्नालाल मुखिया कलेश्वर उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## घाघरा में मॉडल पशु चिकित्सालय का उद्घाटन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मॉडल पशु चिकित्सालय का शुभारंभ शनिवार को प्रखंड प्रमुख सविता देवी, घाघरा बीडीओ विष्णु देव कच्छप व घाघरा सीओ प्रणव ऋतुराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर मौजूद लोगों को प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय को अपग्रेड करके मॉडल पशु चिकित्सालय की जो आज शुरूआत हुई है इसमें ग्रामीणों को पशुधन के लिए काफी लाभ मिलेगा। वहीं मौजूद प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सीमा एक्का ने बताया कि पूरे झारखंड में पशु एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख के द्वारा शनिवार को मॉडल पशु चिकित्सालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया जा रहा है, इसी परिप्रेक्ष्य में घाघरा मुख्यालय स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन में मॉडल पशु चिकित्सालय का उद्घाटन हुआ। आज से हमारा अस्पताल अपग्रेड हो जाएगा यहां विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही ग्रामीणों को आग्रह करते हुए कहा कि वे अस्पताल आएं उन्हें पशु से संबंधित दवाइयां व अन्य प्रकार के सुविधा अस्पताल में मुहैया कराई जाएगी। इसके पूर्व मॉडल पशु चिकित्सालय भवन का घाघरा बीडीओ और सीओ ने घूमघूम निरीक्षण किया।मौके पर पूर्व उप प्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे, कांग्रेसी नेता दिलबहार अंसारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण उरांव, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सीमा एक्का, केशरीनंद कुमार, प्रावैधिक सहायक, एअ

## पति से प्रताड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर लगायी न्याय की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव महिला टीम प्रतिनिधि ने पुलिस अधीक्षक गुमला से मिलकर अनिता एक्का, पति फगुवा एक्का, गड़तोली सकरपुर गम्हरिया गुमला निवासी के लिये न्याय की मांग की। सैयदा खातून, ज्योति गलोरिया कुजूर और चंदकला टोप्पो ने बताया कि अनिता एक्का की शादी 13.6.2011 को चर्च में हुई थी, शादी के दो वर्ष बाद से ही वह मुझे मारपीट करते थे और मुझे छोड़ने की धमकियां देते थे। लेकिन जीविकोपार्जन एवं अकेले रहने के डर से मैं शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहने के बाद भी रही लेकिन 23 दिसम्बर 2022 को पति के द्वारा मारपीट कर मुझे घर से निकाल दिया गया और मेरे तीनों बच्चों को जबरदस्ती कब्जे में रख लिया गया। मिशन बदलाव महिला टीम ने बताया कि महिला उक्त महिला का पति एसएसबी में भी कार्यरत है और महिला को निरन्तर टॉर्चर भी करता है।महिला की समस्याओं को ध्यानपूर्वक समझते हुए पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की मांग की है


























































आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# धनबाद अग्निकांड: घटना से सदमे में शहर, लोगों का होता रहा जुटान


डॉ हाजरा दंपति के घर में लगी भीषण आग की उठती लपटें।


आग से स्वाहा हुआ आवास।


सड़क किनारे रखे गए मृतकों के शव।


सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह।


मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य लोग।

**सांसद, विधायक व अन्य लोग घटना स्थल पर पहुंचे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** सुबह होते ही हाजरा अस्पताल में आग लगने की सूचना पूरे राज्य में फैल गयी। सुबह से ही समाजसेवियों, राजनीतिकों और डॉ दंपति के जानने वालों का अस्पताल आना जाना लगा रहा। हर कोई इस हृदयविदारक घटना से मर्माहत दिखा। सांसद पशुपति नाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, राजद जिलाध्यक्ष, सहित कई नेताओं का आने जाने का सिलसिला जारी रहा।

### जांच में जुटे अधिकारी

जिला के वरीय अधिकारियों का अस्पताल पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। डीसी व एसडीएम खुद मौके पर पहुंच घटनास्थल की बारीकी से जांच कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके अलावे डीसी ने डॉ विकास के भाई समीर हाजरा और बहन रीता हाजरा से भी घटना की विस्तृत जानकारी ली। वहीं ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन भी घटनास्थल पहुंच घंटों जांच पड़ताल करती रहीं। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा सुबह से है कैम्प किये हुए हैं।

### मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने जताया दुख

घटना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट कर गहरा शोक जताते हुए संवेदनाएं व्यक्त की हैं। वहीं जिले के प्रभारी मंत्री होने के नाते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डीसी संदीप कुमार को घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने ट्वीट कर निर्देश दिया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें घटना की रिपोर्ट दें। साथ ही घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### डाक्टर दंपति के पुत्र और पुत्री रहते हैं धनबाद से बाहर

डाक्टर दंपत्ति की एक पुत्र व एक पुत्री है। दोनों एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। पुत्र आयुष पुंडुचेरी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है, जबकि पुत्री प्रेरणा की पढ़ाई नेपाल में हो रही है। दोनों को माता-पिता की मौत की सूचना दे दी गयी है।

### पूर्व सीएम रघुवर दास, बाबूलाल और सुदेश महतो ने जताया शोक

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीम सुदेश महतो ने भी हाजरा हॉस्पिटल में लगी आग और डॉ विकास हाजरा और डॉ प्रेमा हाजरा की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की है। बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो ने घटना पर दुख जताया है।

प्रथम दृश्य आग लगने का कारण शार्ट सर्किट लग रहा है। फिलहाल जो कानूनी प्रक्रिया है उसके तहत जांच करने को कहा गया है। अस्पताल में इलाजरत मरीजों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। जिस जगह घटना घटी है वे रेसिडेंशियल एरिया है और अस्पताल भी इसी में सटा हुआ है। इसी लिए अस्पताल को भी अच्छे से जांच करने को कहा गया, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना न घटे।
**-संदीप सिंह, डीसी, धनबाद**

जैसा कि जानकारी मिली है, किसी भी मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के जलने के निशान नहीं मिले है। संभवत: सभी लोगों की मौत दम घुटने के कारण हुई हो सकती है। सभी ओर घूम कर देखा गया है। फायर सेफ्टी के उपक्रम लगे हुए हैं पर अफसोस कि बात है वे इस्तेमाल नहीं हो पाए। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।
**-आलोक विश्वकर्मा, सिविल सर्जन, धनबाद**

बहुत ही बड़ी और दर्दनाक घटना है। जांच के लिए रांची से फॉरेंसिक की टीम आ रही है इसके अलावे बिजली विभाग के एसडीओ के साथ अभियंता और फायर सेफ्टी के लोग भी जांच कर रहे हैं। इन लोगों के रिपोर्ट देने के बाद ही स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा कि आग लगने का क्या कारण है।
**-रेशमा रमेशन, ग्रामीण एसपी**

जिले में आग लगने से एक साथ इतने लोगों मौत की इस प्रकार की पहली घटना ही है। मैं शोक प्रकट करता हूं। मृतकों के लिए मेरी संवेदनाएं हैं। इस अस्पताल से जिले के अनगिनत लोग लाभावित हुए हैं। जब यह अस्पताल चालू हुआ था उस समय इसमें धनबाद के अलावे आसपास के जिले से भी लोग इलाज कराने पहुंचते थे। **- पशुपतिनाथ सिंह, सासंद, धनबाद**

### दोनों भाइयों के बीच रहती थी अदावत

डॉ विकास हाजरा के करीबियों की माने तो डॉ विकास और उनके भाई समीर हाजरा दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था। दोनों के बीच संपत्ति का विवाद था। अस्पताल से सटे रेसिडेंशियल एरिया में ही एक फ्लोर पर डॉ विकास हाजरा अपने परिवार के साथ रहते थे, तो नीचे के फ्लोर में उनके भाई समीर हाजरा अपने परिवार के साथ रहते थे।

दूसरी ओर, मृतक के भाई समीर हाजरा ने कहा कि गार्ड ने चतुराई से हमलोगों को बाहर निकाल लिया, जबकि भाई, भाभी और सरस्वती पूजा के लिए जो गेस्ट आये हुए थे वे लोग ऊपर के तल्ले में फंसे रह गए। उनके पास पहुंच नहीं सके जिस कारण दम घुटने से कुल पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा एक कुत्ते की मौत हो गयी, जबकि एक की हालात नाजुक बनी हुई है।

## झरिया नगर कांग्रेस ने मृतक डॉक्टर दंपति व अन्य को दी श्रद्धांजलि

**झरिया (आजाद सिपाही)।** धनबाद में घटी दयविदारक घटना के बाद पूरे जिलें में शोक की लहर है। शनिवार की शाम झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में झरिया देशबंधु सिनेमा हॉल के समीप जिले के मशहूर डॉक्टर विकास हाजरा एवं प्रेमा हाजरा सहित 5 लोगों की अग्निकांड में असमय मृत्यु पर दु:ख व्यक्त करते हुए उनकी तस्वीर पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि डॉ प्रेमा हाजरा स्त्री व प्रसूति रोग की विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि क्रिटिकल केसेस की भी जानकार थी। लोग धनबाद ही नहीं, बल्कि जिले के बाहर से भी इलाज कराने यहां आते थे। इस तरह की घटना ने हमें झकझोर दिया है। पूरे कोयलांचल के लिय अपूर्णीय क्षति है। हम प्रशासन से इसकी बारीकी से जांच का अनुरोध करते है।

### नहाने के दौरान पैर फिसल कर कुएं में गिरी बड़ी बेटी को बचाने के लिए लगायी थी छलांग

# कुएं में डूबने से मां-बेटी की मौत

**दो बेटियों को साथ लेकर गांव के बाहर स्थित कुएं में नहाने गई थी महिला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


शव के पास विलाप करते शोकाकुल परिजन।

**तेतुलमारी/कतरास।** तेतुलमारी थाना अंतर्गत पीएसबी-2 नंबर इलाके में कुएं में डूबने से एक महिला और उसकी आठ साल की बेटी की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मरने वालों की पहचान मोला देवी (26) और ऋतिका (8) के रूप में हुई है। दोनों बन तुलसी धौड़ा की रहने वाली थी। घटना शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे घटित हुई। इसकी सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। खबर पाकर दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि समेत बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना की जानकारी ली और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दिया। वहीं सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों शवों का पंचनामा करने के बाद यूडी कांड अंकित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक पीएसबी 2 नंबर बन तुलसी धौड़ा निवासी रेलवे का दैनिक मजदूर सुबोद कुमार भुईया की पत्नी मालो देवी अपनी दो बेटियों ऋतिका और गुनगुन को साथ लेकर इस दिन गांव से बाहर स्थित एनआरइपी द्वारा प्रदत्त 12 ब्यास की चौड़ाई वाले कूप पर नहाने गयी थी। नहाने के क्रम में मोला की आठ साल की बेटी ऋतिका का पैर फिसल गया और वह कुए में गिर गई और डूबने लगी। यह देख उसे बचाने के लिए पीछे-पीछे मालो भी कुएं में कूद गई। कुएं में गहराई और तैरना नहीं आने के कारण मां-बेटी उसमें डूब गई।

### मां और बड़ी बहन को डूबता देख बिलखती रही छोटी बेटी, घर पहुंच परिजनों को दी जानकारी

उधर, पूरी घटना पांच साल की बेटी गुनगुन देखती रही। वह दोनों को बचाने के लिए रोती-बिलखती रही, लेकिन वहां कोई नहीं था, जो उसकी मदद कर सके। इसके बाद वह रोते हुए घर पहुंची और घटना के बारे में परिजनों को बताया। इसके बाद तुरंत परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घटना के करीब 20 मिनट के बाद मां-बेटी को कुएं से बाहर निकाला। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, मृतका के पति सूमोद भुइया ने बताया कि वह जनवितरण प्रणाली से रासन लाने गया था। मोबाइल फोन पर उसे घटना की जानकारी मिली। उधर, थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया में बेटी को बचाने के चक्कर में ही मां की भी मौत होने का अंदेशा है। बावजूद इसके मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ एमजीएम के चार बच्चों का चयन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की ओर से मध्य प्रदेश में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए बोकारो एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के चार बच्चों का चयन हुआ है, जो झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके नाम आकाश राज, जसमीत कुमार, जेबा नाज और तनुश्री मंडल है। इनमें आकास बिहार का, जबकि जसमीत, जेबा और तनुश्री झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल एवं गतका प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इन बच्चों के सम्मान में स्कूल की ओर से प्रेस वार्ता कर उनके चयन से लेकर खेलने तक की जानकारी दी गई। प्राचार्य रेजीसी वर्गिस एवं खेल शिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इन बच्चों का चयन दिल्ली में आयोजित गतका राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा कराई गई थी उस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। प्रशिक्षक ने बताया कि लगातार दूसरी बार एमजीएम स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपनी जगह गतका खेल में बनाई है। प्राचार्य ने बच्चों की इस सफलता पर बधाई दी और बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद भी जताई। वहीं, बच्चों की सफलता पर झारखंड गतका संघ के अध्यक्ष एचएस बामरा और सचिव विद्या ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आचार्य टोनी थॉमस, हेडमिस्ट्रेस एनसी वर्गीश, प्रभा यादव, ओमप्रकाश तिवारी, राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी, सौरभ कुमार आदि मौजूद थे।

## बीएसएल के कस्टमर मीट में जुटे देशभर के कई ग्राहक : बीएसएल की उत्पादों की ली जानकारी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल की ओर से शनिवार को आयोजित कस्टमर मीट में देश भर के 60 से अधिक बीएसएल के ग्राहक शामिल हुए और प्लांट की उत्पादन प्रणाली, टेक्नोलोजी, सुविधाएं और उत्पाद श्रृंखला की जानकारी ली। पूर्वाहन कस्टमर्स ने प्लांट का भ्रमण किया और प्रमुख उत्पादन इकाइयों यथा एसएमएस-न्यू, एसएमएस-2, हॉट स्ट्रिप मिल और सीआरएम-3 का अवलोकन किया। अपराह्न बोकारो निवास में आयोजित एक प्रस्तुतीकरण द्वारा कस्टमर्स को बीएसएल से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश, सेल के निदेशक (वाणिज्यिक) वीएस चक्रवर्थी, बीएसएल एवं सेल-सीएमओ के अधिशासी निदेशक सहित बीएसएल एवं सीएमओ के मुख्य महाप्रबंधक आदि उपस्थित थे। कस्टमर मीट को ऑन लाइन मोड पर सेल अध्यक्ष सोमा मंडल ने संबोधित करते हुए ग्राहकों को सेल के साथ लंबे समय से बने रहने और सेल ब्रांड के प्रति उनकी आस्था के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कस्टमर मीट में शामिल ग्राहकों को उत्पादों की गुणवत्ता, डिलीवरी शेड्यूल और सम्बंधित पहलुओं के विषय में खुलकर अपना फीड बैक देने का आह्वान किया, ताकि इन्हें और बेहतर किया जा सके। बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने कस्टमर मीट में आये सभी ग्राहकों से बीएसएल के उत्पादों के विषय में उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के विषय में प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया, ताकि आवश्यकतानुसार वांछित सुधार लाई जा सके। उन्होंने बीएसएल के प्रस्तावित क्षमता विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2027 तक प्लांट की उत्पादन क्षमता मौजूदा 4.6 मिलियन टन से बढकर लगभग 7.2 मिलियन टन होने का अनुमान है और साथ ही बीएसएल अपने ग्राहकों को और भी अधिक पतली गेज स्ट्रिप्स का उत्पादन व आपूर्ति करने में सक्षम होगा।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण परिवार मंच ने मनाया भगवान भास्कर का जन्मोत्सव

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरीक्षण भवन में अचला सप्तमी के अवसर पर शाकद्वीपीय ब्राह्मण परिवार मंच धनबाद की ओर से सूर्य पूजन सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि समाज को जिस तरह से जोड़ने का काम मंच कर रहा है उसकी जितनी प्रसंशा की जाय कम है। उन्होंने कहा कि रांची में 1 व 2 अप्रैल को राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किएगा।

# मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे बढ़ें : शिक्षा मंत्री

**शिक्षामंत्री ने नावाडीह प्रखंड में 49 विकास योजनाओं का किया शिलान्यास, दिए मदद का आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नावाडीह।** झारखंड के शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो ने शनिवार को नावाडीह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में 49 विकास योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। नावाडीह प्रखंड के देवी महतो स्मारक इंटर कॉलेज नावाडीह के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षामंत्री शामिल होकर प्रखंड के विकास को गति दी। विद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे से पढ़ाई करें और आगे बढ़े। हर संभव मदद करने के लिए तत्पर हूं। मंत्री ने कहा कि देवी कॉलेज नावाडीह, भूषण प्लस-2 उच्च विद्यालय, प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल भेंडरा, बिरनी, सुरही आदि सभी स्कूल के शिक्षक 1-1 कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर गोद लेकर स्कूल में ही एक्स्ट्रा क्लास करेगें। उन्होंने डूमरी विधानसभा में जल्द ही नेतरहाट स्कूल बनाने की बात कही। शिक्षा मंत्री ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री ने जिस सोच और दूरदर्शिता के साथ विकास के क्षेत्र में गति लाने के लिए ऑनलाइन शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया है, उसका लाभ शहरों में रहने वाले गरीबों-मजदूरों और बेघरों को मिलेगा। मौके पर मंत्री पुत्र अखिलेश उर्फ राजू महतो, नावाडीह प्रखंड प्रमुख पूनम देवी, उप प्रमुख हरिलाल महतो, जिला परिषद सदस्य महेंद्र प्रसाद, फूलमती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष बृजलाल हांसदा, उपाध्यक्ष, गणेश महतो, नावाडीह मुखीया किरन देवी, सुखमती देवी, नावाडीह पंसस निर्मल महतो, शिक्षा मंत्री के निजी सचिव लोकस्वर महतो, वि प्रतिनिधि जयलाल महतों, भलमारा पंचायत के पूर्व मुखिया सह झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष गणेश प्रसाद महतो, सचिव सोनाराम हेंब्रम, जयनाथ महतो, राजू महतो, रामचंद्र महतो, रणविजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## बैदकारो पश्चिमी में ग्रामसभा आयोजित कर विकास योजनाओं का हुआ चयन



**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बैदकारो पश्चिमी पंचायत के मनरेगा भवन में शनिवार को ग्रामसभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित मुखिया मालती सिंह ने की। ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत के कई विकास योजनाओं का अनुमोदन किया गया। जीपीडीपी ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम के तहत चयनित सभी योजनाओं को अनुमोदित किया गया। मुखिया मालती सिंह ने उपस्थित सभी ग्रामीणों, वार्ड सदस्यों को सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायत एवं गांव के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए योजनाओं को विकसित करने का निर्णय लिया है। पंचायत की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए पंचायतों को एक वर्ष के विकास की कार्य योजना को तय किया है। आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ग्राम पंचायतों में जीपीडीपी के माध्यम से योजना का चयन किया जाना है। सरकार द्वारा पंचायतों को मिलने वाली राशि अब पंचायत परफॉर्मेंस ग्रांट यानी जीपीडीपी के आधार पर दी जाएगी। ग्राम सभा में पंचायत सचिव दिलीप रजवार, 20 सूत्री सदस्य संतोष महतो, वार्ड सदस्य सीता देवी, सविता देवी, सेविका ललिता देवी, रीता देवी, मुखिया पति संजय कुमार सिंह, झामुमो नेता नवाज खान, संसाधन दल की योगिता देवी और रूपा देवी आदि उपस्थित थे।

### भाटडीह ओपी में सड़क सुरक्षा व बाल अपराध के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# सड़क पार करते समय रखें विशेष सावधानी: बिरेंद्र कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**


बच्चों को सड़क सुरक्षा और बाल अपराध के प्रति जागरूक करते ओपी प्रभारी।

**महुदा।** महुदा क्षेत्र के भाटडीह ओपी में शनिवार को स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात एवं सड़क सुरक्षा के अलावा बाल अपराध के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाटडीह ओपी पहुंच कर विस्तृत जानकारी ली। ओपी प्रभारी बिरेंद्र कुमार ने छात्रों को घर से विद्यालय जाने के दौरान सावधानी बरतने की अपील की। कहा कि जब भी सड़क पार करें, जेब्रा क्रॉसिंग और दोनों तरफ वाहन देखने के बाद ही सड़क पार करें। बाल अपराध के सवाल पर ओपी प्रभारी ने बताया कि बच्चों द्वारा कोई भी गैर कानूनी काम करना बाल अपराध है। जैसे 18 वर्ष से कम उम्र में किसी भी तरह का अपराध बाल अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे बच्चों को बाल सुधार गृह भेजा जाता है। वहीं मौजूद बच्चों द्वारा बाल श्रम, स्वच्छता, आइएएस अफसर कैसे बने, सेना की तैयारी और अन्य सवाल ओपी प्रभारी से पूछा। जिसे प्रभारी ने विस्तार से जानकारी दी। ओपी प्रभारी ने गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री देने की भी घोषणा की। कहा कि अगर किसी छात्र को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में समस्या हो रही हो तो हमें सुचित करें, पुलिस पूरा सहयोग करेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सभी थानों में होनी चाहिए, ताकि बच्चों के भीतर कानून के प्रति सम्मान जगाया जा सके इससे एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा।

## पूर्वी पंचायत में विकास योजनाओं का हुआ अनुमोदन

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड के वैदकारो पूर्वी पंचायत सचिवालय में शनिवार को ग्रामसभा की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता वैदकारो पूर्वी की मुखिया सीमा महतो ने की। ग्राम सभा के माध्यम से पंचायत के विभिन्न गांव मोहल्लों के विकास के लिए चयनित योजनाओं की समीक्षा के बाद अनुमोदन किया गया। मुखिया सीमा महतो ने योजनाओं के क्रियान्वयन से होने वाले लाभ को गिनाया। कहा कि इसके तहत 15वीं वित्त से लेकर सात निश्चय योजनाएं शामिल होंगी। ग्राम सभा में बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने चयनित योजनाओं का समीक्षा कर पंचायत प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद मुखिया, बेरमो प्रमुख और उप मुखिया गुड़िया रानी ने फुटबॉल खिलाड़ियों को जर्सी देकर खेल के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य मंजू देवी, सोनी देवी, यशोदा देवी, नैयर हुसैन, 20 सूत्री सदस्य संतोष महतो, मनोज कुमार सिंह, मुखिया पति टीपू महतो उप मुखिया पति पवन सिंह, चंदन कोल, तुलसी महतो आदि मौजूद थे।

# एमसीएल के समारोह में कला और संस्कृति की प्रस्तुति दी

आजाद सिपाही संवाददाता





**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आनंद विहार मैदान में एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने आनंद विहार मैदान में देशभक्ति, उत्साह और उल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

सीएमडी ओपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और विभिन्न स्कूलों के छात्रों की एनसीसी लड़के और लड़कियों, स्काउट और गाइड, एमसीएल सुरक्षा और स्मार्ट मार्चिंग टुकड़ियों की सलामी ली। इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए एमसीएल के सीएमडी ओपी सिंह ने सशस्त्र बलों की वीरता और राष्ट्र की सेवा के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।राष्ट्र को ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोयला खनिकों को उनकी देश सेवाओं के लिए बधाई देते हुए सीएमडी श्री ओ पी सिंह ने कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद भी एमसीएल हर दिन कोयला उत्पादन और उत्पादकता के नये रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है, जो गर्व की बात है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि देश के विकास के लिए पर्याप्त ईंधन सुनिश्चित करने में हमारा योगदान उत्कृष्ट और सराहनीय रहा है।

श्री सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि टीम एमसीएल सफलता की नयी इबादत लिखेगी। इस अवसर पर केशव राव, निदेशक (कार्मिक), पीके पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, जेके बोरा, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) और जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पदमजा सिंह, तीन उपाध्यक्षा अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस पैरेड के साथ एमसीएल के विभिन्न क्षेत्रों ने कोयला खनन और देश में इसके योगदान के अलावा ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और शिल्प को दर्शाने वाली झांकी प्रस्तुत की। इस झांकी में कोणार्क नृत्य महोत्सव, हीराकुंड बांध और समलेश्वरी मंदिर, भूमिगत खानों में मैन-राइडिंग सिस्टम, धनु रात्रा, मां हिंगुला यात्रा, जगन्नाथ मंदिर और हॉकी विश्व कप आदि झांकी शामिल थे। संबलपुर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जो समारोह में और रंग भर दिया।साथ ही अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।

एमसीएल के निदेशक (कार्मिक) केशव राव ने जागृति विहार स्थित एमसीएल कार्पोरेट कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इसी तरह के कार्यक्रम ओडिशा के अंगुल, झारसुगुडा और सुंदरगढ़ जिलों में परिचालित क्षेत्रों में भी आयोजित किये गये जहां पर क्षेत्रीय महाप्रबंधकों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

# मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया न्यायिक अभिलेखागार भवन केंद्र का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर कटक।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर और न्यायिक अभिलेखागार भवन केंद्र की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति विनीत सरण, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, डॉ न्यायमूर्ति एस मुरलीधर और उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश शामिल थे। इन दो परियोजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण न्यायिक अभिलेखागार निर्माण परियोजना केंद्र है। इस न्यायिक अभिलेख भवन के लिए 34 करोड़ रुपये के व्यय को मंजूरी दी गयी है। इस में पिछले 200 साल पुराने के विभिन्न न्यायिक दस्तावेज यहां संगृहित रखा होगा, जिस पर रिसर्च किया जायेगा। यहां आजादी से पहले के विभिन्न दस्तावेज रखे जायेंगे। विशेष रूप से ओडिशा के कई प्रमुख लोगों के दस्तावेज, जैसे नेताजी सुभाष बोष के पिता तथा स्वतंत्रता सेनानी जानकीनाथ बोष उत्कल गौरव मधुसूदन दास और उत्कलमणि गोपबंधु दास प्रमुख इस संग्रह में रखे जायेंगे।

इस मौके पर शनिवार को रखे गये दोनों प्रोजेक्ट के डिजाइन भी प्रदर्शित किये गये। हालांकि, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ न्यायमूर्ति एस मुरलीधर ने कहा कि न्यायिक संग्रह भवन या संग्रह में ओडिशा की न्यायिक और अन्य मूल्यवान यादें होंगी।

# ओड़िशा में पहली बार सम हॉस्पिटल ने की रोबोटिक-असिस्टेड घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रोबोटिक- असिस्टेड घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी, जो अधिक सटीक और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करती है और अधिक सफलता के भविष्य के रूप में देखी जाती है। शनिवार को ओडिशा में चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में पहली बार आयोजित की गयी। घुटने के प्रतिस्थापन में भारत के अग्रणी विशेषज्ञों में से एक डॉ शेखर श्रीवास्तव की देखरेख में अस्पताल में सर्जरी की गयी।

संत परमानंद अस्पताल नयी दिल्ली में वरिष्ठ सलाहकार और हड्डी रोग विभाग के प्रमुख डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी सर्जरी का प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होता है कि मरीज को आराम देते हुए प्रक्रिया सटीक हो। डॉ श्रीवास्तव ने अस्पताल में पत्रकारों से कहा कि घुटने के आसपास के सॉफ्ट टिश्यू की सटीकता और संतुलन घुटना बदलने की सर्जरी में महत्वपूर्ण है और रोबोटिक सर्जरी इसे संभव करता है।

पारंपरिक सर्जरी में भी नतीजे अच्छे आते हैं, लेकिन इससे सभी मरीज खुश नहीं होते। लेकिन तकनीक ने विशेषज्ञों को रोबोटिक- असिस्टेड सर्जरी के लिए जाने में सक्षम बनाया है, क्योंकि यह स्थिरता, सटीकता और संतुलन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि नरम ऊतक क्षति कम है और रोगी प्रक्रिया के बाद बहुत तेजी से सामान्य जीवन में लौट सकता है।

डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि रोबोटिक- असिस्टेड सर्जरी प्रक्रिया को ठीक से योजना बनाने में मदद करती है, यह सुनिश्चित करती है की प्रत्यारोपण संरेखण बहुत बेहतर है, मामला पहले रोगी को कम दर्द होता है और तेजी से उपचार होता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पारंपरिक सर्जरी और रोबोटिक घुटना बदलने के खर्च में 10 से 15 फीसदी से ज्यादा होता है।

## वेदांता एल्युमीनियम एस एंड पी डाउ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स 2022 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नया दिल्ली भारत में एल्युमीनियम का सबसे बड़ा उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम वित्त वर्ष 21-22 की आकलन अवधि के लिए एल्युमीनियम उद्योग के लिए एस एंड पी डाउ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआइ) की विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। एसएंडपी डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास वैश्विक बेंचमार्क का एक परिवार है जो आर्थिक, पर्यावरण और सामाजिक मानदंडों के मामले में दुनिया की अग्रणी कंपनियों के प्रदर्शन को बढ़ावा देता है। वित्त वर्ष 20-21 के आकलन में कंपनी वैश्विक स्तर पर पिछली चौथी रैंक से दो स्थान ऊपर चली गयी। यह वेदांता एल्युमिनियम को दुनिया का दूसरा सबसे टिकाऊ एल्युमीनियम उत्पादक बन गया है। विभिन्न उद्योगों में 10,000 से अधिक कंपनियां अपनी स्थिरता प्रथाओं के वार्षिक मूल्यांकन से गुजरती हैं, जिनमें से केवल सबसे टिकाऊ को सूची में शामिल करने के लिए चुना जाता है। वेदांता एल्युमिनियम ने साइबर सुरक्षा, पर्यावरण रिपोर्टिंग, पर्यावरण नीति और प्रबंधन प्रणाली, सामाजिक रिपोर्टिंग, श्रम अभ्यास संकेतक, मानव पूंजी विकास, प्रतिभा आकर्षण और प्रतिधारण, ग्राहक संबंध प्रबंधन सहित पर्यावरण, सामाजिक समुदायों पर सामाजिक प्रभाब और शासन (एरऋ्) मानदंड के अधिकांश पहलुओं पर उच्च स्कोर किया है। इस उपलब्धि के बारे में राहुल शर्मा सीइओ - एल्युमीनियम बिजनेस वेदांता लिमिटेड ने कहा कि 2022 के लिए वेदांत एल्युमिनियम की एसएंडपी डीजेएसआई रैंकिंग, सोर्सिंग से लेकर उत्पाद वितरण तक, जलवायु के साथ, हमारी मूल्य श्रृंखला में स्थिरता के सिद्धांतों को संरचनात्मक रूप से एकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

























































आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने उत्साह के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** 74वां गणतंत्र दिवस एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय,रांची में बड़े गर्व और देश भक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया।समारोह के मुख्य अतिथि,श्री पार्थ मजूमदार,क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने समारोह को चिह्नित करने के लिए तिरंगा झंडा फहराया। इस अवसर पर श्री मजूमदार ने कहा कि एनटीपीसी देश की ऊर्जा सुरक्षा में सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है और इसका कोयला खनन व्यवसाय मुख्य व्यवसाय का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान 10.7 मिलियन टन की तुलना में 16.7मिलियनटन के कोयला उत्पादन के साथ इस वित्त वर्ष के लिए 56% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज करने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने 25 जनवरी को 1 लाख मीट्रिक टन का एक दिन का सबसे अधिक कोयला उत्पादन हासिल करने के लिए भी सभी को बधाई दी। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक हमारी राजभाषा के महत्व का उल्लेख करते हुए जो एक दूसरे के लिए आपसी समझ और सम्मान को बढ़ावा देती है और सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत की संपत्ति को सुरक्षित करने के लिए, राजभाषा पर संसदीय समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान संसद सदस्य और समन्वयक (प्रो) रीता बहुगुणा जोशी से प्राप्त सराहना को साझा किया। समिति ने साझा किया की सरकारी प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रयोग में एनटीपीसी कोयला खनन क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान राहा। विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुकरणीय कार्य का प्रदर्शन करने वाले सीएमएचक्यू कर्मचारियों के कर्मचारियों,बच्चों और परिवार के सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया है।

# नालको के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने दामनजोड़ी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर/कोरापुट।** भारत सरकार, खान-मंत्रालय के अधीन नवरत्न केंद्रीय लोक उद्यम, नालको ने राष्ट्र के साथ मिलकर अपने निगम कार्यालय समेत पूरे देश में फैले हुए सभी उत्पादन इकाइयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में 74वें गणतंत्र दिवस को देश भक्ति और उत्साह के साथ मनाया। श्रीधर पात्र, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने ओड़िशा के कोरापुट जिले के दामनजोड़ी में कंपनी के खान व परिशोधन संकुल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्री पात्र ने राष्ट्र निर्माण में नालको के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और नालको को व्यावसायिक उत्कृष्टता के अगले स्तर तक ले जाने के लिए नवीन समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ काम करने का आह्वान किया, जो कि, उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा योगदान होगा और 21 वीं सदी के भारत का अभिन्न अंग भी होगा। भुवनेश्वर स्थित निगम कार्यालय में, कंपनी के पूर्व अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सीआर प्रधान द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

# अंगुल नालको बीजू पटनायक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में मनाया गया गणतंत्र दिवस




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंगुल नालको नगर स्थित स्मेल्टर एवं सिपिपी पावर प्लांट (एस एंड पी) बीजू पटनायक स्पोर्ट्स कंपलेक्स में धूमधाम से 74 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भीमसेन प्रधान कार्यनिर्बाही निर्देशक ने ध्वजारोहण किया और गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली। नालको सीआइएसएफ, टाउनशिप सुरक्षा बल, दिल्ली पब्लिक स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर के छात्राओं द्वारा सम्मिलित पैरेड में शामिल हुए। समारोह के दौरान स्मेल्टर एवं सिपीपी पावर प्लांट के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी महा प्रबंधक, प्रानंधक,समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ श्रमिक संगठन के नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर सीएमडी नालको की वार्ता को डीजीएम (एचआरडी) राजाराम मिश्र ने सभी को अवगत कराया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक ललाटेंदू महापात्र ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए धन्यवाद अर्पण किये।

# पूर्व तट रेलवे ने 74वां गणतंत्र दिवस मनाया



**भुवनेश्वर।** (आजाद सिपाही) पूर्व तट रेलवे ने रेलवे स्टेडियम भुवनेश्वर में 74वां गणतंत्र दिवस मनाया, जहां श्री मनोज शर्मा महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आयोजित परेड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी ली। पूर्व तट रेलवे के विभागों के सभी प्रधान प्रमुख वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी और इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन दिव्या शर्मा की अध्यक्ष उपस्थित थीं। अशोक कुमार मिश्र उप.महाप्रबंधक कार्यक्रम का समन्वयन किया।

# एनटीपीसी इआर मुख्यालय में 74वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 74वां गणतंत्र दिवस पर श्री एके गोस्वामी क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (ईआर-क्क) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और औपचारिक सलामी ली। इस अवसर पर संबोधन करते हुए उन्होंने हमारे राष्ट्रीय नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के वीरतापूर्ण योगदान को याद किया जिन्होंने बलिदान और वर्षों के संघर्ष की भारी कीमत चुकाकर हमें आजादी दिलाई। यह एक ऐतिहासिक दिन है जब 1950 में हमारा संविधान अस्तित्व में आया और हमारे राष्ट्र को एक 'गणतंत्र' घोषित किया गया। उन्होंने कर्मचारियों से एनटीपीसी कर्मी के रूप में हमारे राष्ट्र के गौरव को अपने जीवन में ले जाने का आग्रह किया। एनटीपीसी ने राष्ट्र को प्रगति के पथ पर महत्वपूर्ण रूप से संचालित किया है और अब दुनिया में सबसे अच्छी बिजली उपयोगिता बनने का लक्ष्य रखते हुए इस उपलब्धि को मात देने की कोशिश कर रहा है और इसके प्रत्येक सदस्य के सक्रिय योगदान के बिना यह कभी भी संभव नहीं होता। एके गोस्वामी ने दोहराया कि वर्ष 2022 कंपनी के लिए एक और परिवर्तनकारी वर्ष था। वर्ष के दौरान, हमने अपने उत्पादन हिस्से में सुधार किया है, पारंपरिक व्यवसाय के साथ-साथ नवीकरणीय पक्ष में महत्वपूर्ण प्रगति की है, और महत्वपूर्ण पहल की है, जो भविष्य में निरंतर सफलता सुनिश्चित करेगी।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त बरकट्ठा प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
किताबुन खातुन
पति- मुमताज अंसारी
पूर्व पंसस सदस्य
पंचायत बेडोकला, बरकट्ठा

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त बरकट्ठा प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां सभी बीमारी का ईलाज एवं जांच का सुविधा अनुभवी डाक्टरों द्वारा किया जाता है।
प्रो. इम्तियाज भारती
जे. एस. क्लीनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर
बरकट्ठा, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त बरकट्ठा प्रखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अंजेल किड्स प्ले स्कूल बेलकप्पी मोड़, बरकट्ठा
रामलखन नायक
निदेशक
विश्वनाथ दास
प्रिंसिपल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदामा केशरी
प्रखंड अध्यक्ष
विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल
मरनो प्रखंड, गुमला

बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली द्वारा गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नेहा महतो
अध्यक्ष

सिंगपुर नर्सिंग होम की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
24 घंटा आपकी सेवा में
डॉ. रमनेस प्रसाद
सिंगपुर नर्सिंग होम

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सिल्ली की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिवार

मातृछाया नर्सिंग होम सिंगपुर मुरी एवं राहत नर्सिंग होम सिल्ली की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
मातृछाया नर्सिंग होम
रेणुका देवी एवं राहत नर्सिंग होम सिल्ली
मेजर मदन कुमार महतो

सिल्ली प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रखंड पदाधिकारी
एवं अंचल पदाधिकारी
पवन आशीष लाकड़ा
एवं धर्मेंद्र दुबे

संत माइकल स्कूल मुरी की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार
निदेशक
एवं प्रधानाध्यापक
एलएस प्रजापति

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सच्ची कुमारी
सचिव छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ बेड़ो

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now!
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

गूंज परिवार सिल्ली की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील सिंह
अध्यक्ष
गुंज परिवार, सिल्ली

सिल्ली मुरी थाना की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिल्ली थाना प्रभारी
एवं मुरी ओपी प्रभारी
आकाशदीप एवं
बबलू कुमार

भारतीय जनता पार्टी सिल्ली शाखा द्वारा गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिल्ली ग्रामीण अध्यक्ष
विनोद कुमार साहू,
रांची सांसद संजय सेठ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जोशी टीडी
उप प्राचार्य
डॉन बॉस्को एकेडमी
मैकलुस्कीगंज

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAISTE TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# सुखोई और मिराज क्रैश एक पायलट की हुई मौत

## ग्वालियर से उड़े, मुरैना में आपस में टकराये

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरैना/भरतपुर।** एयरफोर्स के दो फाइटर प्लेन सुखोई-30 और मिराज-2000 शनिवार सुबह 10.00 से 10.30 बजे के बीच ग्वालियर के पास आपस में टकराकर क्रैश हो गये। इस हादसे में एक पॉयलेट की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखोई पर दो और मिराज पर एक पायलट सवार थे। हादसे में सुखोई के दोनों पायलट सुरक्षित एजेक्ट होने में कामयाब रहे, लेकिन मिराज के पायलट की मौत हो गयी। सुरक्षित बचे पायलट को चोटें आयी हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों पायलट के नाम और बाकी डिटेल के बारे में एयरफोर्स ने अब तक कुछ नहीं बताया है।



एयरफोर्स का कहना है कि दोनों सुखोई और मिराज ने रुटीन ट्रेनिंग के लिए उड़ान भरी थी। जानकारी के मुताबिक दोनों ट्रेनिंग के दौरान बेहद पास उड़ान भर रहे थे, तभी दोनों आपस में टकरा गये। टकराने से मिराज में आग लग गयी और वह मध्यप्रदेश के मुरैना के पहाड़गढ़ में जा गिरा। इसके पायलट की मौत हो गयी। घटनास्थल पर उसके एक हाथ की वीडियो फुटेज भी सामने आयी। टकराने के बाद सुखोई में आग नहीं लगी, लेकिन उसके विंग्स टूट गए। उसके दोनों पायलटों को जब लगा कि एयरक्राफ्ट क्रैश होने वाला है, उन्होंने खुद को इजेक्ट कर लिया। दोनों पैराशूट के सहारे जमीन पर आ गिरे। इसके बाद सुखोई बिना पायलट के पहले वाले घटनास्थल से करीब 90 किमी दूर राजस्थान के भरतपुर जिले के पिंगोरा में जा गिरा। वहां मौजूद लोगों ने भी विंग्स टूटने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जब विमान गिरा तब उसके विंग्स नहीं थे।

## नेपाल की शालिग्राम शिला से बनेगी राम-सीता की मूर्ति

# नदी से निकाल कर अयोध्या लायी जा रहीं 40 टन वजनी दो शिलाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** नेपाल से दो विशाल शालिग्राम शिलाएं अयोध्या लायी जा रही हैं। इनसे श्रीराम और माता सीता की मूर्ति बनायी जाएंगी। दावा है कि ये शिलाएं करीब 6 करोड़ साल पुरानी हैं। हालांकि, इनसे बनी मूर्तियां गर्भगृह में रखी जाएंगी या परिसर में कहीं और स्थापित होगी? ये अभी तय नहीं है। इस पर राम मंदिर ट्रस्ट ही अंतिम फैसला लेगा।



नेपाल में पोखरा स्थित शालिग्रामी नदी (काली गंडकी) से यह दोनों शिलाएं जियोलॉजिकल और ऑर्किलॉजिकल विशेषज्ञों की देखरेख में निकाली गयी हैं। 26 जनवरी को ट्रक में लोड किया गया। पूजा-अर्चना के बाद दोनों शिलाओं को ट्रक से सड़क मार्ग से अयोध्या भेजा जा रहा है। रास्ते में इन शिलाओं के दर्शन और स्वागत के लिए भी लोग जुटे हैं। एक शिला का वजन 26 टन जबकि दूसरे का 14 टन है। यानी दोनों शिलाओं का वजन 40 टन है।

राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल ने कहा कि नदी के किनारे से इन विशाल शिलाखंड को निकालने से पहले धार्मिक अनुष्ठान किये गये। नदी से क्षमा याचना की गयी। विशेष पूजा की गयी। शिला का 26 जनवरी को गलेश्वर महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक भी किया गया है। ये शिलाएं अयोध्या में 2 फरवरी को पहुंच सकती हैं। शिलाओं के अयोध्या पहुंचने के बाद ट्रस्ट अपना काम करेगा।
















# सीएम ने हुसैन रबी गांधी के निधन पर शोक व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दिग्गज नेता और लेखक हुसैन रबी गांधी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वर्गीय गांधी एक अनुभवी नेता थे जो लंबे समय तक बीजू बाबू और बाद में बीजू जनता दल से जुड़े रहे। उन्होंने बीजू जनता दल को मजबूत करने में बहुत योगदान दिया है और बीजू बाबू और बीजेडी के पहचान को बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह एक प्रसिद्ध लेखक थे और उन्होंने उड़िआ साहित्य के लिए काफी योगदान दिया। सीएम ने कहा कि उनका निधन राज्य के लिए बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।






## राष्ट्रपति भवन का मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान कहलायेगा 31 जनवरी से खुलेगा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में मौजूद मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा। बताया जा रहा है कि मुगल गार्डन का नाम अमृत महोत्सव के तहत बदला गया है। यह हर साल आम लोगों के लिए खुलता है। इस साल भी 31 जनवरी से खुलेगा। यहां लोग ट्यूलिप और गुलाब की विभिन्न प्रजातियों के फूलों को देखने आते हैं। राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान पर्यटकों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र है। यहां पर ब्रिटिश और मुगल दोनों के उद्यानों की झलक मिलती है। इसे बनाने के लिए एडविन लुटियंस ने पहले देश-दुनिया के उद्यानों का अध्ययन किया था।

**बदल चुके हैं कई नाम :** दरअसल, सरकारें समय-समय पर कई जगहों के नाम बदलती रहती हैं। इस क्रम में कई भवनों, संस्थाओं और सड़कों के नाम बदले जा चुके हैं। औरंगजेब रोड का नाम बदलकर अब्दुल कलाम रोड, योजना आयोग का नाम बदलकर नीति आयोग, रेसकोर्स रोड का नाम बदलकर लोक कल्याण मार्ग और फिरोज शाह कोटला स्टेडियम का नाम बदलकर अरुण जेटली स्टेडियम रखा जा चुका है।

**अमृत उद्यान में ये सब है खास :** बता दें कि रायसीना हिल्स स्थित राष्ट्रपति भवन के अंदर 15 एकड़ में अमृत उद्यान है। इसमें 10 से अधिक गार्डन हैं। जिसमें गुलाब, विभिन्न फूल, सेंट्रल लॉन एंड लॉग, सर्कुलर, स्पिरिचवल, हर्बल (33 औषधीय पौधे), बोन्साई (ढाई सौ प्लांट), कैक्ट्स (80 वेरायटी) एवं नक्षत्र गार्डन (27 वेरायटी) शामिल हैं।

# जिसकी अब तक किसी ने सुधि नहीं ली, उनकी सेवा में सक्रिय हैं : विधायक संजीव सरदार

## अनाथ बच्चों का परवरिश हो या ट्राईजेंडर का ख्याल, रहता है विधायक की में सोच।





**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य में विधायक संजीव सरदार का 3 साल के कार्यकाल सराहनीय रहा है। विकास कार्य से क्षेत्र में ग्रामीणों की खुशी देखते ही बन रही है। पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार की सोच सभी समाज के लोगों का ख्याल रखते हुए साथ लेकर आगे बढ़ना है। वह प्रतिदिन ग्रामीणों से मिलते हैं। उनके दरबार में समस्या लेकर प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण आते, वह सभी का सुनते और उसका समाधान भी तुरंत करते हैं। विधायक वैसे लोगों का भी सुध लेते हैं जिनकी आज तक किसी ने न ही कभी सुध ली और न ही किसी ने उसके दर्द को कभी समझने का प्रयास किया। विधायक संजीव सरदार क्षेत्र के दर्जनों अनाथ बच्चों के भरन पोषण के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य लाभ और शिक्षा में आगे बढ़ाने का काम करते हैं। उन बच्चों को साल में मकर संक्रांति हो या दुर्गा पूजा समय पर पैंट-शर्ट, कपड़ा के साथ-साथ जूता भी आसानी से उपलब्ध कराते हैं।

विधायक संजीव सरदार के प्रयास से पोटका विधानसभा के लगभग 40 अनाथ बच्चे को लाभ मिलता है।




वहीं क्षेत्र के ट्रांसजेंडर (किन्नर) को भी पर्व त्योहार में वस्त्र, जूता के साथ दैनिक जीवन मे जरूरी समान हर संभव उपलब्ध कराने का काम करते हैं। उसके तहत पोटका क्षेत्र के लगभग 15 किन्नर को लाभ मिल रहा है।



**विधायक संजीव सरदार बदल रहे पोटका की तस्वीर के साथ ग्रामीणों की तकदीर, तैयारी जोरों पर :** पोटका विधायक संजीव सरदार की पहल पर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर के साथ अब ग्रामीणों की तकदीर भी बदलने लगी है। विधायक के तीन साल के कार्यकाल में विकास कार्य जोरों पर चल रहा है। विधायक ने ग्रामीणों को मूलभत सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम तेज कर दिया है। विधायक का हर संभव प्रयास रहता है सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले एक-एक जरूरतमंदों को सरकारी सुविधा का लाभ मिले। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कर यातायात की सुविधा उपलब्ध कराना। आजादी के बाद से अबत तक ग्रामीणों के विकास में बाधा बने रह पुल के निर्माण के लिए स्वीकृति दिलाने का काम करना। विधायक की पहल पर आनेवाले दिनों में पोटका विधान सभा विकास कार्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**